## तेज रफ्तार से आ रही कंटेनर ट्रक के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल, प्राथमिकि दर्ज



**विशुनपुरा(गढ़वा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सारांग पंचायत के मझिगावां बजरंग बली मंदिर के समीप रमना की ओर से आ रहे रोहिला ग्राम निवासी मोटरसाइकिल सवार अवधविहारी साह का19वर्षीय पुत्र रवि कुमार तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल रवि कुमार को तुरंत रमना सरकारी अस्पताल ले गए। जहा चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है।।वहीं मौके से कंटेनर ट्रक ड्राईवर फरार हो गया है। दुघर्टना की सूचना पर पहुंची बिशुनपुरा पुलिस ने घटना स्थल से दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के बारे में बिशुनपुरा थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि उक्त दुर्घटना में कांड संख्या 61/23 के तहत् प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्यवाई की जा रही है।

## चालक संघ नें बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिट एंड रन कानून के संशोधन के विरोध में पूरे देश में चालक संघ ने देश व्यापी हड़ताल की है। इस हड़ताल का असर भवनाथपुर प्रखंड में भी देखने को मिला। सुबह से ही वाहन चालक संघ एकत्रित होकर खरौंधी मोड पर वाहन चालकों से नहीं चलाने की अपील की और हड़ताल का समर्थन करने का आग्रह किया। वाहन चालक संघ के आग्रह से बड़ी गाड़ीयों का परिचालन तो एक जनवरी से ही बंद था लेकिन छोटी छोटी गाड़ीयां, जैसे टेम्पो,चार चक्का निजी वाहन गाड़ीयां चल रही थी। दो जनवरी से संघ के आग्रह पर वे भी बंद कर समर्थन किया। हड़ताल के कारण भवनाथपुर की सड़कें सुनसान रही। वाहन चालकों ने एकजुट होकर जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे, जहां बीडीओ नंद जी राम को ज्ञापन सौंपा। चालक संघ ने कहा सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून में बदलाव कर चालकों के लिए काला कानून लाया है। सरकार कानून में संशोधन करे नहीं तो हड़ताल जारी रहेगा। हड़ताल में विरोध प्रदर्शन कर रहे वाहन चालक चन्दन यादव, गौतम कुमार, विरेन्द्र प्रसाद यादव,सरोज कुमार यादव, मुबारक अंसारी,प्रभात यादव, विशेषमनी यादव, सुदामा कुमार,विकास टोप्पो,दीपक वर्मा सहित सैकड़ों शामिल थे।

## कार व मोटरसाइकिल में हुई जोरदार टक्कर, एक की मौत



**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के खोखा सुण्डी में हुई सड़क दुर्घटना में सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के कोन थाना क्षेत्र के मझिगाँवा चांची ग्राम निवासी दिल मोहम्मद का पुत्र खुश मोहम्मद की गंभीर रूप से घायल हो जिस।घटना की सूचना पाकर खरौंधी पुलिक मौके पर पहुँची और घायल व्यक्ति को नजदीकी मेडिकल में भर्ती कराया।जहा चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे सदर अस्पताल ले जाने को कहा। गढ़वा ले जाने के क्रम में उक्त घायल की मौत हो गई।खरौंधी पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया।मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। दुर्घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया जा रहा है कि मोटरसाइकिल चालक खुशमोहमद सोमवार की देर शाम खरौंधी तरफ से चांची की ओर जा रहा था। जिसमें चांची तरफ से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दिया जिससे मोटरसाइकिल चालक घायल हो गया। कार चालक गाड़ी खड़ी कर मौके से फरार हो गया। इस संबध में खरौंधी थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंदूरिया ने बताया की दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना लाया गया है जिसके विरुद्ध करवाई की जा रही है।

# चैनपुर के युवक की कानपुर में मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पलामू :** हरिहरगंज थाना क्षेत्र के एक युवक की उड़ीसा में हत्या कर दी, वहीं चैनपुर के एक युवक की मजदूरी करने के दौरान छत से गिर जाने के कारण मौत हो गयी। हरिहरगंज थाना क्षेत्र के कुलहिया गांव निवासी उमेश यादव (34) की हत्या उड़ीसा राज्य के कोरापुट जिले के ऑरीगुमा थाना क्षेत्र में कर दी गई। अज्ञात अपराधियों ने बीते 30 दिसबंर को युवक की हत्या की, जिसका शव मंगलवार को पैतृक गांव कुलहिया में पहुंचते ही कोहराम मच गया और पूरे गांव में मातम छा गया। वही गांव के नजदीक बतरे नदी में दाह संस्कार किया गया। मुखाग्नि पुत्र विक्की कुमार (12) ने दिया।जिले के चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के औसाने के रहने वाले मजदूर विकास कुमार चौधरी (25) की मौत कानपुर में हो गयी। विकास तीन महीने पूर्व अपने छोटे भाई के साथ कानपुर के पावर प्लांट में मजदूरी करने गया था। एक जनवरी को छत से गिरने के बाद विकास गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसका इलाज कानपुर के अस्पताल में चल रहा था, जहां उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर गांव से परिजन शव लेने के लिए कानपुर रवाना हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार विकास के घर के सभी पुरूष सदस्य गरीबी के कारण बाहर मजदूरी करने गए हुए हैं। पिता जहां दिल्ली में मजदूरी करते हैं, वहीं उसके दोनों भाई कानपुर में रहकर मजदूरी करते थे। देर रात डेड बॉडी गांव आने की संभावना है। इसके बाद विकास के शव का दाह संस्कार किया जायेगा। मृतक के दो छोटे छोटे बच्चे हैं।

## केंद्र द्वारा प्रस्तावित कानून के विरोध में चालको ने दिया धरना, किया प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित हिट एंड रन कानून में किये गये संसोधन के विरोध में टेम्पू चालको ने आज विश्रामपुर और बी मोड़ बस स्टैंड में धरना दिया और प्रदर्शन भी किया.साथ ही विश्रामपुर पांडु और रेहला पड़वा मुख्य सड़क को कुछ देर के लिए जाम भी किया.हलाकि स्थानीय पुलिस तत्काल चालको को समझा बुझा कर जाम को हटा दिया.चालको ने कहा कि सरकार द्वारा जो नये प्रस्तावित कानून है,वह चालको के लिये काफी नुकसानदायक है.भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुये संसोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी चालको पर सात लाख रुपये का जुर्माना तथा 10 साल तक सजा का प्रवधान है.यह चालको के लिये कला कानून के समान है.चालको का कहना था कि सरकार तत्काल प्रस्तावित इस कानून को वापस ले.नही तो चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेग.मौके पर सतेंद्र दुबे ,महेंद्र पासवान,धनंजय बहेलिया, विपिन चंद्रवंशी, नौसाद अंसारी, पलटू बहेलिया, ब्रजेश चौधरी, जफर इकबाल, गोविंदा राम, मुकेश केशरी, डब्लू साह, रिंकू गुप्ता, रामचंद्र राम, रशिम आलम, रमेश दास, महेंद्र बजाज, संदीप पाठक, कुश शर्मा, रवि पासवान, संजय मेहता, ललटू शर्मा, बुल्लू चौधरी, गिरेन्द्र पाल, कमेश चौधरी, छोटू चौधरी, दशरथ चौधरी,राजन चंद्रवंशी सहित कई चालक मौजूद थे।

## विकसित भारत अभियान को लेकर सीओ ने सभी विभाग के प्रतिनिधियों के साथ किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में अंचलाधिकारी सुनील कुमार ने विकसित भारत संकल्प अभियान को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों व प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया.बैठक में विकसित भारत संकल्प अभियान को लेकर चर्चा किया गया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया गया. इस कार्यक्रम में लाभुकों का स्वागत के लिये जेएस एल पी एस ÷धरती कहे पुकार के÷ का आयोजन किया जायेगा. कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना,आयुष्मान कार्ड योजना,प्रधानमंत्री जीवन ज्योतिबीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना,प्रधानमंत्री उज्वला योजना जैसी योजनाओं के लाभुकों को ऑन स्पॉट लाभ दिया जायेगा. बैठक में अंचलाधिकारी ने सभी उपस्थित विभागीय प्रतिनिधियों को केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं के लाभुकों से मिलकर उक्त योजनाओं के दौरान आये परेशानियों की जानकारी लेने का निर्देश दिया. उन्होंने सभी विभाग के प्रतिनिधियों को कार्यक्रम के दौरान अपने अपने विभाग का स्टॉल लगाने का



निर्देश दिया.बैठक में प्रखंड कार्यालय सहायक अनिल कुमार सिंह,शिक्षा विभाग के बीपीओ तहमीना प्रवीण, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज कौशल कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि विपेशराज तामांग, जेएस एल पी एस के बीपीएम धनन्जय कुमार, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार, प्रज्ञा केन्द्र संचालक मिथलेश ठाकुर, लियाकत अंसारी, नसीम अंसारी,ललन पटेल सहित एसबीएम, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जेएस एल पी एस, पंचायती राज, प्रज्ञा केंद्र के संचालक सहित अन्य उपस्थित थे।

## सांसद वीडी राम को भाजपा नेता ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह ने वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से भाया लोहरदगा, डालटनगंज वाराणसी चलाने की सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि जनता की बहुत दिनों से यह मांग थी। पलामू का यह सपना सांसद वीडी राम ने पूरा कराने का काम किया है। जिसके लिए भाजपा परिवार एवं पलामू वासी उन्हे बधाई देते है और आभार व्यक्त करते हैं। श्री सिंह ने कहा कि यह ट्रेन रांची से वाराणसी लगभग 6 घंटे में दूरी तय करेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड बिहार बॉर्डर पर स्थित पलामू के जपला रेलवे स्टेशन पर इस ट्रेन का ठहराव आवश्यक है। उन्होंने पलामू संसद वीडी राम से वंदे भारत ट्रेन का ठहराव जपला में भी करने का आग्रह किया है। प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से वाराणसी तक शुरू करने को लेकर पलामू के सांसद कई बार रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिले हैं। उन्होंने रेल मंत्री को बताने का काम किया है कि पलामू के लोगों का वाराणसी हमेशा आना-जाना लगा रहता है। साथ ही आम लोग इलाज आदि के लिए हमेशा वाराणसी आते जाते रहते हैं। पलामू से प्रायः हर रोज इलाज कराने, गंगा स्नान करने लोग वाराणसी जाते हैं। साथ ही यहां के व्यवसाइयों का भी वाराणसी आना जाना होता है। खासकर सोना चांदी से लेकर कपड़ा खिलौना आदि का व्यवसाय करने वाले व्यवसाइयो का वाराणसी मुख्य बाजार है। पलामू और वाराणसी के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने से पलामू के लोगों को रांची और वाराणसी आना जाना काफी आसान हो जायेगा। आखिरकार संसद वीडी राम का प्रयास रंग लाया। इस ट्रेन को शुरू होने से पलामू के लोग काफी खुश हैं। प्रभात कुमार सिंह उर्फ मुन्नू सिंह ने सांसद वीडी राम से नए साल के तोहफा के रूप में धार्मिक दृष्टि से हैदरनगर में गरीब रथ का ठहराव कराने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि हैदरनगर देवी धाम को पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता है। देवी धाम मंदिर में देश के कोने कोने से श्रद्धालु आते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए गरीब रथ ट्रेन का ठहराव आवश्यक है।

## चालको के लिए बनाए गए नए कानून के विरोध में टेम्पो चालक संघ ने किया चक्का जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राष्ट्रीय चालक संघ द्वारा बंद के समर्थन में तथा चालको के लिए बनाए गए नए कानून के विरोध में मंगलवार को स्थानीय टेंपो चालक संघ द्वारा भवनाथपुर मोड़ जाम किया गया। इस दौरान संघ के लोगों ने लगभग 1 घंटे तक एन एच 75 को जाम लगाए रखा.इस दौरान संघ के लोगों ने कहा कि ड्राइवर के विरुद्ध में जो नए कानून बनाए जा रहे हैं उसके विरुद्ध में पूरे देश के सभी ड्राइवर के द्वारा तीन दिवसीय चक्का जाम किया गया है।इसी कार्यक्रम के तहत भवनाथपुर मोड को भी जाम किया गया है। उन्होंने कहा की ड्राइवर के लिए जो नया कानून बनाया गया है,उसमें सड़क दुर्घटना होने पर ड्राइवर को 7 लाख रुपए का जुर्माना एवं 10 साल की सजा लागू किया गया है।जो चालकों के साथ अन्याय है। इस कानून को चालको पर थोपते हुए पुराने कानून को समाप्त करने का काम किया जा रहा है। जिसके विरुद्ध 1 जनवरी से 3 जनवरी तक सभी वर्ग के चालक अपनी गाड़ी को बंद रखते हुए विरोध प्रदर्शन में भाग लेंगे।संघ के लोगों ने एक घंटा तक जाम लगाए रखा।इसके बाद इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह और थाना प्रभारी नीतीश सिंह के द्वारा समझाए जाने के बाद जाम को हटाया गया।इस संबंध में ड्राइवरो का कहना था कि नये कानून को रद्द किया जाना चाहिए।

## केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को सम्मान के साथ बना रही स्वावलंबी : मधुलता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** वरीय भाजपा नेत्री सह गढ़वा जिला भाजपा मंत्री मधुलता कुमारी ने मंगलवार को विश्रामपुर प्रखंड के कई गांवों का दौरा किया.इस क्रम में वे कई भाजपा नेताओं कार्यकर्ताओं से मिली.इसके अलावा उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं से मिलकर भाजपा के नीति सिद्धांतों से अवगत कराया.केंद्र के मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में भी महिलाओं को जानकारी दी.इस दौरान उन्होंने पीएम आवास और उजवला योजना के कई महिला लाभार्थियों से भी मुलाकात की.मधुलता कुमारी ने कहा कि मोदी सरकार महिलाओं को सम्मान के साथ स्वावलंबी बना रही है.महिलाओं की भलाई हेतु कई योजनाएं चला रही है.उन्होंने बताया कि मिशन 2024 के तहत पलामू लोकसभा क्षेत्र के गांवों में जाकर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को भाजपा से जोड़ने का प्रयास कर रही हूं.मौके पर भाजपा नगर वरीय भाजपा नेता शिवबंश मिश्रा, नरसिंह चौबे, चंद्रप्रकाश चौबे, दीपक चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है : राजीव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज शहर के मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में राधे कृष्णा क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन मंगलवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने फीता काटकर किया। इस दौरान खिलाड़ियों व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है, खेल में भी खिलाड़ी अपना कैरियर बना सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी राष्टीय स्तर पर अपना नाम रोशन कर सकते हैं सिर्फ मेहनत करने की जरूरत है। इस दौरान तेतरिया व अररुआ खुर्द टीम के बीच मैच खेला गया, जिसमे अररुआ खुर्द की टीम विजयी रहा। मौके पर टूर्नामेंट के आयोजक पवन यादव, विवेक विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, नंदन यादव, रंजीत मेहता, राहुल विश्वकर्मा, जितेंद्र, अंपायर संजीव पासवान के अलावे राजेश रंजन मिश्रा, विजय प्रजापति, शंभू यादव, छोटू कुमार, राजीव रंजन वर्मन, दीपक गुप्ता सहित काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## अबुआ आवास सुची में त्रुटि हो जाने से ग्रामीणों ने ग्राम सभा में किया हंगामा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी :** मंगलवार को कुपा पंचयात में अबुआ आवास को लेकर मुखिया प्रमोद राम की अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुखिया द्वारा अबुआ आवास का सूची पढ़ा गया तो ग्रामीणों द्वारा सूची में बड़ी संख्या में अनियमितता का ग्रामीणों ने विरोध करते हुए हंगामा करने लगे। हंगामा को देखते हुए पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने बीडीओ से इसकी शिकायत किया। बीडीओ ने उन्हें अबुआ आवास को लेकर फिर से जांच करने की बात कही तब जा कर ग्रामीण शांत हुए। पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने कहा की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जो आवेदन प्राप्त हुआ था। उसका जब जांच किया गया वह गलत जांच किया गया है. जिसका कच्चा घर है उसको पक्का आवास कर दिया गया है और जिसका पक्का आवास है उसको कच्चा कर दिया गया जो सरासर गलत है।कर्मियों द्वारा किये गए इस अनियमितता का मैं घोर निन्दा करता हूं और आम अवाम जानता का हक अधिकार दिलाने का काम करूंगा। यदि फिर से जांच कर सुची को सही नहीं किया तो जिला में अनशन पर बैठने का बाध्य होंगे। मौके पर पंचायत सेवक कपिल देव सिंह,उप मुखिया सूर्यदेव चौधरी, पंचायत समिति सदस्य पुर्णिमा देवी, मनोज चौधरी, धनवंत प्रसाद गुप्ता,प्रविंद गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बुका के ग्रामीणों ने प्रखंडकर्मी पर बिना जांच किये आवास से नाम काटने का लगाया आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर पंचायत के बुका निमिया टोला निवासी दिव्यांग सहित दर्जनों महिलाओं ने प्रखण्ड कर्मी पर बिना जांच किये आवास योजना से नाम काटने का आरोप कगाया, कोर्डिनेटर अशोक कुमार द्वारा एक सप्ताह के भीतर जांचोपरांत कारवाई किये जाने का भरोसा देने पर महिलायें शांत हुई।बीडीओ कार्यालय द्वार पर आए दिव्यांग गोविंद साह ने बताया कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जानकारी के अभाव में आवेदन नही दे सका किन्तु विभहगीय जांच में भी नाम नहीं आने से दुखित मन से प्रखण्ड कार्यालय आना पड़ा।बुका गांव की वार्ड संख्या 12 एवं 8 की कमला देवी, निर्मला देवी, शांति देवी , उषा देवी,समीरा देवी सहित दर्जन भर से अधिक महिलाओं ने बताया कि सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हम सभी ने आवास हेतु फॉर्म जमा किया था किंतु प्रखण्ड कर्मी बिना जांच किये ही पक्का मकान नही होने के बावजूद हमारा नाम काट दिया।कुछ महिलाओं ने वार्ड सदस्य पर भी हेराफेरी का आरोप लगाया।प्रखण्ड कार्यालय में बीडीओ ऑफिस के समीप दिव्यांग व्यक्ति एवं महिलाएं एकत्रित हुई तभी आवास कोर्डिनेटर अशोक प्रसाद ने सभी का आवेदन लिया एवं एक सप्ताह के भीतर जांच का भरोसा दिया तब जाकर महिलाये शांत हुई।

## हुसैनाबाद शहर में राम जन्मभूमि तीर्थ कलश शोभायात्रा मार्च निकाला गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** मंगलवार को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से आए हुए पूजित कलश शोभायात्रा भक्ति भाव से समस्त हुसैनाबाद नगर भ्रमण करते हुए देव स्थल से राम जन्मभूमि तीर्थ कलश यात्रा के लिए गाजे बाजे साथ निकाला गया जिसमें विश्व हिंदू परिषद प्रखंड संयोजक एवं भक्तों ने जय श्री राम का उदघोष।करते हुए पूजित अक्षत आमंत्रण कार्ड नहर मोड़ स्थित चार धाम मंदिर से शुभारंभ किया गया। तीर्थ क्षेत्र से आए पूजित कलश का शोभायात्रा निकला गया मौके राम भक्त शामिल हो कर पुण्य के भागी बने देव स्थल योगी वीर मंदिर नदी पर दूर्गा बाड़ी , शिव मंदिर स्टेशन सूर्य मंदिर देवी मंदिर, महावीर मंदिर में समापन किया गया। मौके पर हिन्दू परिषद प्रखंड संरक्षक लोकनाथ केशरी अध्यक्ष दिनेश कश्यप चार धाम अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता मुकेश कुमार पटेल उदय नाथ राजेन्द्र प्रसाद पाल श्रवण अग्रवाल धनश्याम विश्वकर्मा पंकज कुमार गुप्ता संजय कुमार विश्वकर्मा संतोष कश्यप मनदीप कश्यप मुकुलचंद कश्यप मंजय चौधरी शामिल थे ।

## सरैया पंचायत की मुखिया के सास का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत की मुखिया प्रियंका तिवारी के सास प्रभा देवी 65 वर्ष का निधन मंगलवार को जमुहार अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। पैतृक गांव पिठौरा में मौत की सूचना आने के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका प्रभा देवी के पति रामराज तिवारी फारेस्ट विभाग के अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए है। मृतका के पुत्र समाजसेवी विकास तिवारी ने बताया की काफी समय से मां बिमार चल रही थी,वे अपने पिछे पति एवं भरा पूरा परिवार छोड़ गई। निधन की सूचना मिलने पर हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमलेश कुमार सिंह, पुनपुन उद्गम स्थल विकास समिति के अध्यक्ष डॉ रविकांत तिवारी,राकांपा के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, अरविंद कुमार सिंह,भोलू सिंह ,सागर सिंह सहित काफी संख्या में लोग गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया है।

**संक्षिप्त खबरें**

### साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा के डिस्चार्ज पिटीशन पर हुई सुनवाई

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा के डिस्चार्ज पिटीशन पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले में ईडी की आग्रह को देखते हुए उसे जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि मामले में कृष्णा साहा के खिलाफ आरोप गठन होना है। पिछले दिनों हाई कोर्ट से कृष्णा साहा को जमानत मिल चुकी है। पांच जुलाई, 2023 को पूछताछ के बाद ईडी ने उसे देर रात गिरफ्तार कर लिया था। अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी कृष्णा के ठिकाने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा साह को मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। कृष्णा साहा के अवैध पत्थर खदान में दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत हो गई थी। जांच के क्रम में ईडी ने पूर्व में कृष्णा साहा के बड़हरवा के चंपांडे मौजा के पत्थर खदान की ड्रोन से मापी भी ली थी।

### गठबंधन दलों की बैठक आज

**रांची :** कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास (पुराना) के सभागार में तीन जनवरी को गठबंधन दलों के विधायक की बैठक आहूत की गई है। यह जानकारी मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि गठबंधन दलों के सभी मंत्री और विधायकों की बैठक अपराह्न 04.30 बजे से होगी।

# हिट एंड रन कानून के विरोध में दूसरे दिन भी थमे वाहनों के पहिए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बस सहित अन्य वाहन चालकों की ओर से नये हिट एंड रन कानून में बदलाव की मांग को लेकर एक से तीन जनवरी तक घोषित हड़ताल का असर दूसरे दिन मंगलवार को भी देखने को मिल रहा है।

एक जनवरी को भी हड़ताल का असर देखने को मिला था। राजधानी रांची के बिरसा मुंडा बस टर्मिनल में ज्यादातर बसों का परिचालन ठप है। कई ऐसी बसें है जिसे खादगढ़ा बस स्टैंड पहुंचना था लेकिन रास्ते में आंदोलनकारियों ने उन बसों को रोक रखा है, जिसकी वजह से यात्रियों की परेशानी बढ गयी है। वहीं, वाहन चालक लगातार केंद्र सरकार की इस कानून का विरोध कर रहे हैं।

आंदोलनकारी केंद्र सरकार से कानून वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इस आंदोलन में सबसे ज्यादा बंगाल, बिहार और यूपी से रांची आने वाली बसें है। राज्य के अधिकतर जिलों में बसों के पहिए थमे हुए हैं।

**क्या है हिट एंड रन कानून**

सड़क हादसों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा हिट एंड रन कानून में बदलाव किया गया है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 10 साल तक कैद और सात लाख रुपए तक का जुर्माने का प्रावधान है।

## गुलाम अहमद मीर के नेतृत्व में झारखंड में मजबूत होगी कांग्रेस : बंधु तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव और झारखण्ड के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर के कुशल मार्गदर्शन में झारखण्ड में कांग्रेस पार्टी की स्थिति और भी अधिक मजबूत होगी। तिर्की ने कहा कि श्री मीर के नेतृत्व में हम कांग्रेस की विचारधारा को जमीनी स्तर पर आम लोगों के बीच कहीं अधिक प्रभावी रूप में पहुँचा पायेंगे और इसके साथ ही कांग्रेस पार्टी कहीं अधिक बेहतर सामंजस्य के साथ आम मतदाताओं के बीच में अपनी छवि के साथ ही अपने वैचारिक आधार को और भी ज्यादा प्रभावी बनायेगी।झारखण्ड प्रभारी नियुक्त होने के पश्चात आज पहली बार झारखण्ड आये मीर का राजधानी के बिरसा मुण्डा हवाई अड्डे पर तिर्की के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस अवसर इस विशेष रूप से टाना भगतों का दल भी मौजूद था जिन्होंने अपने पारंपरिक वाद्य यंत्र और करतल ध्वनि के साथ मीर का अभिनन्दन किया। स्वागत के पश्चात मीर, तिर्की एवं अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ राजधानी के बिरसा चौक स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के प्रतिमा स्थल पर पहुँचे जहाँ उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ अनेक नेता एवं कार्यकर्त्ता भी उपस्थित थे।

## इमारत शरिया कोई संगठन नही, यह एक फिक्र है : मुफ्ती वसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** इमारत शरिया बिहार उड़ीसा झारखंड एक, इसमें कोई विभाजन नहीं। झारखंड इमारत शरिया अलग नही हुआ है। इमारत शरिया कोई संगठन नही, यह एक फिक्र और विचार धारा का नाम है। चंद उलेमा के कहने से इमारत शरिया अलग नही हो सकती। उक्त बातें मौलाना मो शमशाद रहमानी नायब अमीर ए शरीयत बिहार उड़ीसा झारखंड, मुफ्ती सनाउल होदा कासमी नायब नाजिम इमारत शरिया, मुफ्ती वसी अहमद कासमी नायब काज़ी ए शरीयत पटना, मुफ्ती मो सोहेल अख्तर कासमी नायब काज़ी पटना, मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी काज़ी ए शरीयत रांची ने संयुक्त रूप से कहीं। वह आज दिनांक 2 जनवरी 2024 को करबला टैंक रोड स्थित इमारत शरिया के कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि इमारत ए शरिया 1921 ईस्वी में बनाई गई है। जिसके कुल 87 कार्यालय है ,जिसमें झारखंड के 24 जिलों में 16 जिलों में इमारत ए शरिया का कार्यालय है। उन्होंने कहा कि बदगुमानी जो समाज में फैलाई जा रही है, उसे दूर करने के उद्देश्य से यह प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा सुरसा मुडमा रांची के इजलास में गलत तरीके से इमारत ए शरिया को अलग करने की बात सामने आई। जबकि उसी इजलास के संयोजक ने इस फैसले से पूरी तरह से इनकार कर दिया।

## एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर महिला मैच 13 से, तैयारी शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची में 13 से 19 जनवरी तक एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर महिला मैच आयोजित होगा। इसमें कुल आठ देशों की टीम भाग लेगी। इस प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थान लाने वाले देश की टीम पेरिस ओलंपिक गेम्स के लिए क्वालीफाई करेंगी। रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम मोराबादी में आयोजित इस मैच की तैयारी जोर शोर से चल रही है।

भारतीय महिला हॉकी टीम भी बुधवार को रांची पहुंच रही है और वह भी मैच में बाकी बचे दिनों तक अभ्यास करेगी। तैयारियों का जायजा लेने के लिए हॉकी इंडिया के




प्रतिनिधि रांची पहुंचेंगे । साथ ही आयोजन से संबंधित अपने कार्यों को वे भी शुरू कर देंगे। इसके बाद चार जनवरी को इटली और यूएसए, 6 को जर्मनी और चेक रिपब्लिक, 7 को न्यूजीलैंड, चिली और जापान की टीमें रांची आएंगी।

भारत पूल बी में अपने अभियान की शुरुआत 13 जनवरी को अमेरिका के खिलाफ करेगा। सविता पुनिया के नेतृत्व वाली टीम 14 और 16 जनवरी को न्यूजीलैंड और इटली के खिलाफ खेलेगी।

यह जानकारी हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने मंगलवार को दी।

## भाकपा महासचिव कॉमरेड एबी वर्धन की आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव मार्क्सवादी चिंतक कामरेड ए बी वर्धन की आठवीं पुण्यतिथि मनाई गई। सर्वप्रथम कामरेड वर्धन के चित्र पर माल्यार्पण कर 1 मिनट का मौन रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह उपस्थित थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा की कामरेड वर्धन कि आज आठवीं पुण्यतिथि है । आज की राजनैतिक परिस्थिति में कामरेड वर्धन का होना जरूरी था । क्योंकि देश में जिस तरह से तानाशाही की सरकार चल रही है। लगातार मनमाने फैसला ले रही है, तो वामपंथी दलों की एकता सही दिशा एवं विपक्षी एकता के प्रतीक कामरेड वर्धन की दिशा निर्देश की आज ज्यादा प्रासंगिकता थी। जिला सचिव कामरेड अजय कुमार सिंह ने कहा कि कामरेड वर्धन के बताए रास्ते पर चलकर उनको संघर्षों को पूरा करना , देश में किसान मजदूर के समस्याओं को लेकर संघर्ष को तेज करना, सही श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि सभा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह ,नीरज सिंह ,मनोज ठाकुर, श्यामल चक्रवर्ती, सोनू सिंह, राजेश यादव ,राजन वर्मा, सर्वेश कुमार आदि कई लोग उपस्थित थे ।

## जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार मोमेंटो का अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर तीन जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा पुरस्कार समारोह का आयोजन होगा। इसी क्रम में मंगलवार को मोमेंटो का अनावरण किया गया। इस समारोह में विभिन्न खेल से जुड़े खिलाड़ियों, कोच, खेल को प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को उम्मीद फाउंडेशन के संस्थापक सह




अध्यक्ष रितेश उरांव, सचिव निरंजन भारती, खेल प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, प्रदेश अध्यक्ष सोनू खलखो ने संवाददाता सम्मेलन में संयुक्त रूप से दी। उन्होंने कहा कि झारखंड का सर्वोत्तम खेल पुरस्कार जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार मोमेंटो का अनावरण जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समिति की ओर से किया गया। रितेश उरांव ने कहा कि पुरस्कार का उद्देश्य मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जीवन गाथा को जन-जन तक पहुंचना और असाधारण खेल से विश्व पटल पर देश और राज्य का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को समाज के भीतर गौरवशाली सम्मान दिलाना है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव शामिल होंगे। वित्त मंत्री सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देंगे। कांके स्थित सीएमपीडीआई के मयूरी हॉल में समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में राज्यभर के खिलाड़ी मौजूद रहेंगे।

## झारखंड के नेता ईडी से नहीं डरते : गुलाम मीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को झारखंड कांग्रेस के नए प्रभारी गुलाम अहमद मीर अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे। गुलाम अहमद मीर ने पत्रकारों से कहा कि झारखंड के लोग बहादुर हैं यहां ईडी के डराने से कुछ नहीं होगा। मोदी की सरकार झारखंड में कोई भी एजेंसी लगा ले झारखंड में इसका कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पूरा देश जानता है कि जहां-जहां चुनाव नजदीक आते हैं, वहां ईडी, सीबीआई और न जाने कौन-कौन सी एजेंसी को लगा कर स्थिर सरकार को डराने का काम किया जाता है। झारखंड में बहादुर लोग हैं और इसका फेस करने वह जानते हैं. इससे पहले टर्मिनल से बाहर निकलते ही गुलाम अहमद मीर का कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़े की आवाज से पूरा एयरपोर्ट गूंज उठा . कांग्रेस पार्टी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मीर जिंदाबाद के खूब नारे लगे। प्रभारी बनने के बाद वो पहली बार झारखंड दौरे पर आये हैं। यहां वो कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। पार्टी ने जगह-जगह पर उनका रास्ते पर स्वागत किया। इस मौके पर कांग्रेस के कई बड़े नेता भी मौजूद रहे। बुधवार को विधायक दल के साथ बैठक करेंगे। यह बैठक प्रदेश कांग्रेस भवन में होगी। एयरपोर्ट पर स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, रांची नगर



कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजा, कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 24वीं राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड टीम जयपुर रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जयपुर के सुरेश ज्ञान विहार विश्विद्यालय में 04 से 06 जनवरी तक स्कॉय फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम स्कॉय एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हो रही 24वीं राष्ट्रीय स्कॉय प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड की बालकङ्क बालिका टीम जयपुर के लिए रवाना हुई।

स्कॉय एसोसिएशन ऑफ झारखंड के खिलाड़ी प्रतियोगिता के विभिन्न विधाओं एवम कैटेगरी में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। बतौर टीम डेलीगेट्स टीम के साथ रवाना हुए वेदांत कोस्तव ने कहा कि टीम प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से सुसज्जित है।

खिलाड़ी और एसोसिएशन दोनो ही आशान्वित हैं की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक की होड़ में झारखंड भी शामिल होगा। उन्होंने खिलाड़ियों को भी अनुशासन और खेल भावना के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से फाइट करने और अपने मजबूत पक्ष को ध्यान में रखकर प्रतियोगिता के लिए रणनीति बनाने हेतु खिलाड़ियों को प्रेरित किया।

### प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड स्कॉय टीम निम्न है

पुरुष वर्ग- आकाश शीट, अंकित कुमार नायक, दीपक कुमार, ऋषभ शुक्ला, मुन्ना टुड्डू, नौशाद आलम, अजय वाल्मीकि, सूर्या कुमार रवि, विकास कुमार। महिला वर्ग- कुनामी सोरेन, सुष्मिता सोरेन, बसंती टुड्डू, सीमा रानी मांडी, शांति मोनी सोरेन, नेहा सिंह, सबिता मुर्मू, बसंती महतो, पार्वती महतो, सुमन एक्का, जयमती कुंटिया, पूजा तिर्की, चांदना महतो, शिवानी राय।

## देश में 10 करोड़ परिवारों को निमंत्रण और पांच लाख मंदिरों में होगा कार्यक्रम : देशपांडे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में घर-घर जाकर अयोध्या से आया पूजित अक्षत को देकर निमंत्रण दिया जा रहा है। झारखंड प्रांत के सभी जिलों में मंगलवार को हजारों गांव और नगरीय क्षेत्र में अभियान चलाया गया। अभियान को गति देने के लिए विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे का प्रवास झारखंड प्रदेश के रांची में हुआ। उन्होंने रांची के हटिया क्षेत्र में स्वयं घूमकर प्राण प्रतिष्ठा के दिन धार्मिक-आध्यात्मिक अनुष्ठान करने और प्राण प्रतिष्ठा के बाद के आरती अपने-अपने निकटतम मंदिर के कार्यक्रम में ही करने का आग्रह किया। साथ ही अपने क्षेत्र को अयोध्या मानकर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम करने काआग्रह किया। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश के 10 करोड़ परिवारों तक कार्यकर्ता निमंत्रण देंगे और पांच लाख से अधिक मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, आरती एवं दीपोत्सव का कार्यक्रम होगा।

उन्होंने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में लगभग 25 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। राम मंदिर को लेकर विदेश में रह रहे हिंदू समाज में भी काफी उत्साह है। अमेरिका के सात सौ मंदिर सहित अनेक देशों में स्थित सैकड़ों मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ दीपोत्सव का कार्यक्रम किया



जाएगा। उन्होंने समस्त सनातन हिंदू समाज से आग्रह किया 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन सभी अपने निकटतम मंदिर में परिवार के साथ तीन घंटा के लिए अनुष्ठान में अवश्य शामिल हो। घर की सभी महिलाएं अपने-अपने घरों से आरती की थाली सजा कर लाएं एवं आरती में सम्मिलित हो तथा रात्रि में भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम करें।

उन्होंने हटिया क्षेत्र में अद्वैत स्वरूप आश्रम तुपूदाना के स्वामी अमर महाराज और राष्ट्रपति के द्वारा अमृत पुरस्कार प्राप्त महावीर नायक को निमंत्रण देते हुए अयोध्या आने का आग्रह किया। महावीर नायक ने निमंत्रण देने के लिए आए हुए पदाधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि मानो हमारी शबरी माता के कुटिया में भगवान राम के प्रतिरूप बनकर राम भक्तों का पधारना हुआ है, जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। महावीर नायक ने स्वयं अपने मोहल्ले के अनेकों घरों में घूमकर लोगों को निमंत्रण दिया।

इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो, प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत धर्माचार्य संपर्क प्रमुख जुगल किशोर, महानगर अध्यक्ष कैलाश केसरी, बजरंग दल विभाग संयोजक प्रिंस अजमानी, बजरंग दल मिलन केंद्र महानगर प्रमुख मुकेश गिरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मतदाताओं के प्रपत्रों की जांच की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा विशेष पुनरीक्षण 2024 के तहत दावा/आपत्ति अवधि में प्राप्त प्रपत्र-6,7,8, के निष्पादित प्रपत्रों में से कुछ प्रपत्रों का सुपर चेकिंग करते हुए कुछ मतदाताओं की के प्रपत्र की जाँच की गई। इस क्रम में निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता रांची, राजीव कुमार सिंह, उप-निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी (सदर) शहर रांची, मुंशी राम, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बड़गाई, मनोज कुमार, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कांके, जय कुमार राम एवं सम्बंधित सभी बी.एल.ओ. एवं सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा विशेष पुनरीक्षण 2024 के तहत दावा/आपत्ति अवधि में प्राप्त प्रपत्र-6,7,8, के निष्पादित प्रपत्रों में से कुछ प्रपत्रों का सुपर चेकिंग करते हुए, भ्रमण क्रम में रामेश्वरम अपार्टमेंट रेडियम रोड़ रांची, राज्यकृत उर्दू मध्य विद्यालय कर्बला चौक रांची, गाड़ी गांव होटवार कांके, चित्रा करुणा अपार्टमेंट बारियातु रांची, बोड़ेया पहुंच कर कुछ मतदाताओं के प्रपत्र की सुपर चेकिंग किया गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा आज भ्रमण क्रम में विशेष पुनरीक्षण 2024 के तहत दावा/आपत्ति अवधि में प्राप्त प्रपत्र की सुपर चेकिंग क्रम में चित्रा करुणा अपार्टमेंट बरियातु रोड़ रांची पहुंचें जहाँ मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए लवण्या सिंह के प्रपत्र की सुपर चेकिंग करने के क्रम में उनके द्वारा उन्हें बताया गया की वे राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी है। जिसपर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, ने खुशी जाहिर करते हुए उनसे कहा की आप मतदान अवश्य रूप में करें। इसके साथ उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची को निर्देश देते हुए कहा की सुश्री लवण्या सिंह राष्ट्रीय स्तर की बैडमिंटन खिलाड़ी है। इन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए इन्हें ब्रांड एंबेसडर बनाने का प्रस्ताव बना कर दें ताकि युवाओं को भी मतदान के लिए प्रेरित किया जा सकें। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दावा/आपत्ति तिथि का परिवर्तन करते हुए इसे बड़ा कर 12 जनवरी 2024 तक कर दिया गया है एवं मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन की तिथि 22 जनवरी 2024 कर दिया है। जिसमें योग्य व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने हेतु अपने बीएलओ एवं ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इसमें किसी प्रकार का परिवर्तन किया जा सकता है।

## अवैध खनन मामले में दाहू यादव के पुत्र राहुल यादव ने ईडी कोर्ट में किया सरेंडर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** साहिबगंज में एक हजार करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले के आरोपित दाहू यादव के पुत्र राहुल यादव ने ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मंगलवार को सरेंडर कर दिया।

हाई कोर्ट के आदेश पर उसने ईडी कोर्ट में सरेंडर किया। इसके बाद कोर्ट ने उसे पांच जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। हाई कोर्ट में उसने गैर जमानतीय वारंट को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने उसे निर्देश दिया था कि वह दो जनवरी को ईडी की विशेष अदालत में उपस्थित हो और अदालत के समक्ष अपना पक्ष रखे। अवैध खनन मामले में ईडी ने समन जारी कर उसे पूछताछ के लिए बुलाया था लेकिन वह ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए।

इसके बाद ईडी की विशेष अदालत ने राहुल यादव के खिलाफ 31 मार्च, 2023 को गैर जमानतीय वारंट जारी किया था। राहुल ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर इसे चुनौती दी थी।

याचिका में कहा गया था कि वह ईडी को अनुसंधान में सहयोग करने के लिए तैयार हैं। जब कोर्ट उन्हें उपस्थिति के लिए तिथि निर्धारित करेगी वह उस समय उपस्थित हो जाएंगे।

इस मामले में मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा सहित अन्य लोग जेल में बंद है।

# भारत बन्द का पिपरवार कोयलांचल मे रहा व्यापक असर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** हिट एंड रन कानून में आए बदलाव के विरोध में आहुत भारत बन्द का सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। पिपरवार क्षेत्र की कोयला ढुलाई पूरी तरह से बंद है। मिली जानकारी के अनुसार बंदी का समर्थन करते हुए चालकों ने स्वेच्छा से अपने वाहन को खड़ा कर दिया है, जिसके कारण सीएचपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग और अशोक परियोजना से आरसीएम साईडिंग तक कोयला ढुलाई का काम पूरी तरह से बंद है। कोयला ढुलाई बंद रहने के कारण दोनों साइडिंग में रैक लोडिंग और डिस्पैच का कार्य भी बाधित देखा जा रहा है। वही बचरा झूला पुल के पास चालकों ने इस कानून के खिलाफ सड़क पर विरोध प्रदर्शन भी किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इस संबंध में चालकों ने बताया कि हिट एंड रन जो कानून सरकार द्वारा लाया गया है वह बहुत कड़ा कानून है,इसे सरकार को वापस लेना चाहिए।चालक का वेतन काफी कम होता है।अगर किसी तरह का दुर्घटना होता है और हम लोग दुर्घटना स्थल पर ही खड़े रह जाते हैं तो हम लोगों को स्थानीय लोगों द्वारा मारपीट किया जाता है,कई बार जान भी चली जाती है। ऐसी स्थिति में हम लोग क्या करेंगे।जब तक इस कानून को वापस नहीं लिया जाता, तब तक हम लोग वाहन का परिचालन नहीं करेंगे।इस दौरान अन्य चालकों से बंदी को सफल बनाने की अपील की गई।इधर बचरा से खुलने वाली सभी यात्री बसों का परिचालन पूरी तरह से बन्द रहा,जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।बन्द के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।वहीं पिपरवार पुलिस भी बंद को लेकर काफी सतर्क है।

# नववर्ष हर्षोल्लास से मनाया, मौज मस्ती के साथ बिताया पहला दिन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी आसपास क्षेत्र सहित सीमावर्ती पश्चिम बंगाल में सोमवार को नववर्ष 2024 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रविवार को रात बारह बजते ही लोगों ने पटाखे छोड़ नववर्ष का स्वागत किया। वहीं सोशल नेटवर्किंग के जरिए भी लोगों ने अपने रिश्तेदारों, मित्रों, सहकर्मी सहित पड़ोसियों को नये साल की शुभकामनाएं दी। सोमवार को सुबह से ही मांस, मछली एवं मुर्गा के दुकानों में काफी भीड़ देखी गयी। नववर्ष मनाने के साथ ही लोगों ने सबों के लिए सुख एवं समृद्धि की कामना की। साल के पहले दिन का सोमवार को लोगों ने जमकर स्वागत किया। सिल्ली के हिरण पार्क, ऑडियो विजुअल पाक, अंबेडकर पार्क, सिल्ली स्टेडियम, मुरी स्वर्ण रेखा नदी एवं मुरी के टुंगरी पार्क समेत पिकनिक स्पॉटों पर लोगों का भीड़ रहा। पार्कों में जहां बच्चों ने झूलों का आनंद लिया वहीं यूवाओं ने नए साल को अपने तरीके से मनाया। स्वर्णरेखा नदी, उरांव गाढ़ा नदी, हिरण पार्क के समीप स्थित तालाब किनारे समेत आसपास के पिकनिक स्थलों पर पिकनिक के लिये लोगों की भीड़ देखी गयी। इलाके के कई लोग पहले तारीख की खुशियां अन्य जगहों पर भी मनायी। कई लोग परिवार के साथ पिकनिक मनाने क्षेत्र के बाहर भी चले गये। इस दौरान विधि व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन चुस्त-दुरुस्त दिखे। क्षेत्र के विभिन्न पार्कों एवं पिकनिक स्पॉट पर सिल्ली थाना प्रभारी लालजी ओपी प्रभारी विपुल ओझा दल बल के साथ दिन भर गस्ती में रहे।

# शहीद सुनील कुमार शाही के शहादत दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चान्हो प्रखंड अंतर्गत सिलागाई पंचायत के ग्राम हुरहूरी में शहीद सुनील कुमार शाही के शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की नें शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रधांजलि अर्पित की। वहीं विधायक अपने सम्बोधन में वीर शहीद की वीरता का लोगो को अवगत कराया एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई साथ ही शहादत दिवस के मौके पर पर गरीब जरूरतमंद एवं बुजुर्गो के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष ईशितयाक अंसारी, पंचायत अध्यक्ष गंगू उरांव, विधायक प्रतिनिधि सुजीत शाही, अजित सिंह, मोरहा उरांव, मुखिया शिव उरांव, गुड़िया उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

# प्रदीप वर्मा फाउंडेशन द्वारा कंबल का वितरण




**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रदीप वर्मा फाउंडेशन और पंचायत समिति की सदस्य श्रीमती अन्नू तिवारी के माध्यम से जरूरतमंदों के बीच बढ़ते ठंढ को देखते हुए आरा पंचायत के शिव मंदिर प्रांगण में कंबल का वितरण किया गया। जनसेवा के इस पुनीत आयोजन के अवसर पर पूर्व विधायक श्री रामकुमार पाहन जी, भाजपा रांची ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो जी, प्रलेखन विभाग के प्रदेश संयोजक अमित चरण जी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो जी, वरिष्ठ भाजपा नेता मुक्तिनाथ मिश्रा जी, टाटीसिल्वे के सब इंस्पेक्टर रणजीत कुमार मुंडा, उप मुखिया अनुज एक्का, वार्ड सदस्य अनुपा मिश्रा, सोनी टोप्पो, शांति भुटकुँवर, अमित तिवारी, मन्नू बाड़ाइक, सीताराम तिवारी, प्रशांत किशोर, मुन्ना शर्मा, रंजीत यादव, ओमप्रकाश पाण्डेय एवं सैक्डो ग्रामीण उपस्थित थे।

# खलारी में मनेगा शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह का शहादत दिवस

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** धमधमिया के मदरसा में शहीद शेख भिखारी तथा शहीद टिकैत उमरांव सिंह का शहादत दिवस मनाने को लेकर मुस्लिम समाज की एक बैठक हुई. अध्यक्षता मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने किया. बैठक में अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि झारखंड महापुरूषों, वीरों व शहीदों का राज्य है. महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी व शहीद टिकैत उमरांव सिंह झारखंड के इन्हीं वीर सपूतों में हैं. इनकी शहादत हमें प्रेरणा देता रहेगा. बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने एक मत से खलारी में आगामी 8 जनवरी को शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमरांव सिंह का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया. बैठक का संचालन जफरूद्दीन अंसारी ने किया. बैठक में तौहीद अंसारी, समसुल अंसारी, शमीम अंसारी, मो कुद्दूस अंसारी, मो आलम, शेख सैयद अली, अब्दुल जलील अंजान, सलामत अंसारी, मो शहीद रजा, अजमत अंसारी, सदाकत अंसारी, सिराज, अजमल अंसारी, मो गफ्फार अंसारी आदि उपस्थित थे.

# बजरंग मेला हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पिस्का के रास्ते पर उरांग गाढ़ा नदी पुल के समीप नये साल के मौके पर आयोजित बजरंग मेला सोमवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। मेला परिसर में मुर्गा लड़ाई, पांता नाच, झूमर समेत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित भी किया गया। मेले में तरह तरह की दुकानें लगाई गयी। मेला देखने के लिये दोपहर से ही लोगों के आने जाने का सिलसिला शुरू हो गया। शाम तक लोगों के आने जाने का क्रम चलता रहा। आयोजन कमेटी के सदस्य ने मेले की विधि व्यवस्था में व्यस्त रहे। मेले के सफल आयोजन में प्रकाश महतो, पवन कुमार महतो, विश्वनाथ महतो, प्रीतम बेदिया, जितेंद्र महतो, अनिल महतो, नान्हु महतो, विशाल महतो समेत आसपास के ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

# पिपरवार के हेंजदा गांव मे बेंती मुखिया सरिता देवी ने गरीबो के बीच बांटा कंबल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बेती पंचायत के अति पिछड़ा क्षेत्र हैंजदा गांव में नववर्ष के अवसर पर बेती पंचायत की मुखिया सरिता देवी ने कड़ाके की ठंड को लेकर समाज के गरीब वृद्ध और असहाय लोगों के बीच पहुचकर नव वर्ष की खुशियों को साझा करते हुए ठंड से बचने को लेकर कंबल का वितरण किया।इस कार्यक्रम में मुखिया सरिता देवी ने गांव के रितेश गंझु,रामसल उरांव, जसवा देवी,बुधनी देवी, जसवा गंझु,ऐतवरिया देवी, झलवा देवी,बन्नु गंझु, रूपलाल गंझु,डिंगलहा गंझु, कुमारी देवी,शुक्र गंझु सहित कई गरीब निर्धन और असहाय लोगो के बीच कंबल का वितरण किया।इस संबंध मे मुखिया सरिता देवी ने कहा कि विगत दो वर्षों से गरीब, असहाय और बुजुर्गों के साथ नए वर्ष की खुशियो में गरीबों के साथ शामिल होना सुखद अनुभूति प्राप्त होता है।इस दौरान उन्होने सभी को कंबल ओढ़ाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि गरीब और असहाय लोगो की मदद करना सबसे बड़ा पूण्य का काम होता है।पूरे क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए कंबल का वितरण किया गया है।इससे गरीबों को कुछ हद तक राहत मिलेगी।उन्होंने क्षेत्र के लोगों से भी गरीब और असहाय लोगों की मदद करने की अपील की।मौके पर मुखिया सरिता देवी,उप मुखिया किरण कुमार, समाजसेवी गणेश भुईया,रोहित गंझु, राहुल गंझु सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय मे विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत कर्मियो को दी गई विदाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के एजीएम निरंजन सेनापति ने किया।

इस समारोह मे पिपरवार एरिया के विभिन्न परियोजना से सेवानिवृत हुए कोयला मजदूरों को विदाई दी गई।सेवानिवृत होने वाले कर्मियो मे प्रकाश हरिजन, जय प्रसाद सिंह,राजेंद्र राम, बिरजू प्रसाद केसरी,चंदेश्वर नोनिया,शंभू सिंह और एसएन शेखर का नाम शामिल है।समारोह में सभी मजदूरों का स्वागत माला पहनाकर किया गया,इसके बाद उपहार,सेवा प्रमाण पत्र, शॉल और श्रीफल देकर सभी को सम्मान के साथ विदाई दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने सेवानिवृत सभी कोयला कामगारों के उज्जवल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि कंपनी में पुराने कर्मियों के रिटायर होने से कंपनी को नुकसान हो रहा है।कंपनी के वर्तमान नए कामगारों को पुराने और अनुभव कर्मियों से सीख लेने की जरूरत है।वक्ताओं ने रिटायर हुए कोयला मजदूरों के उज्जवल एवं सुखमय जीवन की कामना की।इस मौके पर एजीएम निरंजन सेनापति,स्टाफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक जेएन दत्ता,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,कार्मिक प्रबंधक ज्योति कुशवाहा,नागेश कुमार,हेमचंद महतो,जंग बहादुर राम सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# सुरसा व टाँगरबसली पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता)::** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को मांडर प्रखंड के सुरसा पंचायत और टांगरबसली पंचायत में कार्यक्रम आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत शामिल हुए। कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ विभाग के प्रतिनिधि ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। आयुष्मान कार्ड आदि की जानकारी दी। काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर योजनाओ की जानकारी ली। मौके पर अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो, आरबीआई के साख फाउंडेशन से पुजा ठाकुर, मुखिया फुलमनी मिंज,राकेश भगत इमरान अंसारी मोहम्मद सईद, इब्राहिम सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# केसीबी कॉलेज के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ राकेश शर्मा का निधन

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमचन्द भगत कॉलेज के वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष सह बर्सर पद पर कार्यरत डॉ. राकेश शर्मा का मंगलवार की सुबह अकस्मित निधन हो गया। डॉ. राकेश अपने टंगराटोली, राँची स्थित आवास से कॉलेज जाने के लिए प्रातः 9.30 बजे तैयार हो रहे थे। इस दौरान अचानक तबियत खराब हो गया। परिजनों ने उपचार के लिए आर्किट हॉस्पीटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। प्रो0 राकेश अपने पीछे पत्नी, बेटी डॉ.सालू और बेटा कुमार पराग छोड़ गये. इनका अंतिम संस्कार मंगलवर की देर शाम हरमू मुक्ती धाम में किया गया जहां पुत्र कुमार पराग ने मुखाग्नी दी। अंतिम संस्कार में कॉलेज के प्रचार्य डॉ. विंध्याचल राम, पूर्व कुलपति डॉ. रविन्द्रनाथ भगत, डॉ. रविकांत मेहता, प्रो. प्रदीप अधिकारी, प्रो. बिरेन्द्र प्रसाद, प्रो. सुमन चैबे, प्रो. सुदेश साहु, मो. मजरूल, दिवाकर देव सहित केसीबी कॉलेज, राँची विश्वविद्यालय के कई प्रोफेसर व कर्मी उपस्थित थे।


झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालय, प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन अपराध में संलिप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों के विरूद्व प्राधिकृत पदाधिकारी –सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी, कोडरमा वन प्रमण्डल के न्यायालय में अधिहरण वाद की कार्रवाई प्रारंभ की गई है, विवरणी निम्नवत् है :

| क्र0 सं0 | अभियुक्त का नाम एवं पता | अधिहरण वाद संख्या | वाहन का प्रकार | जप्त वाहन का निबंधन संख्या | जप्त वन पदार्थ | जप्ति तिथि | जप्ति पदाधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | **कमलेश साव,** पिता – श्यामलाल साहु, साकिन – डोमचाँच, शहीद चौक, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 18/17 | 407 ट्रक | BR-13L-2112 | ढीबरा | 30.05.17 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 2 | **छोटेलाल साव** (वाहन स्वामी), पिता – जगदीश साव, साकिन – भुण्डो, चन्दवारा, थाना – चन्दवारा, जिला – कोडरमा। | 05/17 | जोनडीयर ट्रेक्टर | बिना नम्बर का | जलावन | 31.07.17 | श्री राजकुमार सिंह, वनपाल |
| 3 | **पप्पु साव,** पिता – विनोद साव, साकिन – सपही, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 43/18 | टाटा 407 मिनी ट्रक | BR-13G-0430 | ढीबरा | 07.08.18 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 4 | **महरू मोदी** (ढीबरा स्वामी), पिता – चौंवा मोदी, साकिन – झुमरी तिलैया, थाना तिलैया, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 57/18 | 207 मिनी ट्रक | JH-12A-9040 | ढीबरा | 08.10.18 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 5 | **बरसात मियां,** पिता – उद्दीन मियां, साकिन – भुण्डो, थाना – चन्दवारा, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 06/18 (misc) | – | - | लकड़ी | 26.11.18 | श्री ब्यास उपाध्याय, प्रभारी वनपाल |
| 6 | **संतोष मेहता,** पिता – मदनमोहन मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 44/18 | टाटा 407 मिनी ट्रक | BR-17B-4065 | ढीबरा | 13.08.18 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 7 | **किशुन सिंह,** पिता – गोवर्धन सिंह, साकिन – बिरागढा, टोला – बड़कीटांड़, थाना – चन्दवारा, जिला – कोडरमा एवं अन्य 05 | 04/18 (misc) | – | - | लकड़ी | 26.11.18 | श्री ब्यास उपाध्याय, प्रभारी वनपाल |
| 8 | **बरसात मियां,** पिता – उद्दीन मियां, साकिन – भुण्डो, थाना – चन्दवारा, जिला – कोडरमा एवं अन्य 04 | 05/18 (misc) | – | - | लकड़ी | 12.10.18 | श्री ब्यास उपाध्याय, प्रभारी वनपाल |
| 9 | **राजकुमार यादव,** पिता – स्व0 रामेश्वर यादव, ग्राम – चौधरडीह (सपही), थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 68/18 | टाटा 407 ट्रक | बिना नम्बर का | ढीबरा | 20.12.18 | श्री बिन्देश्वरी उपाध्याय, वनपाल |
| 10 | **धीरज कुमार साव** (वाहन स्वामी), पिता – रामजनम साव, साकिन + थाना – नवलशाही, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 17/18 | 10 चक्का ट्रक | JH-12B-6828 | ढीबरा | 06.04.18 | के0के0 ओझा, वन क्षेत्र पदाधिकारी |
| 11 | **नुर मिया,** पिता – चुटो मियां, साकिन – बभनी, थाना – राजधनवार, जिला – गिरिडीह। | 23/19 | जोनडीयर ट्रेक्टर | बिना नम्बर का | पत्थर | 22.08.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 12 | **संतोष मेहता,** पिता – मदन मोहन मेहता, ग्राम – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 22/19 | टाटा 407 ट्रक | बिना नम्बर का | ढीबरा | 08.11.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 13 | **मनोज मोदी,** पिता – बासुदेव मोदी, साकिन – अम्बाटांड़, पो0 – चन्द्रोली, थाना – धनवार, जिला – गिरिडीह एवं अन्य 01 | 17/19 | महिन्द्रा पिकअप भान | JH-10AY-7668 | लकड़ी | 12.10.20 | श्री सुरेश कुमार चौधरी, वनपाल |
| 14 | **छोटेलाल मेहता,** पिता – झरी मेहता, साकिन – महेशपुर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 28/19 | बैलगाड़ी | – | लकड़ी | 30.10.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 15 | **शंकर मेहता,** पिता – भुनेश्वर मेहता, साकिन – पंचगावां, थाना –डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 29/19 | बैलगाड़ी | – | लकड़ी | 30.10.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 16 | **महावीर मेहता,** पिता – कुंज बिहारी मेहता, साकिन – जरूवाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 30/19 | दो बैलगाड़ी | - | लकड़ी | 07.11.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 17 | **शिवशंकर मेहता,** पिता – बाबूलाल मेहता, साकिन – महेशपुर, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 31/19 | दो बैलगाड़ी | - | लकड़ी | 07.11.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 18 | **मेघलाल भुनयां,** पिता – स्व0 किशुन भुनयां, साकिन – महुआदोहर, थाना – चन्दवारा, जिला – कोडरमा। | 07/19 | हिरो होण्डा स्पेण्डर प्रो पुराना | JH-02T-5837 | शिकार | 06.01.19 | श्री शंकर महतो, वन क्षेत्र पदाधिकारी |
| 19 | **मो0 वारिस,** पिता – मो0 गयास, ग्राम – बाराटांड़, थाना – रजौली, जिला – नवादा (बिहार)। | 13/20 | सफेद रंग का टाटा 407 मिनी ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 07.03.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 20 | **मुरारी यादव,** बासुदेव यादव, साकिन – चन्द्रोडीह, थाना + जिला – कोडरमा। | 04/19 | शक्तिमान ट्रक | JH-17D-5153 | ढीबरा | 06.02.19 | श्री सुरेन्द्र कुमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी |
| 21 | **अफताब आलम** (वाहन स्वामी), पिता – जब्बार खान, साकिन – भण्डारीडीह, थाना + जिला – गिरिडीह एवं अन्य 01 | 53/20 | महिन्द्रा सवारी | JH-11D-8582 | ढीबरा | 24.11.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 22 | **रामेश यादव,** पिता – बालेश्वर यादव, साकिन – सपही चौक, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 35/20 | टाटा 407 मिनी ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 11.08.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 23 | **जयलाल मेहता,** पिता – स्व0 बोधराम मेहता, साकिन – फुलवरिया, थाना – नवलशाही, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 36/20 | पिकअप भैन | JH-02Y-6796 | लकड़ी | 18.08.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 24 | **महेन्द्र राम,** पिता – स्व0 भीखन राम, साकिन – झरीटांड़, थाना + जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 26/20 | टाटा 407 मिनी ट्रक | JH-17D-2845 | ढीबरा | 03.06.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 25 | **बंधु मेहता,** पिता – हेमन मेहता, साकिन – नावाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 25/20 | टेम्पू | बिना नं0 का | ढीबरा | 03.06.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 26 | **आसगर अली,** पिता – हुसैन मियां, साकिन – बेकोबार, थाना – तिलैया, जिला – कोडरमा। | 27/20 | महिन्द्रा बोलेरो पिकअप भैन | JH-02AA-3106 | ढीबरा | 03.06.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 27 | **छोटेलाल मेहता,** पिता – स्व0 तेजो मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 28/20 | शक्तिमान ट्रक | बिना नं0 का | ढीबरा | 03.06.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 28 | **पंकज मेहता,** पिता – रूपलाल मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 29/20 | हीरो स्पेण्डर प्लस | JH-12J-7783 | दारू निर्माण | 27.07.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 29 | **उमा पण्डेय,** पिता – लालजीत पण्डेय, साकिन – गुण्डाडीह, थाना – राजधनवार, जिला – गिरिडीह एवं अन्य 02 | 31/20 | बोलेरो पिकअप भैन | बिना नं0 का | लकड़ी | 29.07.20 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 30 | **बिरेन्द्र मेहता उर्फ बिरू मेहता,** पिता – शंभू मेहता, साकिन – मधौतीमहुआ, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 30/20 | दस चक्का ट्रक | JH-12C-2469 | ढीबरा | 28.07.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 31 | **दिवाकर यादव,** पिता – महेश यादव, साकिन – तेतरियाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 07/20 | टेम्पो | बिना नं0 का | ढीबरा | 11.02.20 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 32 | **राम बच्चन मेहता,** पिता – बासुदेव मेहता, साकिन – बिगहा, फुलवरिया, थाना – नवलशाही, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 01/20 | 407 ट्रक | JH-10AW-0674 | लकड़ी | 26.12.19 | श्री मोहन सिंह, वनपाल |
| 33 | **लालो सिंह,** पिता – स्व0 भादे सिंह, साकिन – गोरियाडीह, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा। | 03/20 | स्वराज ट्रेक्टर ट्रौली सहित | बिना नं0 का | लकड़ी | 09.01.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 34 | **राजु मेहता,** पिता – घनश्याम मेहता, साकिन – पंचगावाँ, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 33/20 | हीरोहोण्डा मोटर साईकिल | बिना नं0 का | लकड़ी | 10.01.20 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 35 | **छेवकरन चौधरी,** पिता – स्व0 राजेन्द्र चौधरी, साकिन – अरखांगो, थाना – राजधनवार, जिला – गिरिडीह एवं अन्य 03 | 13/21 | टाटा 407 | बिना नं0 का | लकड़ी | 19.04.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 36 | **पंकज मेहता,** पिता – लल्लू मेहता, साकिन – तेतरियाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 12/21 | टेम्पू | JH-10AP-5624 | ढीबरा | 11.04.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 37 | **सुभाष मेहता,** पिता – किशुनलाल मेहता, साकिन – मसनोडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 14/21 | 407 | बिना नं0 का (ब्लू रंग का) | ढीबरा | 24.04.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 38 | **राजेश मेहता,** पिता – रामेश्वर मेहता, साकिन – तेतरियाडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 18/21 | टाटा 407 | बिना नं0 का | ढीबरा | 08.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 39 | **बबलू सिंह,** पिता – जालेश्वर सिंह, साकिन – ढाब, थाना – ढाब, जिला – कोडरमा एवं अन्य 03 | 16/21 | टाटा 407 | BR-20E-6855 | ढीबरा | 01.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 40 | **अशोक यादव,** पिता – स्व0 छोटु यादव, साकिन – महावीर मुहल्ला, थाना + जिला – कोडरमा। | 25/21 | टाटा 709 | बिना नं0 का | ढीबरा | 21.07.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 41 | **सीताराम पंडित,** पिता – नारो पंडित, साकिन – मरकच्चो (कुम्हार टोली), थाना – मरकच्चो, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 21/21 | महिन्द्रा पिकअप | बिना नं0 का | लकड़ी | 27.06.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 42 | **धनेश्वर दास,** पिता – प्रयाग दास, साकिन बरवाडीह, पो0 – महुगाई, थाना – मरकच्चो, जिला – कोडरमा। | 31/21 | टेम्पू | JH-10B-3313 | ढीबरा | 03.09.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 43 | **बुलाकी मेहता, उर्फ राजु मेहता,** पिता – करम मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 01 | 32/21 | महिन्द्रा ट्रेक्टर | बिना नं0 का | ढीबरा | 05.09.23 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 44 | **प्रदीप मेहता,** पिता – जमुना मेहता, साकिन – बेहराडीह, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 02 | 09/21 | (1) जे0सी0बी0 (2) शक्तिमान ट्रक | दोनों बिना नं0 का | लकड़ी | 04.02.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 45 | **राजकुमार यादव,** पिता – मंशी यादव, साकिन – केलपुर, थाना – राजधनवार, जिला – गिरिडीह एवं अन्य 01 | 07/21 | ट्रेक्टर का ट्रोली | बिना नं0 का | लकड़ी | 10.01.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 46 | **राजु मेहता,** पिता – नारायण मेहता, साकिन – भेलवाटांड़, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 06/21 | टाटा 709 मिनी ट्रक | निबंधन सं0–अस्पष्ट | ढीबरा | 20.01.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 47 | **प्रवीण मेहता,** पिता – शंभु मेहता, साकिन – मधौतीमहुआ, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा। | 33/21 | दस चक्का ट्रक | JH-10G-5525 | ढीबरा | 31.08.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |
| 48 | **बिनोद मोदी,** पिता – मुंशी मोदी, साकिन – भेलवाटांड़, थाना – डोमचाँच, जिला – कोडरमा एवं अन्य 06 | 35/21 | CAT जे0सी0बी0 | बिना नं0 का | समतली –करण | 01.09.21 | श्री रामेश्वर साव, वनपाल |

उक्त अधिहरण वाद से संबंधित सभी अभियुक्तों एवं उक्त वाद में अर्न्तग्रस्त जप्त वाहनों एवं उस पर लदे जप्त वन पदार्थों पर अपना दावा रखने वाले सभी व्यक्तियों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मामले में अगली सुनवायी हेतु तिथि 05.01.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की जाती है।

अतः उक्त तिथि को उपस्थित होकर अपना बचाव / दावा प्रस्तुत करें। साथ ही, निर्धारित तिथि 05.01.2024 के पूर्व कारण पृच्छा भी समर्पित करना सुनिश्चित करें।

यदि निर्धारित तिथि को सुनवायी के दौरान दावा रखने वाले संबंधित व्यक्ति अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में एकपक्षीय सुनवायी करते हुए अधिहरण वाद को निष्पादित कर दिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
कोडरमा वन प्रमण्डल।

PR 314923 Forest, Environment and Climate Changes(23-24)D


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## आदिवासी हो समाज युवा महासभा ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



**जगन्नाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वास्तविक घटना के दिन सेरेंगसिया घाटी के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दिया जाए, इस विचार के साथ आदिवासी हो समाज युवा महासभा के टीम ने 2 जनवरी को वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दिया। शहीद स्मारक स्थल सेरेंगसिया पहुँचकर नारा हो,फोटो,बड़ाय हो,देवी हो,बुगनी हो,पान्डुवा हो के नाम से श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। आदिवासी हो समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय महासचिव गब्बर सिंह हेम्ब्रम ने अपील किया है कि खरसाँवां, जगन्नाथपुर, ओढ़िशा कलिंगानगर, गुवा एवं विभिन्न स्थलों में वास्तविक घटना के तिथि के दिन ही शहीदों को श्रद्धांजलि देते आने का परंपरा को पालन करें। इस अवसर पर एसएलपी ब्लैक कोर्ट के प्रतिनिधि सुरेन्द्र पुरती, आदिवासी हो समाज युवा महासभा राष्ट्रीय संगठन सचिव सुशील सवैयाँ, झारखण्ड प्रदेश कमिटि संयुक्त सचिव सिंकन्दर हेम्ब्रम,सांस्कृतिक सचिव जगन्नाथ हेस्सा,दिउरी सदस्य बब्लु बिरुवा, साहित्यकार सदस्य दांसर बोदरा,पूर्व अनुमंडल अध्यक्ष शेरसिंह बिरुवा आदि लोग उपस्थित थे।

## सुखी वृक्ष को हटवाने एवं स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** घाटशिला प्रखंड अंतर्गत लालडीह आश्रम के समीप बीच सड़क पर स्थित सूखे पेड़ को हटवाने तथा मुख्य सड़कों पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग को लेकर जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह ने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी से मिले एवं उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। सौंपे गए मांग पत्र में जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह ने बताया कि लाडलीह आश्रम के समीप मुख्य सड़क के बीच बदहाल स्थिति में एक सूखी हुई पेड़ है जो कभी भी गिर सकती है। मुख्य सड़कों पर इन दिनों लगातार हो रहे दुर्घटनाओं को देखते हुए स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता है। घाटशिला जिला परिषद सदस्य कर्ण सिंह ने समय रहते शीघ्र ही बदहाल सूखी हुई पेड़ को हटवाने और मुख्य सड़कों पर स्पीड ब्रेकर बनाने की अपील की है।



## घाटशिला उप प्रमुख ने दिया मानवता का परिचय, सड़क पर गिरी महिला को पहुंचाया अस्पताल

**घाटशिला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अपनी मानवता का परिचय देते हुए घाटशिला प्रखंड के उप प्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने सड़क पर गिरी हुई महिला को अस्पताल पहुंचाया। इस संबंध में प्रखंड उप प्रमुख गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने बताया कि वह घाटशिला से तमुकपाल होकर कहीं जा रहे थे। तमुकपाल के समीप पहुंचे तो सड़क पर एक महिला को गिरी हुई हालत में देखा। महिला ने बताया कि वह किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह सड़क पर गिर गई। शीघ्र ही गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने उस महिला को चिकित्सा के लिए अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। इस मौके पर रिशु भट्टाचार्य, विकास प्रमाणिक, विशाल सिंह उपस्थित थे।



## दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता सह मेला का हुआ उद्घाटन



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा जागृति क्लब, रेंगोगोडा एवं श्री साई सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता सह मेला का उद्घाटन झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा जागृति क्लब रंगोगोड़ा के अध्यक्ष जितेंद्र महतो, साई सेवा संस्थान के संरक्षक घनपत महतो, कार्तिक महतो, ग्राम प्रधान दिलीप प्रधान, डॉ जगदीश प्रसाद महतो, शिक्षक गणेश महतो, सदानंद सतपति, अशोक महतो, जगबंधु प्रधान, भोलानाथ प्रधान, पवन प्रधान के साथ क्षेत्र के जाने माने शिक्षाविद उपस्थित थे।

## तुलसी भवन में अश्विनी उपाध्याय का भाषण 12 को



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिल्ली के चर्चित वकील और पीआईएल मैन ऑफ इंडिया के उपनाम से जानेवाले अश्विनी उपाध्याय का भाषण तुलसी भवन में विवेकानंद जयंती के अवसर पर 12 जनवरी 2024 को विचार साधना सत्र के अंतर्गत होने जा रहा है। भाषण का विषय होगा रामराज्य और संविधान। इसको लेकर आज सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन एवं भारतीय जनसभा के संयुक्त तत्वावधान में नगर के प्रमुख संस्थाओं के वरिष्ठ जन तुलसी भवन के न्यासी मुरलीधर केडिया, अध्यक्ष सुभाषचंद्र मुनका, भारतीय जनसभा के अध्यक्ष धर्मचंद पोद्दार, क्रीड़ा भारती के मंत्री राजीव चौधरी, स्वदेशी के बंदे शंकर सिंह, इंद्रदेव प्रसाद,पूर्व सैनिक के वरुण कुमार, राजेश पांडेय, बजरंग सेवा संस्थान से सागर तिवारी, विद्यार्थी परिषद से प्रताप सिंह, विद्या भारती के अरविंद सिंह, शिवात्मा तिवारी, किरण कुमारी वर्तनी, अमरजीत सिंह, सेवा भारती के राकेश कुमार, तुलसी भवन से प्रसेनजित तिवारी, डॉ अजय ओझा, सुरेश चंद्र झा ने कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने हेतु बैठक की।

## अमनदीप कौर खेलो इंडिया यूथ गेम्स में करेंगी झारखंड का प्रतिनिधित्व

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील एथलेटिक ट्रेनिंग सेंटर की कैडेट अमनदीप कौर को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2024 में महिला वर्ग में अंडर 18 ऊंची कूद स्पर्धा में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। अमनदीप की असाधारण प्रतिभा और समर्पण ने उन्हें यह प्रतिष्ठित अवसर दिलाया है। चयन ट्रायल के दौरान, उन्होंने अपनी उल्लेखनीय एथलेटिक क्षमता और क्षमता का प्रदर्शन करते हुए 1.50 मीटर की प्रभावशाली छलांग लगाई।



# हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवरों का हड़ताल तेज, किया सड़क जाम

### कानून के जद में सभी बड़े वाहन के साथ दो व चार पहिया वाहन के चालक भी आयेंगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** हिट एंड रन कानून को लेकर देश भर में चालकों का विरोध जारी है. इसको लेकर चालकों द्वारा तीन दिन की हड़ताल की घोषणा की गई है. मंगलवार को भी यह हड़ताल जारी रहा. सभी ट्रक और ट्रेलर चालकों ने कंपनी गेट परिसर के बाहर सड़क को जाम करते हुए विरोध प्रदर्शन किया. चालकों ने बर्मामाइंस बेकिंग प्लांट, ट्यूब कंपनी गेट, साउथ गेट के अलावा अन्य जगहों पर प्रदर्शन किया. चालकों ने वाहनों को बीच सड़क पर खड़ा कर प्रदर्शन शुरू कर दिया वहीं सड़क पर टायर जलाकर सड़क को जाम कर दिया. चालकों का कहना था कि सरकार के ऐसे कानून से चालकों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ेगा. अगर किसी चालक से सड़क दुर्घटना हो जाए तो उसे लाखों रुपये जुर्माना और जेल का प्रावधान है. चालक का इतना वेतन ही नहीं है कि वे जुर्माना भर सकें. अगर वे जेल गए तो परिवार का भरण पोषण कौन करेगा. सरकार को यह नियम वापस लेना होगा. इधर, चालकों के प्रदर्शन से सड़कों पर लंबा जाम लग गया. कई वाहन जाम में फंसे रहे तो कई ने अपना रास्ता बदल दिया. ट्रक चालक ऑटो चालकों को भी इस हड़ताल में शामिल होने को बाध्य कर रहे थे. हालांकि अब तक बस और ऑटो चालकों ने इस हड़ताल का समर्थन नहीं किया है. अगर बस और ऑटो चालक इस प्रदर्शन का हिस्सा बने तो आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा.






### हड़ताल के समर्थन में उतरे जमशेदपुर ट्रक-ट्रेलर ऑनर्स एसोसिएशन

वहीं जमशेदपुर ट्रक-ट्रेलर ऑनर्स एसोसिएशन भी नए मोटर व्हीकल एक्ट के विरोध में उतर आया है. एसोसिएशन के अध्यक्ष जसवीर सिंह ने कहा है कि इस कानून का दुरुपयोग बड़े पैमाने पर हो सकता है. इसके दूरगामी परिणाम होंगे. उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि यह कानून केवल व्यावसायिक एवं बड़ी गाड़ियों के चालकों पर ही लागू होगा, बल्कि इसके जद में दो एवं चार पहिया वाहन के चालक भी आयेंगे. केंद्र सरकार को सरल और सहज रूप में कानून लाना चाहिए था, जो जनहित में प्रत्येक वाहन चालक के लिए कानूनी कवच के रूप में काम करेगा. उक्त बातें उन्होंने मंगलवार को साकची के एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही. इसमें एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एक स्वर में केंद्र सरकार द्वारा लाये गये मोटर व्हीकल एक्ट भारतीय दंड संहिता 104 (ए) कानून का विरोध किया. कहा कि कानून में यदि संशोधन नहीं किया गया तो सभी गाड़ियां खड़ी हो जाएगी और जिसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा एवं आम जनता त्राहिमाम करेगी. इसलिए एसोसिएशन अपने प्रत्येक वाहन चालक के साथ खड़ी है. उसके हितों की रक्षा के लिए जो भी कानूनी कदम उठाने होंगे, उठाए जाएंगे.

## दो अलग-अलग जगह पर हुई दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** मंगलवार को दो अलग-अलग जगह पर हुई दुर्घटना में एक की मौत हो गई है जबकि तीन लोग घायल हुए है। पहली घटना जेटेया थाना अंतर्गत काकुईता गांव में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गई, जिससे मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई। वहीं दो अन्य लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार टोंटो निवासी गुरुचरन नागुरी, अर्जुन नागुरी, एवं जगदीश नागुरी सभी टोंटो से जगन्नाथपुर की ओर जा रहे था तभी काकुईता पहुंचने के क्रम में टर्निंग में अचानक ट्रैक्टर का ब्रेक फेल होने से नियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गई। जिससे घटनास्थल पर ही ट्रैक्टर चालक जगदीश नागुरी की मौत हो गई। वही ट्रैक्टर में सवार गुरुचरण नागुरी एवं अर्जुन नागुरी घायल हो गया। जेटेया पुलिस घटना स्थल पर पहुच कर सभी को जगन्नाथपुर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कर सभी को छोड़ा गया। वहीं दूसरी घटना हॉटगामहरिया केन्दपोसी मुख्य मार्ग में अनियंत्रित होकर गिरने से एक युवक घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हाट गामहरिया थाना क्षेत्र के बुरुबाती निवासी कायिरा सवैया नामक व्यक्ति हाथ गम्हरिया स्कूल से अपने बच्चों को लेने जा रहा था ।

## जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन दिवसीय डॉग शो 5-7 जनवरी तक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर केनेल क्लब का 74वां, 75वां और 76वां चैंपियनशिप डॉग शो 5-7 जनवरी, 2024 को आर्चरी ग्राउंड, जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा। इसमें सभी नस्ल चैंपियनशिप और बीगल और लैब्राडोर रिट्रीवर्स के लिए विशेष शो शामिल होंगे, जिसमें 45 से अधिक नस्लों के कुल 386 डॉग्स भाग लेंगे। इसको लेकर आज प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, जमशेदपुर केनेल क्लब की अध्यक्ष रुचि नरेंद्रन ने कहा, %जमशेदपुर डॉग शो 2024 विश्व स्तरीय कैनाइन उत्कृष्टता का उत्सव है, जहां प्रत्येक डॉग अनुग्रह, सुंदरता और कौशल की सच्ची भावना का प्रतीक है। यह एक प्रमाण है मनुष्यों और उनके उल्लेखनीय साथियों के बीच का शाश्वत बंधन का। जेकेसी के सचिव सुदीप्तो सरकार ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से जमशेदपुर के डॉग्स ने कई राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार जीते हैं। विभिन्न श्रेणियों के लिए जजों के पैनल में ओबिडिएंस ट्रायल के लिए भारत से फिलिप बट, बीगल स्पेशलिटी और लैब्राडोर स्पेशलिटी शो के लिए रूस से याना गैवरिलोवा और मैसेडोनिया से डॉ. पेरो बोझिनोव्स्की, ऑस्ट्रेलिया से लिनेट ब्रांड, एलेक्सी बेल्किन और ऑल ब्रीड शो के लिए रूस और दक्षिण कोरिया से वूंग जोंग ली शामिल है।

# खरसावां में हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों ने 6 घंटे किया सड़क जाम

### नये कानून में दुर्घटना के बाद ड्राइवर के भागने पर 10 लाख तक का जुर्माना और 7 साल की सजा का प्रावधान है

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित हिट एंड रन कानून के खिलाफ वाहन चालक सड़क पर उतरे हैं. तीन दिवसीय हड़ताल के दूसरे दिन मंगलवार को ट्रक बस ऑटो समिति विभिन्न गाड़ी के चालकों ने खरसावां केरसे मुंडा चौक को जाम कर दिया। जिससे अवागमन बाधित हो गई। खरसावां के केरसे मुंडा चौक के समीप इस काला कानून को वापस लेने की मांग पर सड़क के बीच ट्रक बस ऑटो खड़ा कर सरायकेला, कुचाई व सीनी आमदा मुख्य मार्ग को सुबह सात बजे से जाम कर दिया। इस दौरान ट्रक चलो कोनी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जमकर नारेबाजी की। इस काले कानून को वापस नहीं लेने पर चालकों ने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। चालकों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा काला कानून पूरे भारत के चालकों पर थोपा जा रहा है। जिसमें दुर्घटना के बाद चालक के भाग जाने पर 10 लाख तक का जुर्माना और 7 साल की सजा का प्रावधान बनाया गया है। इससे चालकों में भय का माहौल बन गया है। ट्रक चालक केंद्र सरकार के कड़े नियमों का विरोध सड़क जाम कर दिया है। वहां चालकों का कहना है कि नया कानून चालकों के हित में नहीं है। इसे वापस लिया जाए।



## विश्व व्यापी ताण्डव प्रतियोगिता में गम्हरिया के तीन बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आनन्दमार्ग की ओर से विगत दिनों आनंदनगर में आयोजित विश्व व्यापी धर्म महासम्मेलन के दौरान तांडव नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया था। उंक्त प्रतियोगिता में जिले के गम्हरिया स्थित गुरुकुल आवासीय विद्यालय के भी तीन बच्चो ने भाग लिया था। सभी बच्चों ने उसमे अव्वल प्रदर्शन कर जीत का परचम लहराया। जिसमे विद्यालय के छात्र शुभम मुर्मू ने 56 मिनट तांडव नृत्य कर प्रथम स्थान, सुभाजित देव ने 50 मिनट में द्वितीय स्थान तथा अवजीत मुर्मू ने 45 मिनट नृत्य प्रस्तुत कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन विजेताओं को आनन्दमार्ग प्रचारक संघ के पुरोधा प्रमुख आचार्य विश्व देवानन्द अवधूत ने ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

## रांची आगमन पर झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर का भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महामंत्री सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर का स्वागत कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जमशेदपुर से पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी का स्वागत जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी एवं जिला पदाधिकारी के द्वारा शॉल प्रदान कर अभिनंदन किया। प्रदेश पदाधिकारी, मंत्री बन्ना गुप्ता ,आलमगीर आलम, रामेश्वर उरॉव, बादल पत्रलेख सहित विधायकगणों ने भी स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में शामिल होने वालों में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, जिला उपाध्यक्ष अवधेश सिंह, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, शफी अहमद खान, कोषाध्यक्ष सलीम खान, जितेन्द्र सिंह, अजय मंडल, दिबेश राज चेयरमैन ओबीसी विभाग, कुमार गौरव, निखिल तिवारी, सचिन कुमार सिंह, रानी राव, रंजीत झा, सन्नी सिंह, प्रदेश पदाधिकारी में बिजय खॉ, खगेनचन्द्र महतो, प्रिंस सिंह, के के शुक्ल, कमलेश कुमार पाण्डेय आदि थे।



## पटमदा में दूसरे दिन भी असरदार रहा वाहन चालकों का आंदोलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे से शाम 5 बजे तक पटमदा के बेलटांड़ चौक में वाहन चालकों ने आंदोलन किया। इस दौरान टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर उतरकर विरोध प्रर्दशन किया गया। आंदोलनकारियों ने सड़क पर ही खिचड़ी बनाकर खाया। आंदोलन के क्रम में चालकों ने प्राइवेट वाहनों को छोड़ अन्य सभी दर्जनों वाहनों को रोकते हुए वापस कर दिया। इस दौरान मजदूरों व किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आधिकांश किसानों ने रात को ही अपनी सब्जियों को जमशेदपुर बाजार पहुंचाया। हालांकि दुपहिया वाहनों में काफी संख्या में मजदूर काम के लिए अपने घरों से जमशेदपुर के लिए गए और देर शाम तक लौटे। किसान व मजदूरों को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा। मौके पर मनोज कुमार सिंह, दीपक हालदार, दीपक कुंभकार, कृष्णा माहली, राजू दत्त, गौतम दत्त, चंडी दत्त व शंभू सिंह समेत काफी संख्या में चालक शामिल थे। कुल मिलाकर वाहन चालकों का आंदोलन काफी असरदार रहा।



## बोड़ाम के बोंटा में हाथी ने युवक को पटक कर किया अधमरा, एमजीएम से रिम्स रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** दलमा की तलहटी पर स्थित बोंटा गांव के ससानकोचा टोला में सोमवार की शाम करीब 7 बजे हाथी ने एक युवक को कुछ अलग ही अंदाज में हमला कर दिया। हाथी के हमले से घायल ससानकोचा निवासी 23 वर्षीय युवक सालकू मार्डी बुरी तरह घायल हो गया है। परिजनों ने तुरंत ही उसे एमजीएम अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। देर रात को उसे परिजनों ने रिम्स, रांची ले जाकर भर्ती कराया जहां उसकी चिकित्सा जारी है। घटना के संबंध में युवा समाजसेवी उमेश चंद्र महतो ने बताया कि नववर्ष के मौके पर उनलोग शाम 6 बजे तक भादूडीह में साथ ही बैठे थे। फिर घर लौटने के बाद सालकू अपने कुछ साथियों के साथ घर के बाहर खड़े-खड़े हाथियों के झुंड के बारे में ही चर्चा कर रहे थे कि अचानक 38 हाथियों का झुंड बगल से गुजरने लगा। इस दौरान मची अफरा तफरी के बीच झुंड के पीछे चल रहा एक नर हाथी ने गुस्से में आकर लोगों को दौड़ाने लगे। फिर भागने में असफल रहे सालकू को उस नर हाथी ने सूंड़ से पकड़कर काफी दूर तक ले जाकर एक बैगन के खेत में पटकने लगा। ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने पर युवक को छोड़ हाथी अपने झुंड के साथ निकल गया। बताते हैं कि पिछले 3 दिनों से बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत बोंटा एवं लायलम पंचायत के विभिन्न गांवों में 38 हाथियों का दल उत्पात मचा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा भगाने का प्रयास करने पर गजराज गुस्से में लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। यही दल पिछले दिनों पहाड़पुर व कुईयानी पंचायत क्षेत्र में विचरण कर रहे थे।



## माचा में नि:शुल्क मानसिक चिकित्सा शिविर आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी सिंहभूम तथा जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी माचा, पटमदा में एक दिवसीय निःशुल्क मानसिक एवं मिर्गी मरीजों की चिकित्सा शिविर आयोजित की गई। शिविर में मनोचिकित्सक डॉ. दीपक कुमार गिरी द्वारा 80 पुराने एवं 6 नए मरीजों को जांचोपरांत निःशुल्क एक महीने की दवा दी गई। अगला शिविर 6 फरवरी को आयोजित की जाएगी। शिविर को सफल बनाने में डॉ. स्मिता हेंब्रम, पवन कुमार, पीएलवी शिव शंकर महतो, निताई चन्द्र गोराई व नन्द रजक का अहम योगदान रहा।

## हिट एंड रन कानून का उग्र विरोध

देशभर में ट्रक, डंपर और बस चालक इस समय हड़ताल पर हैं. चालकों का विरोध केंद्र सरकार के नए हिट एंड रन कानून के खिलाफ है, जिसमें 10 साल की जेल और सात लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान है. इसके खिलाफ देशभर में चक्काजाम की स्थिति बन गई है. देश भर के कई संगठन इस कानून के विरोध में सड़कों पर उतर आए हैं। कई जिलों में चक्का जाम और बसों-ट्रकों की हड़ताल शुरू है। प्राइवेट बसों व ट्रकों से लेकर सरकारी महकमें की बसें भी शामिल रही। ज्यादातर राज्यों के हाईवेज पर ट्रक और प्राइवेट बस खड़ी हो गई।दरअसल हिट एंड रन के नए कानून के तहत केंद्र सरकार ने 10 साल की सजा एवं 10 लाख जुर्माना लगाने का प्रावधान लागू किया है। केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध में निजी बसों के संचालकों की तीन दिवसीय हड़ताल का ग्रेटर नोएडा में व्यापक असर दिखा। हड़ताल से लंबी दूरी के यात्री सबसे ज्यादा हलकान दिखे। ठिठुरन भरी ठंड में बस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। बाराबंकी जिले में कई जगह ट्रक व अन्य वाहनों के चालकों ने सड़क पर प्रदर्शन किया। इस दौरान बाराबंकी बहराइच हाईवे आधा घंटे बाधित रहा। पुलिस ने 12 चालकों पर पाबंदी की कार्रवाई की है। वाहन चालकों ने बरेली-शाहजहांपुर हाईवे सहित जिले में कई जगह जाम भी लगाया। ईंधन व अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति भी प्रभावित रही।मुजफ्फरनगर में ट्रक, रोडवेज, प्राइवेट बसों समेत करीब छह हजार वाहनों के पहिए थम गए। ट्रांसपोर्ट, परिवहन निगम और प्राइवेट बसों को हड़ताल से लगभग डेढ़ करोड़ का नुकसान हुआ। प्राइवेट वाहनों के चालकों ने टेंपो, ई-रिक्शा को रोककर यात्रियों को उतार दिया। वहीं गाजीपुर में कानून के खिलाफ निजी बसों के चालक और परिचालक हड़ताल पर रहे। इससे 235 प्राइवेट बसों के पहिये थम गए। लंका बस स्टैंड पर प्राइवेट बसों के चालकों और परिचालकों ने प्रदर्शन किया। यूपी के बस्ती जिले में हाईवे एवं विभिन्न मार्गों पर मरीजों को लेकर जा रही 8 एंबुलेंस फंस गई। आंदोलनकारियों ने एंबुलेंस को निकालने में कोई मदद नहीं की। बाद में यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग ने पुलिस उच्चाधिकारियों को लोकेशन के साथ दी। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। तब जाकर एंबुलेंस को जाम से निकाला जा सका। ट्रक चालकों ने आगरा-दिल्ली हाईवे की दोनों लेन पर जाम लगा दिया। करीब पांच घंटे तक भीषण जाम में फंसे निजी वाहनों में सवार लोग कराह उठे। महिलाएं और बच्चे बिलख उठे। पीने के पानी और शौच के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आगरा से दिल्ली की तरफ टाउनशिप से लेकर करीब 10 किलोमीटर तक हजारों वाहनों की कतार लगी रही। नए कानून के विरोध में लखीमपुर व गोला डिपो, प्राइवेट व टूरिस्ट बसों को मिलाकर करीब 900 बसों के पहिए थमे रहे। इनमें लखीमपुर व गोला डिपो की बसों की संख्या 202 है। शामली आईआईए के चेयरमैन आशीष जैन ने बताया कि हड़ताल से शामली से हरियाणा- पंजाब, उत्तराखंड एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलो के बागपत-शामली, सहारनपुर में 750 ट्रक हड़ताल में फंस गए हैं। जिसे व्यापार भी प्रभावित होगा। सब्जी आढ़ती बाबूराम सैनी ने बताया कि दिल्ली से फल- सब्जी कम संख्या में आई है। मंगलवार को ट्रक और टेंपो चालकों की हड़ताल से दिल्ली और दूसरे राज्यों से फल सब्जी नहीं आएगी। जिससे रेट पर भी फर्म पड़ सकता है।सहारनपुर मंडल के कार्यवाहक आरएम का कार्यभार देख रहे गौरव पांडे ने बताया कि शामली में 42 अनुबंधित बस मालिकों को कारण बताओ नोटिस भेजे गए हैं। इन बस मालिकों ने बसों का संचालन बंद करने से पहले प्रार्थनापत्र दाखिल नहीं किए थे। महाराष्ट्र में कुछ जगहों पर आंदोलन हिंसक हो गया. प्रदर्शन कर रहे लोगों ने गुजरने वाले वाहनों पर पथराव किया और पुलिस के साथ झड़प की. नवी मुंबई के नेरुल में सुबह ट्रक चालकों के एक समूह ने एक पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया, जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया. इसके बाद पुलिस को मुंबई-बेंगलुरु राजमार्ग पर जमा भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बल प्रयोग करना पड़ा. बता दें कि पूरे देश में रोजाना औसतन एक लाख से ज्यादा ट्रक देश के अलग-अलग हिस्सों में दवाओं को पहुंचाते हैं। उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक तकरीबन इससे ज्यादा ही ट्रक फल और सब्जियों को पहुंचाते हैं। तकरीबन साढ़े चार लाख से ज्यादा ट्रक रोजाना एक जोन में रोजमर्रा से जुड़ी जरूरत के अन्य छोटे-छोटे सामान पहुंचाते हैं। लेकिन पिछले तीन दिनों से दवाइयों से लेकर फल और सब्जियां समेत डीजल, पेट्रोल और सीएनजी जैसी जरूरतें सप्लाई करने के लिए ट्रक नहीं चल रहे हैं। इस हड़ताल की गंभीरता को देखते हुए संगठन की एक आपातकालीन बैठक हुई। गृह मंत्रालय के साथ भी संगठन की बातचीत चल रही है। वहीं, सरकार ने भी ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल का लोगों पर असर न पड़े, इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने औपचारिक चिट्ठी जारी कर परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों से अपील की है कि वे धैर्य से काम लें. चिट्ठी में उन्होंने ट्रांसपोर्टर्स से कहा है कि देश में दो महान पर्व होने वाले हैं, जिसमें गणतंत्र दिवस और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा शामिल है.चिट्ठी में आगे कहा गया है कि स्वतंत्रता दिवस और राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, दोनों ही पर्व पर दुनिया भर के सभी देशों और उनके नागरिकों की पैनी नजर बनी हुई है. ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का कहना है कि कुछ ताकतें चाहती हैं कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बदनामी हो जाए।

### कांग्रेस ने पिछले साल पांच महत्त्वपूर्ण कानून पारित किए, जिनमें से अधिकांश को द्विदलीय समर्थन प्राप्त था

## क्या अमरीका में लोकतंत्र खतरे में है?

भानु धमीज

> राष्ट्र पति बाइडेन बार-बार याद दिलाते हैं कि पूर्व राष्ट्र पति ट्रंप लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। ट्रंप बाइडेन के बारे में भी यही बात कहते हैं। और एक हालिया सर्वेक्षण में, डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों पार्टियों के बहुमत का कहना है कि 'लोकतंत्र पतन के खतरे में है।' परंतु जमीन पर कुछ और ही कहानी सामने आती है। अमरीकी चुनाव ठीक से और समय पर हो रहे हैं, उनमें नागरिकों की भागीदारी दर ऊंची है, देश के राज्य और संघीय प्रशासन स्थिर हैं और संविधान के अनुसार काम कर रहे हैं। सभी स्थानीय सरकारी निकाय – लगभग 80,000 नगर परिषदों से लेकर शिक्षा बोर्ड तक – और सभी 50 राज्य सरकारें अपने निर्दिष्ट कत्तव्यों का पालन कर रही हैं और लोगों के प्रति जवाबदेह हैं।

**आश्चर्यजनक** रूप से 83 प्रतिशत अमरीकियों का मानना है कि उनके देश का लोकतंत्र खतरे में है। राष्ट्रपति बाइडेन बार-बार याद दिलाते हैं कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। ट्रंप बाइडेन के बारे में भी यही बात कहते हैं। और एक हालिया सर्वेक्षण में, डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों पार्टियों के बहुमत का कहना है कि 'लोकतंत्र पतन के खतरे में है।' परंतु जमीन पर कुछ और ही कहानी सामने आती है। अमरीकी चुनाव ठीक से और समय पर हो रहे हैं, उनमें नागरिकों की भागीदारी दर ऊंची है, देश के राज्य और संघीय प्रशासन स्थिर हैं और संविधान के अनुसार काम कर रहे हैं। सभी स्थानीय सरकारी निकाय – लगभग 80,000 नगर परिषदों से लेकर शिक्षा बोर्ड तक – और सभी 50 राज्य सरकारें अपने निर्दिष्ट कत्तव्यों का पालन कर रही हैं और लोगों के प्रति जवाबदेह हैं। यदि वर्जीनिया, ओहायो और केंटकी में हाल के चुनाव हमें कुछ बताते हैं तो वह यह है कि अमरीकी लोकतंत्र अत्यधिक संवेदनशील है। डेमोक्रेट्स ने बड़ी जीत हासिल की – बावजूद इसके कि बाइडेन की अप्रूवल रेटिंग घटकर 40 प्रतिशत के करीब रह गई है – ज्यादातर इसलिए क्योंकि पार्टी का गर्भपात समर्थक एजेंडा वही है जो लोग चाहते हैं। संघीय स्तर पर, जहां इस लोकतंत्र के खतरे की चर्चा का अधिकांश ध्यान केंद्रित है, अमरीका की तीनों शाखाएं उसी तरह काम कर रही हैं जैसे वे 235 वर्षों से कर रही थीं। कांग्रेस ने पिछले साल पांच महत्त्वपूर्ण कानून पारित किए, जिनमें से अधिकांश को द्विदलीय समर्थन प्राप्त था। इसने जलवायु परिवर्तन पर कार्रवाई की, राष्ट्रपति चुनावों में सुधार किया, हथियार कानूनों को कड़ा किया, चीन के खिलाफ अमरीकी विनिर्माण को मजबूत किया, और राष्ट्रीय स्तर पर समलैंगिक विवाह को प्रतिष्ठित किया। इस वर्ष, रिपब्लिकन नियंत्रित सदन, डेमोक्रेट-नियंत्रित सीनेट और राष्ट्रपति पद उसी प्रकार एक-दूसरे से द्वंद्व कर रहे हैं जैसा कि वे हमेशा विभाजित सरकार की अमरीका की अनूठी प्रणाली के तहत करते हैं। और सर्वोच्च न्यायालय भी दूरगामी निर्णय करना जारी रखे है। हाल ही में इसने सकारात्मक कार्रवाई कर राज्य के अधिकारों को सुदृढ़ किया और कार्यकारी अधिकारों पर रोक लगाई। जहां तक डोनाल्ड ट्रंप का सवाल है, अमरीकी प्रणाली के अंतर्निहित संवैधानिक सुरक्षा उपायों ने उनसे काफी प्रभावी ढंग से निपटा। पद संभालने के दो साल के भीतर ही उनके पंख काट दिए गए जब डेमोक्रेट्स ने 2018 के मध्यावधि चुनाव में सदन में बहुमत



हासिल कर लिया। अपने कार्यकाल के आखिरी दो वर्षों में, ट्रंप जांच और दो महाभियोगों के कारण अपंग हो गए। और उनके राष्ट्रपति कार्यकाल के बाद अब तक उन पर चार आपराधिक मामलों में 91 आरोपों पर अभियोग दाग दिए गए हैं। ट्रंप के सत्ता अतिक्रमण करने या एकतरफा कार्रवाई करने के प्रयासों को अमरीका के संविधान की प्रसिद्ध नियंत्रण और संतुलन प्रणाली ने रोक दिया। उदाहरण के लिए, कुछ मुस्लिम देशों से आप्रवासन पर उनका प्रतिबंध, और बच्चों को दस्तावेज न होने पर उनके अप्रवासी माता-पिता से अलग करने की उनकी नीति, दोनों को अदालतों द्वारा रोक दिया गया था। दक्षिणी सीमा पर दीवार बनाने के उनके प्रयास को ही कांग्रेस ने विफल कर दिया। यहां तक कि 'हाउ डेमोक्रेसीज डाई' पुस्तक के लेखकों ने भी स्वीकार किया कि अपने पहले वर्ष में, 'राष्ट्रपति ट्रंप एक लापरवाह ड्राइवर की तरह बार-बार रेलिंग से टकराए, लेकिन वह उसे नहीं तोड़ पाए। हमने तानाशाही की सीमा पार नहीं की।' लेकिन फिर भी डराने वाले अमेरिकी लोकतंत्र के खात्मे की चेतावनी देते हैं। वर्तमान में यह बार-बार ट्रंप के 'बड़े झूठ' (कि बाइडेन की जीत नाजायज थी) और कैपिटल पर 6 जनवरी के हमले के लिए उनके उकसावे के रूप में किया जाता है। लेकिन ट्रंप इन चालों में भी विफल रहे। लगभग सभी राज्य और संघीय निर्वाचित अधिकारी – जिनमें कई रिपब्लिकन और उनके अपने उपराष्ट्रपति भी शामिल हैं – अपनी संवैधानिक शपथों के प्रति सच्चे रहे और पद पर बने रहने के उनके प्रयासों को सफल बनाने से इनकार कर दिया। फिर भी विनाश के ये भविष्यवक्ता अमरीकी लोकतंत्र को बदनाम करना जारी रखे हैं, क्योंकि इससे उनकी पार्टी को लाभ मिलता है। ट्रंप ने डेमोक्रेट्स को उन्हें और उनकी पार्टी को देश के लिए खतरे के रूप में चित्रित करने को भरपूर ईंधन दिया है। इससे वामपंथी राजनेताओं, लेखकों और कार्यकर्ता समूहों को अपने विचारों को बेचने का एक आकर्षक तंत्र तैयार हो गया है। परंतु यह केवल ध्रुवीकरण को बढ़ाने और अमरीकी लोकतंत्र में विश्वास को कमजोर करने का काम करता है। ताजा शोध से पता चलता है कि अमरीकी तब अलोकतांत्रिक तरीके से कार्य करने के लिए अधिक इच्छुक होते हैं जब उन्हें डर होता है कि विरोधी पार्टी भी ऐसा ही कर रही है। राजनीतिक विश्लेषक जेसन विलिक ने हाल ही में 'वाशिंगटन पोस्ट' के कॉलम में तर्क दिया, 'अमरीकी लोकतंत्र के लिए खतरा, कम से कम आंशिक रूप से, बुरी जानकारी से उत्पन्न होता है। लोग अन्य पार्टियों से लोकतंत्र के खतरे को अधिक महत्त्व देते हैं और परिणामस्वरूप रक्षात्मक रूप से लोकतांत्रिक मानदंडों को नष्ट करने के अधिक इच्छुक हो जाते हैं।' अमरीका में लोकतंत्र तब तक खतरे में नहीं है जब तक यह अपने संस्थापकों की संवैधानिक संरचना को बरकरार रखते हैं। यह शक्तियों के एकीकरण को सरलता से प्रतिबंधित करती है। संघीय व्यवस्था, कार्यकारी और विधायी शक्तियों का पृथक्करण और सर्वोच्च न्यायालय की न्यायिक समीक्षा की शक्ति पिछली दो शताब्दियों से अमरीका की सफलता की महत्त्वपूर्ण कुंजी रहे हैं। जस्टिस एंटोनिन स्कैलिया ने 2014 के एक साक्षात्कार में कहा, 'आज दुनिया का हर तानाशाह जनता के अधिकारों का वास्ता देता है।' परंतु यह कागजी अधिकार नहीं जो लोकतांत्रिक स्वतंत्रता पैदा करते हैं। यह सरकार की संरचना है जो किसी को भी संपूर्ण शक्ति जब्त करने से रोकती है। जो लोकतंत्र को मजबूत रखती है। अमरीका को ऐसे किसी भी संवैधानिक बदलाव से बचना चाहिए जो शक्तियों के इस सुंदर संतुलन को बदले। अमरीकी सिस्टम की कुछ विशेषताओं पर अकसर 'अलोकतांत्रिक' होने के रूप में हमला किया जाता है। जैसे कि इलेक्टोरल कॉलेज, सेनेट का सभी राज्यों को समान वोट और फिलिबस्टर नियम। परंतु उन्हें खत्म करने से सरकार की शक्तियां कुछ ही हाथों में समाहित हो जाएंगी। विश्वास बनाए रखो, अमरीका। आपका लोकतंत्र बिल्कुल सही चल रहा है।

दृष्टि कोण

## संस्कारों का निर्वहन क्यों जरूरी

**बाल्यकाल** में पड़े संस्कार मन के स्लेट से कभी मिटते-छूटते नहीं हैं। समय के साथ-साथ बेशक कुछ धूमिल होने लगें, परंतु मन से कभी उतरते-हटते नहीं हैं। संस्कार माने क्या? कोई भी अच्छा विचार, अच्छा कार्य, अच्छी आदतें, अच्छी शिक्षा, अच्छी सीख को ही संस्कार कहते हैं। वैसे, संस्कारों को सही-सही परिभाषित करना कठिन है, फिर भी मोटे तौर पर इसे शुद्धिकरण कह सकते हैं। शिशु जिस परिवार, समाज और परिवेश में जन्म लेता है, पलता-बढ़ता है, उस परिवार, समाज के जो भी रीति-रिवाज, धर्म-कर्म, नैतिक-अनैतिक कार्य होते हैं, वे उसके बालमन पर जिस प्रकार से प्रभाव डालकर जड़ें जमाते हैं, वही संस्कार हैं। वह उन संस्कारों को फिर जीवन पर्यन्त नहीं भूलता है। वैसे, किसी भी प्रकार के संस्कार व्यक्ति तथा परिवार विशेष और सबसे बढकर, समाज विशेष के सामाजिक क्रियाकलापों, गतिविधियों, सोच और उनके व्यावहारिक पहलू पर निर्भर करता है। संस्कार अच्छे ही हों, यह आवश्यक भी नहीं है। संस्कार निम्न और बुरे भी हो सकते हैं। परंतु हमारा ध्येय अच्छे



संस्कारों, गुणों तथा उनके व्यावहारिक पक्ष की ही विवेचना करने पर केंद्रित है। हिंदू धर्म में वैसे सोलह संस्कारों का वर्णन है। हम इनकी गहराई में न जाकर, केवल एक संस्कार पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। मुझे अपना बचपन याद आता है। जब हम छोटे-छोटे 5-6 वर्ष के बच्चे थे, तब हमारे गांव में, कुटुंब में, परिवार में यदि किसी की मृत्यु हो जाती थी, तो मृतक की अंतिम संस्कार यानी अंत्येष्टि से संबंधित सभी प्रकार की क्रियाओं, अनुष्ठानों को विधिवत सम्पन्न करने के पश्चात ही उसे शमशानघाट को ले जाते थे। यहां इसे कर्मकांड लिखना उचित नहीं लग रहा है। शमशानघाट को ले जाने से पूर्व, बाजगी (डोम) और भाट (चार्ज) दोनों की उपस्थिति अनिवार्य मानी जाती थी। बजंतरी तथा भट्ट द्वारा मृतक की आत्मा की शांति व मोक्ष के प्रयोजन से बाजे की धुन पर वैदिक मंत्रोच्चार, प्रार्थना करने के उपरांत ही अर्थी सजाकर मशान की ओर ले जाते। जिस घर-परिवार में किसी की जब मृत्यु हो जाती, तो घर के लोग, परिजन, रक्त संबंधी दाह संस्कार हेतु ले जाने के पश्चात घर को गौमूत्र, गंगा जल पानी में मिलाकर, उसे छिडक़ कर उस पानी से घर को स्वच्छ करते। स्वयं भी ऐसे जल से ही स्नान करते। वस्त्र धोते। जो अर्थी के साथ जाते थे, अंतिम संस्कार संपन्न होने के पश्चात वे भी घर के बाहर ही गंगा जल, गौमूत्र वाले पानी से स्नान करते। पहने वस्त्र धोते। इन प्रक्रियाओं को निष्पादित करने के पश्चात ही उनकी शुद्धि मानी जाती थी। इसके बाद ही घर के भीतर प्रवेश करते थे। इन प्रक्रियाओं को पूरा करने से पहले जल तक नहीं पीते। किसी प्रकार के अन्न ग्रहण करने का तो सवाल ही नहीं। हिंदुओं में यह चलन अथवा परिपाटी आज भी यथावत जारी है। केवल बाजगियों की उपस्थिति धीरे-धीरे खत्म हो रही है। ठंडे प्रदेशों, इलाकों में बाहर बेशक बर्फ पड़ रही हो, पानी जम रहा हो, लेकिन ऐसी विकट परिस्थितियों के बावजूद स्नान करना, वस्त्र धोना अनिवार्य होता है। इन क्रियाओं के बिना अशुद्धि माना जाता है। निर्जीव देह को हाथ लगाने, छूने वाले सभी को स्नान करना ही पड़ता है। क्योंकि मृतक और उसको स्पर्श करने वाले सभी को अशुद्ध समझा जाता है। स्थानीय बोली में कहें, तो इसे जूठा मानते हैं। पुराने समय में जब मुर्दे को दाह संस्कार हेतु शमशानघाट को ले जाते थे, तो साथ चलने वाले सभी पैदल ही चलते थे। उनके संपर्क में कम ही लोग आते थे। किसी से छूना आदि बहुत कम होता था। इसलिए नहाने-धोने की प्रक्रिया सहज और सरल थी। परंतु बदलते समय के साथ-साथ, आधुनिक समय में आवागमन की बहुत सुविधाएं उपलब्ध हैं। अर्थी को कंधा देने वाला या साथ चलने वाला, शव वाहन में साथ बैठने वाला, कोई भी व्यक्ति पब्लिक ट्रांसपोर्ट अथवा किसी भी प्रकार के वाहन से जाता-आता है। वह तो मृतक के साथ छुआ ही होता है। अपने आपको अशुद्ध मानता है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## केंद्र सरकार के नए कानून का विरोध जता रहे हैं ड्राइवर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी व सयाल क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा लाए नये कानून हिट एंड रन का ड्राइवरो ने विरोध जताया है जहा ड्राइवरो? के द्वारा एक जनवरी से तीन जनवरी तक वाहन ना चालाने व केन्द्र सरकार की नई कानून का जगह जगह पर वाहन चालक अपने वाहन को खड़ा कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ड्राइवरो ने विरोध करते बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा हिट एंड रन पर नई कानून में ड्राइवरों के उपर दस लाख का जुर्माना व दस वर्ष का कारावास का सजा का प्रावधान करने की तैयारी कर रही है। जिसका हम सभी ड्राइवर भाइ विरोध कर रहे हैं और यह ड्राइवरों के साथ अन्याय है। वहीं कई बार ऐसा होता है कि दुर्घटना के बाद स्थानीय पब्लिक के



आक्रोश से बचने के लिए ड्राइवर भागने को मजबूर होते हैं। तो कई बार दुर्घटनाओं में वाहन की तकनीकी गड़बड़ी और दूसरों की गलतियों से भी होती हैं जिसे तत्काल साबित कर पाना भी मुमकिन नहीं हो पाता है। ऐसे में इतने कठोर कानून से सीधे तौर पर गरीब ड्राइवरों के लिए बड़ी मुसीबतें खड़ी हो सकती है। कहा कि कई बार गलती नहीं होने के बावजूद भी ड्राइवर पब्लिक के गुस्से का शिकार होते हैं और निर्दोष होते हुए भी बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ता है। सरकार को ड्राइवरों की सुरक्षा को लेकर भी कानून लाना चाहिए।वही तीन पहिया वाहन से लेकर सोलह चक्का तक के वाहन चालक हड़ताल पर चले गए हैं। सयाल, उरीमारी, भुरकुंडा, बड़कागांव से चलने वाले बस,कंमाडर,टेकर,टेम्पू आदि वाहनों के नही चलने के कारण सवारीयो को काफी परेशानी देखने को मिल रही है। लोग पैदल ही अपने गंतव्य तक जा रहे है। सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र में एलपी ट्रक व हाइवा के ड्राइवरो द्वारा हड़ताल पर चले जाने के कारण कोयले की ट्रांसपोर्टिंग पुरी तरह से ठप है । जिसमें न्यू बिरसा परियोजना से उरीमारी साइडिंग,बिरसा परियोजना व उरीमारी परियोजना से सौंदा साइडिंग जाने वाले ट्रक सड़कों पर नजर नहीं आए।

## सोसो कलां पंचायत सचिवालय में एक दिवसीय गव्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत सचिवालय में मंगलवार को एक दिवसीय गव्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 125 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला गव्य तकनीकी पदाधिकारी गीरीश कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को गव्य प्रशिक्षण की बारिकियों पर ध्यान रखने की बात कही तथा प्रशिक्षण में उपस्थित महिलाओं से कहा कि गव्य पालन से महिला लाभूकों को स्वावलंबी बनाना विभाग का मुख्य उद्देश्य है।मौके पर डा. राजेश कुमार, भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी गोला सोनाराम महतो, राजेश उराँव, स्थानीय मुखिया नीता देवी, उपमुखिया लईक आलम, सुनीता देवी, रीमा देवी, शम्मा प्रवीण, वार्ड सदस्य रंजु देवी, सविता देवी, उषा देवी सहित सैंकड़ों की संख्या में महिलाएँ उपस्थित थी।

## उत्क्रमित उच्च विधालय चाड़ी के तीन छात्रों ने राष्ट्रीय साधन सह मेघा छात्रवृति परीक्षा 2023 में हुए सफल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गोला :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय चाड़ी हिंदी के तीन छात्रों ने राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 में सफल हुए है। अरविंद महतो, आनंद साव और परदियोमन बेदिया राष्ट्रीय साधन सह मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 में सफलता हासिल की है ।विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरसाय राम बेदिया द्वारा फूल माला पहनाकर इन तीनों छात्रों का स्वागत किया गया एवं उनके भविष्य उज्जवल की कामना की गई।मौके पर कुलदीप कुमार, रॉकी कुमार, कैलाश महतो, सुकदेव हंसदा, मोहम्मद सलाम अंसारी, राजेश्वर प्रसाद कुशवाहा ,पंकज कुमार, कुमारी सुप्रिया, हीरालाल प्रसाद, दिनेश कुमार दांगी, शिवानंद महतो, कुमारी स्नेहलता, जीतराम बेदिया, मुखलाल राम करमाली, सबिता बाला, कुमारी सावित्री, शिव कुमार महतो, अविनाश कुमार रजवार, दीपक नायक, राजदेव महतो, सागर महतो उपस्थित थे।

## कांग्रेस झारखंड प्रदेश प्रभारी का रांची में हुआ भव्य स्वागत

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के झारखंड आगमन पर अरगोड़ा चौक राँची में झारखंड अल्पसंख्यक वि0 कमिटी के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।जिसके बाद मोराबादी स्थित संगम गार्डन में स्वागत कार्यक्रम आयोजित की गई। इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं झारखंड अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक मंज़ूर अंसारी सहित झारखंड राज्य के कैबिनेट मंत्रीगण एवं विधायकगण का मंचासीन उपस्थिति हुई और प्रदेश प्रभारी का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग की ज़िला अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने झारखंड प्रभारी ग़ुलाम अहमद मीर का बुके देकर स्वागत किए। इस दौरान मौके पर



रामगढ़ ज़िला कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक वि के ज़िला वरीय उपाध्यक्ष बन्नी गांधी, अख़्तर आज़ाद, कैसर इमाम उपाध्यक्ष मो आशिक़, उपाध्यक्ष वाहिद अली, महासचिव रहमान ख़ान, सचिव शफ़ीक़ अली, गोला प्रखंड अध्यक्ष माशूक़ अली, चितरपुर प्रखंड अध्यक्ष रियाज़ उद्दीन, मीडिया प्रभारी शमीम जावेद, माजीद अहमद उपस्थित थे।

## केन्द्र सरकार काला कानून वापस लें : सुधीर मंगलेश

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने ड्राइवर को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए कानून को लेकर 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हिट एंड रन मामले में लाया गया यह काला कानून ड्राइवर भाइयों के के साथ सरासर ना



इंसाफी है क्योंकि कोई भी चालक जानबूझकर दुर्घटना नहीं करता है. उन्हें डर है कि अगर वे घायलों की मदद करने के लिए रुकते हैं या अस्पताल ले जाते हैं तो भीड़ उनकी पिटाई कर सकती है. उन्होंने यह भी आशंका जताई है कि अगर कोहरे जैसी स्थिति के कारण कोई एक्सीडेंट होता है तो बिना ड्राइवर की गलती के भी उसे 10 साल की सजा हो जाएगी. बता दें कि भारत में हर साल 28 लाख से ज्यादा ट्रक 100 अरब किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय करते हैं और देशभर में जरूरी चीजों की सप्लाई करते हैं।

## हिट एंड रन बिल जल्द से जल्द वापस ले केंद्र सरकार : अमित साहू

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने केंद्र सरकार के द्वारा बनाए गए नए कानून हिट एंड रन बिल पर भारी आक्रोश दिखाते हुए इसे जल्द से जल्द केंद्र सरकार से वापस लेने की मांग की है। साहू ने कहा कि यह बिल देश भर के करोड़ों ड्राइवर के भविष्य के साथ बहुत बड़ा खिलवाड़ है। केंद्र सरकार को इस प्रकार का बिल बनाने के पहले चेंबर और ट्रांसपोर्ट यूनियन से पहले वार्ता करनी चाहिए। साहू ने केंद्र सरकार से इस बिल की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द वापस लेने की मांग की है। साहू ने कहा कि इंश्योरेंस में जो थर्ड पार्टी की व्यवस्था है केंद्र सरकार को उसको समृद्ध एवं सरल करनी चाहिए ताकि दुर्घटनाग्रस्त में मृत व्यक्तियों को जल्द से जल्द थर्ड पार्टी का मुआवजा मिल सके। साहू ने कहा कि दो दिनों से चक्का जाम के कारण करोड़ों रुपए का व्यवसाय प्रभावित हुआ है।साहू ने कहा कि जल्द से जल्द इस काले कानून को केंद्र सरकार वापस नहीं करता है तो आने वाले चुनावों में में इसका खामियाजा केंद्र सरकार को भुगतना पड़ सकता है।



## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य केंद्र का जांच करने पहुंचे चिकित्सा सिविल सर्जन दिए कई निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करने मंगलवार को चिकित्सा सिविल सर्जन जगदीश प्रसाद पहुंचे। जहां उपस्थित कर्मियों को कई दिशा निर्देश बताएं। साथ ही साथ इन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा दी जाने वाली सेवा मरीज को मिलनी चाहिए। मरीजों की तरफ से किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य केंद्र में सफाई पर प्रमुखता से ध्यान देने की जरूरत है। अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन के साथ स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क पर उतरे आक्रोशित ड्राइवर, आंदोलन जारी

# अविलंब काला कानून वापस करों वर्ना होगी अनिश्चित कालीन चक्का जाम : चालक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** नए हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवर सड़क पर उतर गए है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के हजारीबाग रोड स्थित सिंघम होटल के समीप दर्जनों ड्रावर अपने अपने वाहनों को खड़ा कर सड़क पर उतर गए है और केंद्र सरकार से काले कानून वापस करने की मांग की जा रहे है। हड़ताल की वजह से कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल की सप्लाई समेत आवश्यक सामग्री प्रभावित हुई है। दरअसल, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। जिसे लेकर चालक संघ सिमरिया ने कहा की सरकार जब तक काले कानून को वापस नही लेता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आपको बता दें कि चालक के विरुध्द नए कानून बनाए जाने को लेकर 1 जनवरी से देश व्यापी पूरे भारत ड्राइवरों ने यह कानून को काला कानून बताते हुए वाहनों को छोड़ सड़क पर उतर गए हैं। उनका कहना है कि हम लोगों को महज 4 हजार से लेकर 5 या 6 हजार वाहन मालिकों द्वारा तनख्वाह मिलता है। मशीनयरी का कोई गांरन्टी नहीं कभी भी कुछ हो सकता है। आखिर चालक उस स्थिति में 10 वर्ष सजा काटेगा और 5 लाख का जुर्माना भी भरेगा। वैसे में ड्राइवरों के विरुध्द इस तरह कानून बनाना ताना शाही होना साबित होता है। ऐसे में जब तक केंद्र सरकार यह काला कानून वापस नहीं लेगा तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर सैकड़ो चालक शामिल थे।

# डीसी अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से आम लोगों से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अस्पताल, आवास, मनरेगा, भू अर्जन, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। उपायुक्त ने एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों के समस्याओं से जुड़े आवेदनो का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। वहीं ऑनलाइन माध्यम से संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आधा दर्जन से अधिक फुटपाथ दुकानों में हुई चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना चौक में नववर्ष की पूर्व संध्या पर आधा दर्जन से अधिक फुटपाथ दुकानों में चोरी की घटना हुई। अज्ञात चोरों द्वारा बालूमाथ थाना के सामने गुड्डू फल दुकान, शमीम चश्मा दुकान, बाबा खैनी दुकान, संजय खैनी दुकान, नेतलाल होटल, महताब सायकिल, प्रकाश चाऊमीन, मटन अंडा दुकान सभी दुकान का ताला तोड़कर करीब 30,000 हजार रुपये तक का समान और पैसा चोरी कर लिया। नया साल होने के कारण सभी दुकान बंद थी। अगले दिन मंगलवार को जब दुकान संचालक अपना दुकान खोलने पहुंचे तो अपनी-अपनी दुकानों का ताला टूटा हुआ पाया। जिसके बाद दुकानदारों ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर चोरों को पकड़ने की मांग किया है। वही थाना चौक में इस चोरी की घटना होने से लोग चकित है ।वहीं बालूमाथ प्रखंड कार्यालय परिसर में लगे पानी टंकी से लाखों रुपए का मोटर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है जिसकी शिकायत बालूमाथ थाना में की गई है।

# लावालौंग प्रखण्ड में योजनाओं में लूट का मचा छूट, बने हुए डोभा पुनः बनाया जा रहा है डोभा

- रात हो या दिन धड़ल्ले से काटे जा रहें हैं जेसीबी से टीसीवी, डोभा
- इस गोरखधंधा के खेल में रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, मुखिया, जेई है शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा कार्य में मची हुई है लूट। लेबर की जगह जेसीबी मशीन से कार्य किया जा रहा है काम तमाम। रुपये निकाल हो रहे हैं मालामाल।और तो और जंगल को भी नहीं छोड़ रहें हैं लोग। जंगलों में डोभा कूप टीसीबी काट जेई,रोजगार सेवक, मुखिया पंचायत सेवक से लेकर बीपीओ तक सभी को मिलती है एक मुश्त रिश्वत। योजनाओं का वारे न्यारे में प्रखंड के इंजीनियर दशरथ और रोजगार सेवक मनोरंजन कुमार दोनो के मिलीभगत से पहले से बना डोभा को सीढ़ी बनवाकर राशि निकलवाकर बंदर बांट करने में लगे है ।और तो और जंगल को भी नही छोड़ रहे है उसमे भी जेसीबी मशीन से काम करवा कर राशि निकासी कर ले रहे है जिसका वर्क कोड हैं (486542) जो जंगल में है सीतवा देवी के नाम से है और दूसरा संभू यादव के नाम से है जिसका वर्क कोड (486547) है तीसरा संदीप यादव के नाम से डोभा था उसी डोभा को पास कर के मीना देवी के नाम से राशि निकाल कर बंदरबाट कर लिया गया है जिसका वर्क कोड (581326) है वहीं एक बागवानी में तीन तीन बागवानी का राशि निकासी कर ली गई है जिसका वर्क कोड (606330) है। मीना देवी के नाम से उसके बाद राहुल कुमार यादव के नाम से जिसका वर्क कोड हैं (635223) और ऐसा योजना बहुत है जो धरातल पर काम हुआ नहीं और डिमांड चल रहा है । यह योजना केवल हेडम पंचायत का है। वैसे इस तरह का खेल पूरे लावालौंग पंचायत में धड़ल्ले से चल रहा है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में महिलाओं ने किया गोद भराई व मुंह जुठी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत पंचायत में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नारियल तोड़ फीता काट एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया निर्मला देवी ने किया। एवं संचालन पंचायत सचिव दिगंबर पान्डेय ने किया। कार्यक्रम में गोद भराई व मुंह जुठी किया गया। जहां बच्चा एवं उसकी मां को सर्व सामग्री के साथ चुनरी ओढाकर गोद भराई का रस्म किया गया। सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी बताए। इसके बाद लोगों ने शपथ भी लिया। इस कार्यक्रम में दर्जनों महिला पुरुष उपस्थित रहें। इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार भी जताया।

# लातेहार की खबरें

## केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून के विरोध में ड्राइवरो ने किया चक्का जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन को लेकर बनाये जा रहे कानून के विरोध में ड्राइवर संघ बालूमाथ ने मंगलवार को रांची-चतरा एनएच 22 और बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ को घण्टो जाम कर दिया। इस दौरान ड्राइवरो ने काला कानून वापस करो, ड्राइवर एकता जिंदाबाद, केंद्र सरकार ड्राइवर का शोषण करना बंद करो समेत कई नारे लगाए। मौके पर बोलते हुए ट्रक ड्राइवर हरिहर यादव ने बताया कि हिट एंड रन के तहत बनाए जा रहे नए कानून में गाड़ी चालक को 10 साल की सजा मिलेगी इसके अलावा उसे जुर्माना भी देना होगा। मौके पर जावेद अंसारी, निरंजन सिंह, गणेश उरांव, विनोद मिस्त्री, अजय यादव, सीतराम यादव, रामसहाय उराँव, गुड्डू राम, जितेंद्र रजक, संजय कुमार, बालो साव, राजू लोहरा, सुदामा यादव, समलु नायक समेत कई ड्राइवर उपस्थित थे।

# राम मंदिर उद्घाटन का खास निमंत्रण पत्र मिलने से गौरांवित महसूस कर रहे हैं : बुनीराम उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** अयोध्या में भगवान राम मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होना तय हो चुका है जिसके लिए सारी तैयारियां भी पूरी की जा चुकी है और अब अंतिम चरण में उद्घाटन कार्यक्रम में आने वाले राम भक्तों को निमंत्रित करने और उनके आगमन पर व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की तैयारी चल रही है। राम भक्त कार्यकर्ताओं के द्वारा 1 से 15 जनवरी तक 10 लाख राम भक्तों के परिवारों से संपर्क कर खास निमंत्रण पत्र भी पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में लातेहार जिला के महुआड़ प्रखंड स्थित ग्राम राजदंडा में सन 1984 से अभी तक संतों के साथ मिलकर कार्य करने वाले बुनीराम उरांव को भी खास निमंत्रण पत्र सौंपा गया। जिस भी काफी हर्ष और गौरांवित महसूस कर रहे हैं। बुनीराम उरांव बताते हैं,कि वर्ष 1984 से वह संतों के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। अपने क्षेत्र में 47 वर्षों से राम विवाह एवं रामार्चा यज्ञ का प्रतिवर्ष आयोजन करते आ रहे हैं। जिसमें देश भर के साधु संतों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कुछ दिनों पूर्व ही पैर की सर्जरी हुई है लेकिन प्रभु राम की इच्छा से जो यह निमंत्रण मिला है, साथ ही अयोध्या के संतों के द्वारा फोन पर भी मुझे आमंत्रित किया गया है। इसलिए हर संभव मैं 22 जनवरी को प्रभु श्री राम के मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित होने का प्रयास करूंगा।

## प्रखंड में दो की मौत, एक शव बरामद दुसरे की खोज जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार सदर प्रखंड के गोवा गांव में जहां एक 65 वर्ष के बुजूर्ग का शव खेत से बरामद हुआ है। वहीं दूसरी ओर सदर प्रखंड के उदयपुरा में तालाब में डूबने से एक की मौत हो गई है पर शव को पुलिस अभी तक बरामद नहीं कर पाई है। शव को खोजने के लिए प्रशासन की पूरी टीम घटनास्थल पर मौजूद हैं। पहला मामला गोवा का है, जहां पर एक बुजूर्ग बिनेश्वर सिंह का शव सोमवार को सुबह करीब छह बजे ग्रामीणों ने खेत में देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्तकाल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी, जिकसे बाद पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बुजूर्ग की हत्या की गई है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत मे लिया है इधर दूसरी घटना उदयपुरा की है जहां पर एक दंपत्ति नहाने के लिए कल सुबह धर्मनाथ सिंह अपनी पत्नी के साथ गांव के पास स्थित तालाब में नहाने गया था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह तालाब के गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद धर्मनाथ की पत्नी गांववालों के पास पहुंची और सूचना की जानकारी दी जिसके बाद घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंचे, साथ ही इस मामले की जानकारी जिला प्रशासन को दी गई। जो तालाब में शव खोजा रहा है पर अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है। मौके पर जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, अंचलाधिकारी अरविंद टोप्पो और पुलिस इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार मौजूद हैं और शव की खोजबीन जारी है।

## बारियातु बीडीओ व कृषि वैज्ञानिक ने बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से प्रखंड विकास पदाधिकारी पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, कृषि वैज्ञानिक डॉ विद्याधर सिंह मुंडा, एटीएम मो शमीम, रा.सा.प्रतिनिधि रिगन कुमार, कांग्रेस युवा मोर्चा उपाध्यक्ष लाल आशिशनाथ साहदेव, शशि पूनम कुजूर, ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर सिरसा किसान रथ को रवाना किया, इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी व कृषि वैज्ञानिक डॉ विद्याधर सिंह मुंडा ने बिरसा किसान रथ के परिचालन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार के चार वर्ष पुरे होने के अवसर पर कृषि, पशुपालन, सहकारिताफ विभाग झारखण्ड द्वारा किसानो के लिए चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ साथ, मृदा स्वास्थ्य, मृदा संरक्षण, जैविक कृषि, जल प्रबंधन, बिज उपचार, आधुनकि कृषि यंत्रो का प्रयोग, मछलीपालन, पशुओ का टिकाकरण, किसान क्रेडिट कार्ड, व मृदा स्वास्थ्य कार्ड के साथ साथ खेती से सम्बन्धित तकनिकी व योजनाओं के बारे में कृषको को जानकारी दी गई. बिरसा किसान रथ के बारे में आगे बताया गया कि बिरसा किसान रथ का राज्य के विभिन्न जिला व प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में परिचालन किया गया है। इसके माध्यम से कृषि वैज्ञानिक, पदाधिकारी, व संबन्धित कर्मी ग्रामीण क्षेत्रों में कृषक गोष्ठी कर मुख्यमंत्री, मंत्री कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग तथा विभागीय पदाधिकारिओं का कृषको के नाम संदेश व इस क्षेत्र मे किए जा रहे कार्यो को बताया जा रहा है। मौके पर कृषक मित्र राजेश प्रसाद, राजेश उरांव, जगदिश गंझु, मो.आरिफ अंसारी सहित जेएसएलपिएस कर्मी मौजूद रहे।

## अनन्या किचन फैमिली रेस्टोरेंट का उद्घाटन हुआ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ होटल प्रतिक्षा के सामने मंगलवार को अनन्या किचन नामक फैमली रेस्टोरेंट का उद्घाटन लातेहार पूर्व विधायक बलजीत राम ने पिता काटकर किया। इसके पूर्व रेस्टोरेंट के संचालक अमित कुमार व नरेश प्रसाद साहू ने मुख्य अतिथि का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मौके पर बोलते हुए मुख्य अतिथि बलजीत राम ने कहा कि अब बालूमाथ क्षेत्र में इस तरह का रेस्टोरेंट खुलने से लोगों को साउथ इंडियन के लजीज व्यंजनों के साथ-साथ चाइनिज फ़ास्ट फूड सहित ग्राहकों के कई मनपसंद चीजें खाने को मिलेगी। पहले बालूमाथ के लोग रांची जैसे महानगर में जाकर इस तरह का रेस्टोरेंट में खाना खाते थे लेकिन अब यहां इस तरह के रेस्टोरेंट में सुविधा मिल रही है जो बालूमाथ वासियों के लिए हर्ष है। वहीं रेस्टोरेंट के संचालक अमित कुमार ने कहा कि हमारे यहाँ ग्राहकों की पसंद का विशेष ख्याल रखते हुवे भेज और नॉनभेज के अलावा साउथ इंडियन, चायनीज व इंडियन खानों का उत्तम बेवस्था है ।साथ ही तीन किलोमीटर के दायरे में होम डिलीवरी की सुबिधा भी उपलब्ध है। जो कि ग्राहक अपना ऑर्डर मोबाइल नंबर 954622595, 9341761825 पर कर सकते है। इस मौके पर समाजसेवी सुरेश साव, रंजीत साव, शिव प्रसाद साहू, अमित कुमार, मुनेश्वर यादव, बसंत साहू, मोनू कुमार, पंकज कुमार, निशांत कुमार, इरफान अंसारी, द्वारिका साहू, सुधीर साहू, मुकेश साव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बरवाहीह मंडल सड़क मरम्मत नहीं हुआ तो झारखंड आंदोलनकारी द्वारा कि जाएगी सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी का एक आपातकालीन बैठक मुरली प्रसाद के आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी मुरली प्रसाद ने किया। 1 जनवरी को बरवाहीह मंडल सड़क देखने के क्रम में मोरवाई पंचायत के मुखिया आशीष सिंह एवं ग्राम चमरडीहा बढ़निया, सैदुप, मोरवाई, ततहा एवं मंडल गांव के ग्राम प्रधान द्वारा पूर्व में की गई ग्राम सभा के बैठक की एक प्रति झारखंड आंदोलनकारीयों को दिया एवं सड़क कि जर्जर स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों की आम सहमति द्वारा 1972 में बनी, बरवाडीह-मंडल सड़क जो काफी जर्जर हो चुका है। के विषय में ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया दिये गये आवेदन में लिखा है कि बरवाडीह-मंडल सड़क नहीं बना तो चुनाव का बहिष्कार करेंगे। बैठक में झारखंड आंदोलनकारीयों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया



कि ग्रामीणों की मांग जायज है। रोड 1972 में बनने के बाद से अभी तक सड़क मरम्मती का काम कागजों पर हुआ है जमीनी स्तर पर नहीं, सड़क की स्थिति इतनी जर्जर है की बरवाडीह से मंडल 26 किलोमीटर जाने में कई घंटे का समय लग जाता है। झारखंड आंदोलनकारीयों द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव पास किए गए-1 झारखंड आंदोलनकारी ग्रामीणों के नारा रोड नहीं तो वोट नहीं चुनाव के बहिष्कार का समर्थन करती है तथा 03 जनवरी 2024 को जयपाल सिंह मुंडा के जन्म दिवस के अवसर पर रोड जाम एवं आर्थिक नाकेबंदी एवं रेल चक्का जाम करने की घोषणा भी करेगी। 2.इस दिन ग्राम सभा में पारित बरवाडीह-मंडल रोड निर्माण के आवंटन को राज्यपाल एवं राष्ट्रपति के नाम बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपेगी। 3 ग्राम सैदूप में सैदूप से छिपादोहर जाने के लिए एक मात्र पुल जो आज से 15 वर्ष पहले नदी के बाढ़ में बह गया उस पुल के निर्माण कि माँग ग्रामीणों द्वारा वर्षो से किया जा रहा है मगर सरकार एवं जनप्रतिनिधियों के कारण आज तक पुल का निर्माण कार्य नहीं किया गया, बीते वर्ष बरसात में दर्जनों लोग एवं मवेशियों को प्राण गवना पड़ा। अभिलंब पुल निर्माण नहीं किया गया तो रेल का चक्का जाम करेंगे।की एक4.वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री द्वारा मंडल डैम के लिए शिलान्यास किया गया मगर आज तक मंडल हैम का निर्माण कार्य चालू नहीं हुआ आंदोलनकारीयों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की विस्थापितों को पुनर्वास मुआवजा एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देते हुए मंडल डैम का निर्माण कार्य शुरू करें।

## संक्षिप्त खबरें

### मोटर व्हीकल एक्ट नए क़ानून के विरोध में नियमित वाहन रहे बंद

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मोटर व्हीकल एक्ट के तहत हिट एंड रन नए कानून के विरोध में विष्णुगढ़ से वाहन बसें, नहीं गुजरी।और तो और आटो टैक्सी भी नहीं चलें।विष्णुगढ़ सात माइल मोड़ से गोमियां,बगोदर तक नियमित तौर पर चलने वाले आटो टैक्सी का परिचालन बंद रहा है।जिससे सडक पर सन्नाटा पसरा रहा है। एनएच 522 स्थित विष्णुगढ़ से हजारीबाग, बगोदर की ओर जाने वाली बसें, व्यवसायिक वाहन का पचिालन बंद रहा।जिससे गणतव्य तक जाने के लिए बस पकड़ने विष्णुगढ़ सात मील आए यात्रियो को वापिस लौट जाना पडा।सडक पर बाइक एवं निजी गाडियां पुर्व की तरह चली।परिवहन कारोबार से जुडे अभिकर्त्ता चालक, क्लीनर से पुछने पर बताया कि मोटर व्हीकल एक्ट के तहत हिट एंड रन के नये कानून से वाहन चालक गाडी चलाने से मना कर दिया है।चालक के बिना वाहन का परिचालन संभव नहीं है।लिहाजा व्यवसायिक वाहनों का परिचालन बंद रहा।उन्होंने यह भी बताया कि कोई चालक कभी सडक पर किसी को ठोकर मारने से बचे रहना चाहता है।पर सब कुछ वाहन चालक के बूते नहीं रहता।परिस्थिति वश दुर्धटना होने पर चालक मौजूदा कानून के जद में आ जाएगा।जिससे किए गए प्रावधान के तहत चालक को सजा एवं जुर्माना का हकदार बनना होगा।इससे बचने के लिए चालकों ने वाहन चलाने से मना दिया है।

### माँ सिंहवाहिनी मंदिर बना नशेड़ियों का अड्डा, देर रात नशेड़ियों का रहता है जमावड़ा

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड स्थित ऐतिहासिक सैंकड़ों वर्ष पुरानी मां सिंहवाहिनी मंदिर परिसर में इन दिनों नशेड़ियों का जमावड़ा रहता है।जिससे वहां पर जाने वाले श्रद्धालु काफी परेशान रहते हैं। अंग्रेजी नववर्ष के आगमन में खुशियां मनाने के चक्कर में असामाजिक तत्वों ने नशे के लिए मंदिर परिसर को ही निशाना बना लिया और इन तत्वों द्वारा कोई पहली बार ऐसा कुकर्म नही किया गया है।बल्कि पूर्व में भी कई बार ऐसी घटनाएं घट चुकी हैं। विष्णुगढ़ में विद्यालय परिसर, मंदिर परिसर जैसी जगहों को मयखाना बनाया जाता है।जिसमें खास कर कम उम्र के युवा वर्ग के लोग,नाबालिग युवा शामिल हैं। इनके द्वारा न सिर्फ ऐसी पवित्र जगहों पर नशा किया जाता है। बल्कि शराब की बोतलें तोड़ फोड़ कर गंदगी भी फैलाई जाती है। बता दें कि ऐतिहासिक सिंहवाहिनी मंदिर लगभग 300 वर्ष पूर्व रामगढ़ राज घराने के रिश्तेदार राजा विष्णु सिंह की रानियों द्वारा निर्मित है। इतिहास के अनुसार विष्णु सिंह के नाम पर विष्णु का गढ़ कहे जाने के कारण यहां का नाम विष्णुगढ़ पड़ा। राजा विष्णु सिंह के भाई लक्ष्मण कुंवर की समाधि भी यहां निर्मित है। बीतते समय के साथ मंदिर का जीर्णोद्धार यहां के स्थानीय जन सहयोग से किया गया। शराबियों ने मंदिर की वायरिंग के तोड़ फोड़ कर बल्ब और स्विचबोर्ड, तार होल्डर सहित ले गए। मंदिर परिसर में ऐसे असामाजिक तत्वों की उपस्थिति से महिलाएं पूजा पाठ करने के लिए जाने से कतराती हैं। विष्णुगढ़ में कई ऐसी जगहें हैं, जो ऐसे माहौल का शिकार हैं।

### किन्नर ने अनुमंडल पदाधिकारी से सम्मेलन के लिए मांगी अनुमति

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग में स्थित किन्नर ने विशाल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है इस सम्मेलन में भारत के विभिन्न जगहों के किन्नर शामिल होंगे यह कार्यक्रम का आयोजन हजारीबाग के सोनी किन्नर एवं आरती किन्नर के द्वारा करवाया जा रहा है यह कार्यक्रम चरही में स्थित 14 माईल के समीप इनके आवास में 12 जनवरी से लेकर 17 जनवरी तक यह कार्यक्रम होगा इसको लेकर आज हजारीबाग के अनुमंडल पदाधिकारी को अवगत कराते हुए एक आवेदन सोपा इस आवेदन में उन्होंने पदाधिकारी से अनुरोध किया है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एवं विधि व्यवस्था को देखने के लिए अनुरोध किया है आवेदन देने में हजारीबाग की सोनी किन्नर, आरती किन्नर, नूरी खातून, पूजा किन्नर जैसे कई किन्नर उपस्थित थे

### संघर्ष हमारा नारा है ,विकास हमारा वादा है : जानकी यादव

**टाटीझरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह झारखंड राज्य आवास बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव ,चंदन देवी पूर्व जिला परिषद हजारीबाग उपाध्यक्ष ने क्षेत्रीय लोगों को नव वर्ष 2024 की शुभकामनाएं दिया। वही आगामी 20 बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्यासी जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि जनता ने अपना बहुमूल्य मतदान आशीर्वाद के रूप में मुझे देकर समर्थन कर विजय बनाया था। मै अपने विधायकी कार्यकाल में जितना भी मुझसे हो सका मैने अथक प्रयास कर बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के विकास हेतु कार्य किया । मै बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के तमाम जनता का आभार प्रकट करता हु। कि मुझे आगामी बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र विधायक चुनाव में अपना बहुमत मतदान रूपी आशीर्वाद देकर मुझे सेवा करने का मौका दे। नेता नही बल्कि बेटा बनकर विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्य करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि संघर्ष हमारा नारा है ।विकास हमारा वादा है। राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज जयनगर,कोडरमा,डिग्री कॉलेज नवाडीह ,सूर्यकुंड,बरकट्ठा, हजारी बाग,में पठन पाठन सुचारू ढंग से आरंभ करो। झरपो बिजली पावर सब स्टेशन चालू करो तथा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना ही हमारा उद्देश्य है। बताते चले की पूर्व विधायक ने हरेक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर अपने बरकट्ठा स्थित आवास में 14 जनवरी 2024 को दही चूड़ा कार्यक्रम वा संकल्प सभा कार्यक्रम का आयोजन प्रात = 11=30 बजे तय किया है।

## अबुआ आवास को लेकर धनवार पंचायत में ग्रामसभा का हुआ आयोजन, सैकड़ों की संख्या में जुटे ग्रामीण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को अबुआ आवास को लेकर धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में एक ग्रामसभा आयोजित हुआ। ग्रामसभा में सैकड़ों की संख्या में पंचायत के लाभुक व ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में योग्य लाभुको को सूचीबद्ध किया गया। इस दौरान मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि जो लोग बिना मकान के किराए या इधर उधर की वैकल्पिक व्यवस्था कर रह रहे है, जो लोग कच्चा मकान में रह रहे है, जो लोग अबूआ आवास लेने की आहर्ता रखते है सभी को सूचीबद्ध कर भेजा जाएगा। मौके पर स्थानीय

## नव वर्ष के पहले दिन बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव ने अपने समर्थकों संग भद्रकाली की पूजा अर्चना की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** नव वर्ष के प्रथम दिन माता के दरबार इटखोरी मां भद्रकाली में पूजा अर्चना करने के लिए अपने समर्थकों के साथ बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव पहुंचे। नव वर्ष के प्रथम दिन मां भद्रकाली के दरबार में शीश झुकाकर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिर आगमन पर पूर्व विधायक ने पूरे विधि विधान के साथ मां भद्रकाली की पूजा अर्चना की। श्री यादव ने कहा कि मां भद्रकाली से प्रार्थना करता हूं कि क्षेत्र की जनता के जीवन में नव वर्ष सुख, शांति, समृद्धि एवं उन्नति लेकर लाए। सब सुखी हो, सब निरोगी हो, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो। पूजा के दौरान मंदिर के पुजारी ने पूर्व विधायक व उनके समर्थकों को आशीर्वाद स्वरुप माता की चुनरी भेंट किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, राकेश रंजन यादव, मनीतोष यादव, भुपेन्द्र यादव, किशोर राणा, विपिन सिंह, ब्रह्मदेव यादव, उमेश यादव, अजय यादव, मनितोष सिंह, राकेश पांडे, सचिन यादव, सुरेंद्र पांडे, अशोक यादव, मनोज राणा, विजय शर्मा, बीरू गोप, सचिन यादव, गगन निषाद, पिंटू ठाकुर, विपिन सिंह, शिवम कुमार शर्मा सहित अन्य सामाजिक व राजनितिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बेड़ाहरियारा में अबुआ आवास लाभुकों के बीच ग्राम सभा आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बेड़ाहरियारा पंचायत में अबुआ आवास को लेकर पंचायत भवन मे ग्रामसभा की गई।जिसकी अध्यक्षता मुखिया रामचंद्र यादव ने किया।ग्रामीणों के द्वारा योग्य और अयोग्य आबूआ आवास लाभुक का चयनित किया गया।मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह उपमुखिया राहुल कुमार गुप्ता,पंचायत सचिव शिव कुमार प्रसाद,वार्ड सदस्य संदीप कुमार,दीपाली देवी,ग्रामीणों मे नीरज पासवान,सुनील यादव,जितेंद्र कुमार सिंह,अमरेश कुमार,हरी पंडित समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## पीडीएस डीलरो का छलका दर्द कहा, हमारी सेवा का उचित सम्मान नही मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जन वितरण प्रणाली के दुकानदार पिछले दो दिनों से हड़ताल पर हैं।जिसके कारण अनाज वितरण ठप्प है।उनका कहना है कि पिछले बर्षो से हम केंद्र और राज्य सरकारों तक लगातार गुहार करते आ रहे हैं लेकिन सरकार ने कभी इसे गंभीरता से नहीं लिया। सरकार की सबसे बड़ी योजना को चलाने वाले स्वयं अपने परिवार का भरण पोषण करने से लाचार होने लगे,उल्टे उनसे खाद्धान्न बितरण के अलावे अन्य कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी जाती रही और मानसिक, आर्थिक रूप से शोषण भी किया जाता रहा है,एक साल पुर्व बितरित कर दिये गये अनाजों के कमीशन का भुगतान तक नहीं हो पाया, विभाग लगातार इसे टालती रही ,घटिया ई भार मापक यंत्र देकर कंपनी को फायदा पहूंचाना ,डीलरों से रिपेयरिंग के नाम पर हजारों रूपये की वसूली करते हुए उल्टे डीलरों को ही दोषी ठहराना,मंत्री द्वारा 2G को 4G में बदलने का झूठा बयान देते रहना,अनुकंपा के नियमों में बदलाव कर सैंकड़ों जन वितरक परिवार को भूखे मरने के लिए मजबूर कर देना झारखंड सरकार की उपलब्धि है।

सरकार के इन्ही नकारात्मक रवैए से खिन्न होकर राज्य के विक्रेताओं नें मजबूर होकर ऐसा निर्णय लिया, गोदामो से अनाज की चोरी रोकने में बिफल आपूर्ति विभाग राशन बिक्रेताओं से पिछले दो बर्षो में मनमाने अनाज की जबरन कटौती करती रही,हम बिरोध करते रहे लेकिन विभाग की मनमानी जारी रही, समय पर नेटवर्क सर्वर नहीं मिलता,पहाड़ों और खेतों में कंधों पर मशीनों को ढोकर बिक्रेता व्यवस्था चला रहे हैं।

## सोलर जल मीनार का मुखिया व पंचायत समिति सदस्य ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मध्य पंचायत बड़कागांव में 15वें वित्त आयोग राशि से राय मोहल्ला में कल्लू खलीफा के घर के पास सोलर जल मीनार लगाया गया। जिसका उद्घाटन मुखिया तकरीमुल्लाह खान एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर के द्वारा फीता काटकर किया गया। ज्ञात हो की राय मोहल्ला में लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा था जिसे देखते हुए सोलर जल मीनार का अधिष्ठान करवाया गया है। इस जल मीनार के द्वारा अगल-बगल के लोगों की घर तक नल के माध्यम से पानी पहुंचाया गया। मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह ने कहा कि पंचायत के हर उसे जगह पर जल मीनार लगाया जाएगा जहां पर लोगों को पानी की समस्या हो रही है। मौके पर मुख्य रूप से मजहर मालिक, मो कलाम के अलावा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामप्रकाश भाई पटेल की प्रथम पुण्यतिथि पर बड़े पुत्र व झामुमों कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** सोमवार को विष्णुगढ़ के चानो में मांडू विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता झामुमो पार्टी के पूर्व केंद्रीय सचिव स्व.रामप्रकाश भाई पटेल की प्रथम पुण्य तिथि मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कपिलदेव चौधरी एवं संचालन टिपुलाल महतो ने किया।इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी डॉ. गीता मेहता व उनके बड़े पुत्र झामुमो मांडू विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौरव पटेल अपने झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ स्व रामप्रकाश भाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।श्रद्धांजलि सभा में श्री पटेल ने उपस्थित महिलाओं और ग्रामीणों के बीच हरा गमछा एवं शॉल देकर लोगों को सम्मानित किया।

## प्रभु श्रीराम के दिव्य मंदिर के पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्र के वितरण का श्रीगणेश हुआ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्री अयोध्याधाम में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे भारतवर्ष में उमंग देखा जा रहा है।मंगलवार को अयोध्या की पावन धरती से प्रभु श्रीराम के दिव्य मंदिर का पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्रक सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया शिवमंदिर में पूजा-पाठ के बाद हर मुहल्ले के वितरक सदस्यों में वितरण का श्रीगणेश हुआ। इससे पहले पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्रक को शिवमंदिर प्रांगण में विधिवत रखा गया। इसके बाद हनुमान चालीसा, श्रीराम स्तुति, संकटमोचन एवं आरती हुई। ग्राम ओरिया के हर घर तक पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्रक के वितरण कार्य के लिए हर मुहल्ला में वितरक सदस्यों का गठन किया गया। वितरक सदस्यों ने स्वेच्छा पूर्वक हर घर तक वितरण कार्य में सहयोग देने का संकल्प लिया। वितरक सदस्य हर घर जाकर पूजित अक्षत, रामलला के विग्रह का चित्र और आमंत्रण पत्र देकर 22 जनवरी को आनंदोत्सव मनाने की अपील करेंगे। वहीं प्राण प्रतिष्ठा के दिन शिवमंदिर में संध्या में आयोजित दीपोत्सव व पूजा-पाठ में शामिल होने का लोगों को आमंत्रण देंगे एवं शामिल होना का भी आग्रह करेंगे। मौके पर बिनोद सिन्हा, किशन साव, राजेश कुमार, राजेन्द्र शर्मा, दीपक कुमार, हरि यादव, रामनाथ राणा, विजय कुमार, बबलू यादव, हरीश गुप्ता, विजय यादव, गोविन्द यादव, बादल कुमार, सागर कुमार, राजकुमार, रॉकी कुमार, करण कुमार, सागर कुमार, सन्नी कुमार, रोहित कुमार, चंदन शर्मा, रिषू कुमार, मनोरमा राणा, सरिता देवी, विमला देवी, कंचन शर्मा, किरण राणा, टुकडी देवी, संजू देवी एवं दीपक राणा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहें।

## हजारीबाग के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक से एनटीपीसी परियोजना प्रमुख ने की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने हजारीबाग के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह से औपचारिक भेंट की। इस दौरान उन्होंने एसपी हजारीबाग के साथ परियोजना से संबंधित कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की और इस बात को दोहराया कि जिला प्रशासन के सहयोग से एनटीपीसी अपने क्रियाकलापों को सुचारू रूप से जारी रखेगा। परियोजना प्रमुख ने आसपास के क्षेत्रों में सामाजिक सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे हैं कदमों की भी जानकारी पुलिस अधीक्षक को दिया। पुलिस अधीक्षक के अलावा परियोजना प्रमुख नीरज जलोटा ने निवर्तमान एसपी हज़ारीबाग मनोज रतन चोथे से उनके आवास पर मुलाकात की और उन्हें एनटीपीसी की ओर से उनकी पदोन्नति और डीआइजी स्पेशल सेल झारखंड पुलिस के रूप में पोस्टिंग पर बधाई दी। श्री जलोटा ने निवर्तमान एसपी को उनके कार्यकाल के दौरान हज़ारीबाग़ में एनटीपीसी के कोयला खनन परियोजनाओं को निरंतर सहयोग देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मनोज रतन चोथे ने भी एनटीपीसी द्वारा हज़ारीबाग पुलिस को उसकी विभिन्न पहलों के लिए दिए गए समर्थन के लिए परियोजना प्रमुख को धन्यवाद दिया। इस दौरान पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के मानव संसाधन विभाग के अपर महाप्रबंधक अमित कुमार अस्थाना और वरिष्ठ प्रबंधक एचआर, मोहित कोतवाल भी उपस्थित थे।

## हिट एंड रन नए कानून के खिलाफ चालकों ने रैली निकाल कर चक्का जाम किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सरकार के द्वारा बनाए गए हिट एंड रन के नए कानून के खिलाफ झारखंड ड्राइवर महासंघ चालकों ने बड़कागांव प्रखंड में विरोध प्रदर्शन कर नए कानून को वापस लेने की मांग की है। चालकों के द्वारा बड़कागांव प्लस टू हाई स्कूल से रैली के साथ प्रदर्शन करते हुए बड़कागांव मुख्य चौक पहुंचे, जहां लोगों ने सड़क जाम कर आंदोलन किया। जिसकी अध्यक्षता युवा नेता सोनू इराकी व संचालन निरंजन कुमार और कपिल कुमार ने किया। सोनू इराकी ने कहा कि हिट एंड रन के नए कानून चालकों के खिलाफ है ,सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। कोई भी चालक जानबूझकर जान जोखिम में डालकर किसी को धक्का नहीं मारता है। रोड पास करते जानवर पर भी मानवता दिखलाते हुए चालक अपनी गाड़ी को रोक देते हैं। सरकार को इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। कानून में संशोधन करने की जरूर है। आंदोलनकारियों ने बताया कि आज बुधवार सुबह 9=00 बजे से भी चक्का जाम किया जाएगा।

मौके पर अजय कुमार, दयानंद कुमार, रोहन कुमार, भुवनेश्वर साव, मोहम्मद आरिफ, राजू कुमार, मोहम्मद जानिद, गणेश कुमार, सुधीर कुमार, संजय गिरी, उदय सिंह, सुधीर कुमार, उमेश कुमार सहित दर्जनों चालक शामिल थे।

## युवा साथी झारखंड ने चौपारण प्रखंड में किया अंगवस्त्र व मिठाई का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** युवा साथी झारखंड संस्था के द्वारा नव वर्ष के शुभ अवसर पर चौपारण प्रखंड के सेलहारा नवागढ़ बिरहोर कॉलोनी में निवास कर रहे गरीब परिवारों के बीच अंगवस्त्र एवं मिठाई का वितरण किया गया।युवा साथी झारखंड संस्था के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। नया साल नई उम्मीदे लाता है। ये उम्मीद जीवन को बेहतर बनाने और खुशहाली की होती है।इस गांव में रहने वाले विशेष जनजाति समुदाय के लोग काफी कम बुनियादी सुविधाओं के बीच संघर्षपूर्ण जीवनयापन करते हैं। भीषण ठंड को देखते हुए युवा साथी झारखंड संस्था के द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में चौपारण प्रखंड के सैकड़ों बिरहोर परिवारों के बीच शॉल और मिठाई बांट कर नव वर्ष की खुशियां मनाई गई। साथ ही कहा कि खास कर विलुप्त होती जनजाति के बीच समय-समय पर इस तरह के आयोजन करने की जरूरत है। संस्था लगातार स्वास्थ्य, सामाजिक कार्यों में सहभागिता निभा रही है।इस मौके पर मुख्य रूप से युवा साथी झारखंड संस्था के अध्यक्ष विकास सिंह, सचिव राजेश यादव, कोषाध्यक्ष सरफराज अहमद सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर यादव, युवा नेतृत्वकर्ता संजय मेहता, सतीश गुप्ता, सरफराज खान, दीपेश कुमार, आदित्य कुमार, अनिल सिंह, सुनील राणा, कपिल कुमार, कुणाल सिंह,विशाल कुमार, अजय मेहता आदि शामिल थे।

## ड्राइवरों की हड़ताल से सड़कों पर पसरा सन्नाटा, लोग दिखे परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** मंगलवार को हिट एंड रन के नए कानून के खिलाफ तीन दिवसीय राष्ट्व्यापी हड़ताल का असर बरही में भी देखने को मिला। वाहन चालकों ने सोमवार को नए साल की शुरुआत हड़ताल से की तो सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखा। जहां एक और नए साल की जश्न में पूरा हजारीबाग जिला डूबा रहा, वहीं वाहन चालकों की हड़ताल से यात्रियों की परेशानी भी बढ़ती दिखी। सड़कों पर जहां वाहन सरपट दौड़ती थी वहां सन्नाटा पसरा रहा। मंगलवार को जिले से राज्य के विभिन्न जिलों के लिए खुलने वाली बसें नहीं खुली। कुछ प्राइवेट गाड़ियों को छोड़कर कोई और वाहन नहीं चलें। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बसों के नही चलने से निजी वाहनों की चांदी दिखी, 500 रुपए किराया पर यात्रीयो को रांची के गए। वही बरही के पंचमाधव के पास वाहन चालकों ने वाहनों की लंबी कतार लगा कर विरोध किया। मौके पर वाहन चालकों ने बताया की केंद्र सरकार द्वारा आईपीसी की धारा में बदलाव किए गए है। इसके तहत बड़े वाहनों के चालकों पर हिट एंड रन का नया कानून लागू किया गया है। ऐसे में अगर कोई भी चालक सड़क हादसे के बाद भाग जाता है तो उसके खिलाफ पांच लाख का जुर्माना और दस साल की सजा का प्रावधान किया गया है। इसी कानून के खिलाफ चालकों ने राष्ट्व्यापी हड़ताल बुलाई है। इसको जिले में भी समर्थन मिल रहा है, यह हड़ताल कल तक जारी रहेगी। वही केंद्र से यह काला कानून वापस लेने का मांग किया।

## भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति या संगठन को तुरंत विफल कर दिया जाएगा : गृह मंत्री

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अगुआई और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में आतंकवाद से मुक्त भारत के निर्माण के लिए जोर-शोर से काम किया जा रहा है। मोदी और शाह की सफल जोड़ी ने जहाँ धारा 370 को हटाकर हमेशा के लिए जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बना दिया और पूरे भारत में एक विधान, एक निशान तथा एक प्रधान का सपना साकार कर दिया, वहीं कुछ संगठन हैं जो जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करने और इस्लामिक शासन स्थापित करने की गतिविधियों में शामिल हैं।गृह मंत्री अमित शाह की नीतियों के तहत 31 दिसंबर, 2023 को गृह मंत्रालत द्वारा कश्मीरी अलगाववादी पार्टी तहरीक-ए-हुर्रियत को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया गया है। तहरीक-ए-हुर्रियत' को यूएपीए के तहत एक गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। यह संगठन आतंकवादी गतिविधियों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए भारत विरोधी प्रचार फैलाने का काम कर रहा था। अलगाववाद को बढ़ावा देने तथा इस्लामिक शासन को स्थापित करने की कोशिश करने वाला वाला तहरीक-ए-हुर्रियत आतंकी गतिविधियों में शामिल था और उसका मकसद जम्मू-कश्मीर को भारत से अलग करना था।



## असम में स्थायी शांति और सर्वांगीण विकास के सपने को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्त्वपूर्ण कदम है : अमित शाह

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** असम में शांति व्यवस्था कायम करने के प्रयास में एक बड़ी कामयाबी मिली है। असम में 40 साल में पहली बार सशस्त्र उग्रवादी संगठन उल्फा ने भारत और असम सरकार के साथ त्रिपक्षीय शांति समझौते पर सहमति जताई है। इसके साथ ही अमृतकाल में असम के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत होने जा रही है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में हिंसा के काले दौर को समाप्त करने की कोशिश ज़ोर-शोर से चल रही है। शाह की मौजूदगी में भारत सरकार, असम सरकार और उल्फा के बीच यह त्रिपक्षीय शांति समझौता संभव हो पाया है। इस शांति समझौते के साथ ही पूर्वोत्तर के राज्यों में दशकों पुराने उग्रवाद का अंत हो गया है। मोदी जी के शांत, सुरक्षित और समृद्ध पूर्वोत्तर के सपने को साकार करने की दिशा में शाह ने यह एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। असम लंबे समय तक उल्फा की हिंसा से त्रस्त रहा और वर्ष 1979 से अब तक 10 हजार लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। आतंकवाद को मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन मानने वाले शाह की नीतियों के तहत असम का सबसे पुराना उग्रवादी संगठन उल्फा हिंसा छोड़ने, संगठन को भंग करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमत हुआ है।



## रांची के वारिस पठान कोलकाता में सम्मानित हुए

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतरराष्ट्रिय संगठन मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संरक्षण के कोलकाता में 9.वां महाअघिवेसन एंव स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह में राष्ट्रिय अध्यक्ष माननीय विजय कुमार तिवारी सर जी के द्वारा कइ प्रदेश के पदाधिकारीयों को अच्छे मानवसेवा के लिए सम्मानित किया गया। और संगठन को मजबूती के साथ लोगों का सेवा करने का आदेश दिये गये। सम्मानित होने वाले पलामु से अजय तिवारी, मनोज सिंह, दिलीप तिरिपाठी,हटिया से मिना कच्छप,सकुन मुंडा,सुनिल उरांव, राज कच्छप,जमशेदपुर से जशबीर कोर, शयाम नारायण,शोभा जी को सम्मानित किया गया। झारखंड के स्टेट लेवल शूटर यासीन भारती ने भी वारिस पठान के रांची स्थित आवास में जाकर उनको बधाई और शुभकामनाएं दी।यह जानकारी अखिलेश तिवारी ने दी।




## चार दिवसीय शहीद भगवान बिरसा मुंडा क्रिकेट प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में जमीरा इलेवन ने कब्जा जमाया



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के दोहकातु पंचायत अंतर्गत जाराटोली क्रिकेट मैदान में मंगलवार को चार दिवसीय शहीद भगवान बिरसा मुंडा क्रिकेट प्रीमियर लीग का समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे जमीरा इलेवन की टीम ने 10 विकेट खोकर 121 रन बनाएद्य वही लक्ष्य का पीछा करते हुए चेटर की टीम 89 रन में ही सिमट गई. ओर इस तरह से जमीरा इलेवन की टीम ने 32 रनो से टूर्नामेंट में कब्जा जमायाद्यवही विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया.उद्घाटन से पूर्व बीजेपी नेता राजीव जयसवाल ने बिरसा चौक पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा में माल्यार्पण किया। तत्पचात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया ओर बल्ला चलाकर मैच का उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष सचिन करमाली एवं समिति के अन्य सदस्यों ने अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। वही खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए बीजेपी रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जयसवाल ने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए दी। कहा की खिलाड़ी खेल के क्षेत्र भी अपना करियर बना सकते है.आज झारखंड के कई ऐसे खिलाड़ी है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का नाम रोशन कर रहे है. खिलाड़ी खेल के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक तौर पे फिट हो सकते है.वही मुख्य अतिथि ने आज के टूर्नामेंट में जीत दर्ज करने वाली टीम को बधाई दिया.वही ग्रामीण स्तर पर ऐसे आयोजन करवाने के लिए आयोजन समिति का आभार प्रकट किया. वही इस मौके पर उपप्रमुख प्रतिनिधि भरत महतो, बबली सिंह, अंकित सिंह, विनीत यादव ,देवानंद महतो, राहुल पासवान सहित आयोजन समिति के अध्यक्ष सचिन करमाली,सचिव बिट्टू बेदिया, उपाध्यक्ष सिकेंद्र कुमार, प्रकाश महतो, जीतू महतो, डब्बू बेदिया, दशरथ महतो, गौतम, अभिषेक, बाबू मुंडा सहित समिति के कई लोग एवं भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## डीडीसी ने आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका चयन से संबंधित लंबित मामलो की समीक्षा की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** मंगलवार को उप विकास आयुक्त मो शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका चयन से संबंधित लंबित मामलो की समीक्षा की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त मो शाहिद अख्तर ने उपस्थित पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं को निर्देश दिया कि अपने परियोजना से संबंधित लंबित मामलो को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते ।


**पूर्व मध्य रेल**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के प्रत्रांक संख्या सं. ईसीआर/सीएओ/कॉन/डब्ल्यू टी/ई.निविदा/दक्षिण/749 दिनांक 06.11.2023 (आपका प्राप्ति संख्या 01616 dt. 09.11.2023) के संदर्भ में निम्नलिखित शुद्धि–पत्र निर्गत की जाती है।

(1) उपरोक्त निविदा की अंकलित मूल्य ₹760,23,96,110.55 के बदले संशोधित अंकलित मूल्य ₹ 772,69,61,511.95 पढा जाय।

(2) उपरोक्त निविदा की बंद होने की तिथि 22.01.2024 at 12.00 hrs. बढ़ाई जाती है।

कोई भी परिवर्तन/शुद्धि सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण
पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/02001/सीओएनएस/अभि./सी/23–24/24


# हिट एंड रन काले कानून का वापस ले केंद्र सरकार नही तो इसके विरोध में आंदोलन जारी रहेगाः अरुण कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के सचिव अरूण कुमार सिन्हा ने मंगलवार को केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों द्वारा किये जा रहे तीन दिवसीय आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के तहत यदि किसी वाहन चालक द्वारा दुर्भाग्यवश दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो इसके लिए चालक को 10 साल की सजा और 7 लाख के जुर्माना का प्रावधान किया गया है, जो अनुचित है। उन्होंने केंद्र सरकार के इस कानून पर प्रतिक्रया व्यक्त करते हुए कहा की वाहन चालक और मालिक पहले से डीजल और पेट्रोल के दाम में बेतहासा वृद्धि से परेशान हैं और इस कानून के आने से उनकी परेशानी और भी बढ़ गयी है।श्री सिन्हा ने कहा की कोई भी वाहन चालक यह नही चाहता की वाहन चलाते समय उसके वाहन से एक चिंटी की भी मौत हो। दुर्भाग्यवश इस तरह की घटनाएं होती हैं।अरूण कुमार सिन्हा ने कहा की जब कहीं दुर्घटना होती है तब लोग बजाय घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने की वाहन चालक को पीटने लगते हैं। जबकि इस तरह की घटनाएं नही होनी चाहिए।कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अबतक कभी भी जनहित में कोई कार्य नही किया है और वे लोगों की परेशानियों को बढ़ाने का कार्य करते हैं। केंद्र सरकार का हिट एंड रन कानून भी आमलोगों की मुश्किलों को बढ़ाने वाला कार्य है। कहा की केंद्र सरकार शीघ्र इस कानून को वापस ले नही तो इसके विरोध में व्यापक पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा की एक वाहन चालक को काफी परेशानियों के बाद महीने में 10-12 हजार रूपए की आमदनी हो पाती है। ऐसे में सरकार के नए कानून के अनुसार वाहन चालक कहां से 7 लाख का जुर्माना भर पाएंगे।कहा की केंद्र सरकार के इस काले कानून के कारण नववर्ष के पहले दिन लोगों को पिकनिक मनाने और अपने परीचित लोगों के पास आने जाने में काफी परेशानी हुई। क्योंकि सरकार के कानून के विरोध में वाहन चालकों ने 3 दिनों तक आंदोलन की घोषणा की है।रामगढ़ टैक्सी मेंस यूनियन के सचिव ने कहा केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून के विरोध में मंगलवार को पूरे जिले में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से ठप रही। वाहन चालकों ने चक्का जाम कर केंद्र सरकार के कानून का पुरजोर विरोध किया।

## चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत पूर्व सांसद ने जमीरा गांव का दौरा किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद प्रो यदुनाथ पांडे चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत हजारीबाग संसदीय क्षेत्र भ्रमण के क्रम में रामगढ़ जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत जमीरा प्रखंड दुलमी अंतर्गत बिजली पोल नहीं लगा हुआ हैद्यजिसके कारण किसानों को सिंचाई करने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली समस्या को लेकर जमीरा के किसानों ने ज्ञांपन दियाद्य पूर्व सांसद ने आश्वासन दिया कि किसान की समस्या को यथा शीघ्र समाधान किया जाएगाद्यइस संदर्भ में मैंने तत्काल बिजली विभाग के अधिकारियों से बात करके समस्याओं का निदान किया ।

## रजरप्पा मंदिर न्यास समिति द्वारा सेवानिवृत्ति थाना प्रभारी को किया विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना से सेवानिवृत्ति थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह का मंदिर परिसर में रजरप्पा मंदिर नया समिति द्वारा एक समारोह आयोजित कर थाना प्रभारी का किया गया विदाई इस मौके पर फूल माला पहनकर बुके देकर एवं मां भगवती का चुनरी ओढ़ा कर विदाई किया गया इस मौके पर मंदिर न्यास समिति के सचिव सुभाषित पांडा ने बताया कि थाना प्रभारी द्वारा मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं यहां के पुजारी को भरपूर सहयोग किया है और मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के पूजा अर्चना के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा हर समय साथ देने का काम किया देश प्रदेश से अपनी मनोकामना हजारों हजार की संख्या में अपनी श्रद्धालु भक्त अपनीकामना के लिए पहुंचते हैं श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं उठानी पड़ी थी इस मौके परअसीम पंडा अजय पंडा लोकेश पंडा रूपेश पंडा मौजूद थे।

## समाजसेवी ने गरीबो के बीच कंबल का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के आंगो पंचायत अंतर्गत उरेज में मंगलवार को आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह समाजसेवी कौलेश्वर गंझू ने नव वर्ष के मौके पर गरीब व अस्हाय लोगों के बीच ठंड से बचने के लिए कंबल का वितरण किया। कौलेश्वर गंझू ने कहा कि झारखंड में ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा हैं।लोग ठंड लगने से बीमार हो रहे हैं। इसी आलोक में आज कुछ जरूरत मंदों को कंबल दिया जा रहा है। और बाकी बचे लोगों जो आज नहीं आ पाए उन्हें घर जा कर कंबल दिया जाएगा।वहीं इस मौके पर पुर्व प्रमुख राजमुनि देवी, वार्ड सदस्य रमन गंझू,एतवा गंझू,मनीजर गंझू, नागेश्वर गंझू,तामिल गंझू, बिनोद खालखो, शिवनाथ गंझू, विशाल कुमार, जागेश्वर गंझू, रंजीत गंझू,टिकेन्द्र गंझू आदि लोग मौजूद थे।

## हिट एंड रन कानून के खिलाफ रामगढ़ जिले में कई स्थानों पर सड़क जाम एवं विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** हिट एंड रन कानून को वापस करने की मांग को लेकर मंगलवार को ड्राइवर ने एवं यूनियन के लोगों ने रामगढ़ जिला के कई स्थानों पर जाम कर दियाद्य रामगढ़ जिला के कोठार चौक , शहर के सुभाष चौक के निकट मार्ग को जाम कर आवागमन ठप कर दिया गयाद्य जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप रहीद्य यात्रा कर रहे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ाद्य वहीं सड़क जाम कर रहे।आंदोलनकारी केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते नजर आए।

# भाकपा माले ने सामूहिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिरका :** भाकपा-माले चुंबा ब्रांच ने चुंबा अंबेडकर भवन के समक्ष मंगलवार को गरीब दलित मजदूर किसानों के जमींदार, कोलमाफिया के खिलाफ संघर्षों में हुए शहीद कामरेड धर्मनाथ राम सहित रामप्रसाद राम,जगरनाथ राम,मोतीराम,यमुना राम व अन्य साथियों को सामूहिक रूप से याद किया। सर्वप्रथम भाकपा-माले के शहीद साथियों के चित्रों पर जिला सचिव भुनेश्वर बेदिया ने माल्यार्पण किया। जबकि झंडातोलन सोहराय किस्कू ने किया और नारेबाजी की गई। गांव-शहर से उठी आवाज-नहीं चलेगा कंपनी राज, भाजपा हटाओ देश बचाओ,सिरका लोकल सेल में स्थानीय मजदूरों को काम दो,सभी साथी अमर रहे आदि नारे लगाए गए। इसके बाद एक मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धाजंलि सभा व संकल्प सभा की अध्यक्षता छोटेलाल दास व संचालन सकलदेव राम ने किया। मंच में प्रमुख रूप से शिवचंद राम, हीरा सिंह, रामबृक्ष बेदिया, अशोक गुप्ता, बाजो राम, संतोष मोदी, जयनंदन गोप, रस्का मांझी, कमल राम, लालचंद बेदिया, जयवीर मांझी आदि सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल थे। वक्ताओं ने कहा कि चुंबा गांव 1970 के दशक से ही सामंती दमन,महाजन, सूदखोर के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए यहां के दलित आदिवासी अपनी मान-सम्मान को हासिल करते हुए रोजगार की आंदोलन को तेज किए थे। साथ ही पार्टी को मजबूत करने में चुंबा ब्रांच की अहम भूमिका रही है। सर्वप्रथम धर्मनाथ राम अपनी मुख्य भूमिका की जिम्मेदारी को निर्वाहन करते हुए शहीद हो गए,उसके बाद मोतीराम, रामप्रसाद राम , यमुना राम अन्य साथियों ने योगदान दिए था। इसे आगे बढ़ाने का संकल्प के साथ सभा का समापन हुआ।

# रजरप्पा थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह के विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रजरप्पा थाना सेवानिवृत्ति थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह थाना परिसर में सादा समारोह आयोजित कर भव्य तरीके विदाई किया गया जिसमें थाना क्षेत्र अंतर्गत शांति समिति के सदस्य, कार्यरत चौकीदार, स्थानीय पत्रकार एवं पुलिस शामिल थी थाना प्रभारी को ओढाकर एवं बुके देकर विदाई की गई इस दौरान सेवानिवृत्ति थाना प्रभारी ने उपस्थित तमाम ग्रामीण एवं पुलिस पदाधिकारी को अपने कार्यकाल के बारे में बताया कि पुलिस और पब्लिक के बीच में बेहतर संबंध स्थापित करना चाहिए जिससे एक दूसरे को किसी प्रकार का दुख दर्द नहीं स्थानीय लोगों को बताया कि पुलिस विभाग में नौकरी करने के दौरान समस्याएं बहुत उत्पन्न होती है परंतु सभी का ईमानदारी पूर्वक निपटारा करना चाहिए जनता के साथ संबंध स्थापित कर सुंदर तालमेल कर सेवा रखना चाहिए विधायक समारोह का आयोजन में संजय कुमार ने अध्यक्षता किया एवं संचालन चंद्रशेखर पटवा ने की इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दुलमी सुनील कुमार प्रजापति वर्तमान प्रभारी थाना प्रभारी संजय कुमार नायक, रघुनाथ सिंह, सोहेल अहमद खान, श्याम भगत के अलावे चंद्रशेखर पटवा, दिवाकर नायक सुलेमान अंसारी, किशोर पासवान, शंकर करमाली, तारा प्रसाद, बशीर अंसारी, सहित कई लोग शामिल थे।

# सिरू के पूर्व मुखिया का निधन, अंतिम संस्कार में जुटे सैकड़ो लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिरु पंचायत के पूर्व मुखिया हरिवंश महतो ( 60 वर्षीय )का अचानक निधन हो गया पूर्व मुखिया अपना भरापूरा परिवार छोड़ कर दुनिया से अलविदा लिए मंगलवार को उनका अंतिम दाह संस्कार गांव श्मशान घाट कोची नाला मे बेटा विपिन कुमार ने अपने पिता को मुखाग्नि दी अंतिम दाह-संस्कार में पास पड़ोस के गणमान्य लोग भी शामिल हुए पूर्व मुखिया के निधन होने से पूरा गांव पंचायत शोक में डूबा पूर्व मुखिया लंबी अरसे से राजनीतिक कार्यो से जुड़े रहे पंचायत काफी काफी शोकाकुल और मर्माहत है पंचायत वासियों के लिए अपूरणीय छति हुई हैमौके पर रामगढ़ जिला के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य ब्रहमदेव महतो द्वारा शोक व्यक्त किया और दुख की घड़ी में परिजनों को ढाढ़स बंधाया य का कुल परिजनों से मुलाकात किया औरने कहा कि ह्रदय विदारक शोक सुचना से मन अत्यंत दुःखी है. दुलमी प्रखंड अन्तर्गत सिरु पंचायत के भूतपूर्व मुखिया स्व हरिवंश महतो अब हम सभी के बीच नहीं रहे ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं इन विकट क्षणों में स्वजनों को आत्मबल मिले इस मौके पर श्मशान घाट में अंतिम संस्कार मे पहुंचे जिसमें मुख्य रूप से मौके



पर जनता उच्च विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक राजनंदन महतो, दुलमी प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख रिझु महतो, राजकिशोर महतो, अधिवक्ता पंचम पिंगले, रिझुनाथ चौधरी मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्राचार्य रामलोचन महतो एवम अन्य शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों,डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार महतो, सुनील कुमार महतो, रवि महतो, राहुल कुमार महतो, निरंजन महतो, जितेंद्र कुमार महतो, सी डी महतो, सर्वेश महतो, बिपिन कुमार महतो, रंजीत कुमार महतो, नरेन्द्र महतो, नंदकिशोर महतो, विष्णु महतो, पुरुषोत्तम महतो, दुधेश्वर महतो सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति मुख्य रूप से हुआ।


**कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, रामगढ़।**

विज्ञापन संख्या :– 01/2023 आवेदन हेतु अंतिम तिथि 20.01.2024

**वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन**

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, भी0बी0डी0 झारखण्ड, रांची के कार्यालय पत्रांक 403 (VBD) दिनांक 05.06.2023 के आलोक में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (Vector Born Disease Control Programme) को सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर निम्नांकित पदो पर अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु झारखण्ड राज्य के स्थानीय योग्य अभ्यार्थियो से आवेदन अमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | पदनाम | स्वीकृत पद | आरक्षण कोटि | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अ0ज0जा0 | अत्य0पि0व0 | अ0जा0 | पि0व0 | आ0क0 वर्ग |
| 01 | District VBD Consultant | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 02 | MTS (Malaria Technical Supervisor) | 04 | 02 | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 |

सभी तरह का विहित प्रपत्र में पूर्ण आवेदन को बंद लिफाफे में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से **असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़** के कार्यालय में दिनांक 20.01.2024 को संध्या 05 बजे तक जमा कराया जा सकता है, इसके बाद का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। एक अभ्यार्थी एक से अधिक पद के लिए आवेदन नही कर सकते हैं, अन्यथा उनके आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा एवं बाद में इस पर कोई विचार नही किया जाएगा।

उक्त नियुक्ति संबंधी अन्य शर्तें, अहर्ता, आवेदन शुल्क, आयु, आवेदन प्रपत्र ईत्यादि का विवरण रामगढ़ के वेबसाईट www.ramgarh.nic.in अथवा सिविल सर्जन, रामगढ़ कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

जिला मलेरिया पदाधिकारी
रामगढ़।

असैनिक शल्य चिकित्सक
सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 314952 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

## आरएसपी कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य का हुआ स्वागत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आरएसपी कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य के रूप में महाविद्यालय के हिंदी के प्राध्यापक डॉ निलेश कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है। मंगलवार को छात्र नेता राजीव पांडेय के नेतृत्व में प्राचार्य को अंगवस्त्र व बुके देकर उन्हें नयी जिम्मेवारी मिलने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। राजीव पांडेय, रवि पासवान ने मिल कर आरएसपी रिजनल केंद्र डिगवाडीह में पीजी की पढ़ाई एवं नियमित रूप से क्लास करवाना एवं छात्र छात्राओं की जन समस्याओं को लेकर अवगत कराया। इस पर प्राचार्य ने कहा कि इस महाविद्यालय में 2008 में प्रोफेसर के पद पर आया था और इस महाविद्यालय में मैंने पूर्व में परीक्षा नियंत्रक के पद पर रहते हुए अनेक छात्र छात्राओं की हर संभव मदद कर उनकी समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया। आगे भी मुझ से जितना संभव होगा छात्रहित में मैं तत्पर रहूंगा। मौके पर मुख्य रूप से रघु पासवान, जयदेव मोदी, सूफिया, नरगिश, प्रिया, लवली, सुष्मिता शुक्ला, श्रुति, शालिनी, अंजली, प्रियंका आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

## भाजपा नेता ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गिरिडीह विधानसभा के पूर्वी भाग मंडल के तुरूकडीहा, पिपराटांड एवं मोहनपुर में भाजपा नेता सुरेश साव जी ने बढ़ते ठंड को देखते हुए सैकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। इसी दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी नीतियों और भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर पिपराटांड में भाजपा के जुझारू कार्यकर्ता बिनोद राम के नेतृत्व में लखीराम बेसरा, भोटा बेसरा, गणेश वर्मा, रावन मुर्मू, लिखम मांझी, रेस्का टुडू, सुखु मांझी अपने सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा में शामिल हुए । वहीं श्री साव ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा लगातार गरीबों, वंचितों, दलीतों और आम लोगों की भलाई के लिए निरंतर कार्य करती है ।

## मृतक के परिजनों से मिले जिप उपाध्यक्ष एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चोंगाखार के ग्राम दाशोडीह निवासी 36 वर्षीय मनोज यादव के आकस्मिक निधन की सूचना मिलते हीं जिप उपाध्यक्ष सह अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि छोटेलाल यादव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा उनके आवास पहुंच कर पार्थिव शरीर का अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। साथ हीं शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर ढाढस बंधवाया एवं आर्थिक सहयोग किया। मौके पर पुलिस प्रशासन विभाग सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव, विद्युत विभाग सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्रवंशी, जिला परिषद सदस्य सूरज सुमन, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि राम लखन वर्मा, मीडिया प्रभारी भरकट्टा रंजीत राय, आजाद तूरी, पूर्व पंचायत समिति प्रतिनिधि राम लखन यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नारायण यादव, समाजसेवी सुखदेव यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि महेश यादव, प्रेम शंकर यादव, विजय यादव, गोविंद यादव समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## धनबाद जिला फुटबॉल लीग आयोजित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भितिया स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मैच में रविंद्र संघ गोमो 2-0 से बिरसा मुंडा क्लब को पराजित किया। रविंद्र संघ के बी एस मुंडा ने 44 वें मिनट व 49 वें मिनट में गोल किया। इस अवसर पर संघ के महासचिव मृदुल बोस, कोषाध्यक्ष मो. सलाउद्दीन, संयुक्त सचिव शुभंकर सरकार, उदय मिश्रा के अलावा शमशेर, जमशेद अंसारी, डॉ चंदन कांति दे, डॉ. एस. बी. कुमार, बी. के. हेंब्रम, शमीम शाह आदि उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका चिंटू हाजरा, सुदन लाल सोरेन, सुरेश किस्कु, धनपति पांडे ने निभाया।

## गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन की नई कमिटी का हुआ गठन



**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को मासस की पार्टी कार्यालय गुरुदास भवन में गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन की एक बैठक हुई जिसमे पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी के गठन किया गया। बैठक में सभी सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में सर्व सम्मति से संयोजक लाखन सिंह, लालू ओझा, दीपक सिंह एवं शंकर सिंह, अध्यक्ष बपिन घोष, उपाध्यक्ष छोटन गुराई,दिनेश सिंह, सचिव मनोज सिंह सह सचिव हरे राम, दशरथ चंद्र, मोहम्मद हाशिम, कोषाध्यक्ष कृष्णा रजक, राजीव सिंह एवं गुलाम रवानी, मीडिया प्रभारी पप्पू सिंह व मन्नू सिंह चुने गए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर नृत्य (डांस), चित्रकला एवं रंगारंग कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। चित्रकला तीन ग्रुप में किया जाएगा A ग्रुप में 13 वर्ष से 18 वर्ष B ग्रुप में 9 वर्ष से 12 वर्ष एवं C ग्रुप में 5 वर्ष से 8 वर्ष और नित्य कला (डांस )में B ग्रुप में 5 वर्ष से 10 वर्ष एवं A ग्रुप में 11 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चे भाग लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से दिनेश सिंह,सपन गोराई, निरंजन गोराई, दीपक मोदी, बासुकीनाथ रविदास, मुमताज अंसारी संजय बनर्जी, प्रशांत मंडल, राजेश बनर्जी, शमीम अख्तर, महेश रावत, मोलोई गोप इत्यादि उपस्थित थे।

## हिट एंड रन कानून : ड्राइवरों की बन्दी से सड़के जगह जगह जाम, यात्री परेशान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** हिट एंड रन कानून के खिलाफ ड्राइवरों की अखिल भारतीय आंदोलन का असर धनबाद कोयलांचल में भी देखने को मिल रहा है। आंदोलन के दुसरे दिन धनबाद के गोविंदपुर से लेकर निरसा तक ट्रकें जाम है।

जीटी रोड पर वाहनों की लम्बी कतार लग गई है। इसके अलावा तोपचांची और राजगंज में भी सड़क जाम देखने को मिल रही है। यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिन्हें कोलकाता से गिरिडीह, हजारीबाग अथवा अन्य जिलों में जाना था, वह गोविंदपुर में जगह-जगह फंसे हुए हैं। वही कुछ ड्राइवर भी परेशान नजर आ रहे हैं।

कई वाहनों में आवश्यक वस्तु, खाने पीने की चीजें गैस सिलेंडर आदि लोड है, जो समय पर नहीं पहुंचने पर खराब हो सकती है एवं आवश्यक वस्तुओं की कमी का सामना आम लोगों को करना पड़ सकता है. गौरतलब है कि जीटी रोड पर लंबी दूरी की माल वाहक गाड़ियां चलती है। साथ ही साथ सवारी गाड़ियां भी सरपट दौड़ती है। ऐसे में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के साथ-साथ आम लोगों को नए साल के पहले दिन से ही भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि सरकार इस पर कब संज्ञान लेती है, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## आमाघाटा में 60 एकड़ जमीन पर खुलेगा धनबाद का पहला चिड़ियाघर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद में सैर सपाटे वाली जगहों की कमी धीरे धीरे दूर होने लगी है। शहर के अंदर दो नए पार्क के बाद अब शहर से सटे आमाघाटा में 60 एकड़ जमीन पर चिड़ियाघर का निर्माण किया जाएगा। केंद्र सरकार के निर्देश पर वन विभाग ने इसका प्रस्ताव तैयार कर मंजूरी के लिए भेज दिया है। मंजूरी मिलते ही निर्माण शुरू होगा। आमाघाटा नर्सरी के पीछे वन विभाग के पास अपनी 60 एकड़ से अधिक जमीन है। यह जमीन चिड़ियाघर के लिए चिह्नित की गई है। चिड़ियाघर की जमीन का निरीक्षण करने के लिए नए साल में केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की टीम पहुंचेगी। सरकार के मानक पर अगर यह सही रहा तो जल्द ही चिड़ियाघर का निर्माण शुरू होगा। इससे पहले चिड़ियाघर के लिए वन विभाग की टीम ने टुंडी के जियाजोरी वनक्षेत्र का निरीक्षण किया था, लेकिन शहर से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी की वजह से यह जगह उपयुक्त नहीं माना गया।

**ओरमांझी की तर्ज पर धनबाद में बनेगा चिड़ियाघर :-** रांची शहर से 20 किलोमीटर दूर ओरमांझी चिड़ियांघर की तर्ज पर ही धनबाद में चिड़ियाघर का निर्माण किया जाएगा। रांची स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान भारत के सबसे खूबसूरत और प्रगतिशील चिड़ियाघरों में से एक है, जो 104 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। धनबाद में भी कुछ ऐसा ही चिड़ियाघर का निर्माण होगा।

**पहाड़ों से घिरे आमाघाटा का क्षेत्र वन जीवों के लिए उपयुक्त :-** वन विभाग ने चिड़ियाघर बनाने के लिए आमाघाटा क्षेत्र को उपयुक्त माना है। वन विभाग यहां वन्य जीवों के लिए प्राकृतिक खूबसूरती के बीच बेहतर माहौल देने का प्रयास कर रहा है। चिड़ियाघर में शेर, भालू, मोर, बाघ व तेंदुआ जैसे जानवरों को रखा जाएगा।

## झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मिले संतोष



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर से राँची आने के दौरान दिल्ली एयरपोर्ट पर धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की औपचारिक भेंट हुई। मौके पर जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने प्रभारी से मिलकर जिला मे चल रहे संगठन सशक्तिकरण अभियान संबंधित विस्तृत जानकारी दिया और उन्होंने धनबाद आने को आमंत्रित किया। इस प प्रभारी ने जल्द धनबाद आने की सहमति जताई और उन्होंने धनबाद जिला में संगठन सशक्तिकरण अभियान को लेकर किए जा रहे कार्यक्रम के प्रति सराहना व्यक्त किया। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिया और उन्होंने सभी कांग्रेसजनों से एकजूटता के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने का आह्वान किया।

## रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत अब तक 1883 युवाओं को प्रशिक्षित किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** 'रेल कौशल विकास योजना' के अन्तर्गत युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार और स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं के कौषल को उन्नत करने के लिए दिनांक 05.12.2023 स 28.12.2023 तक पर्यवेक्षक प्रषिक्षण केंद्र एवं यांत्रिक कारखाना/समस्तीपुर, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना/हरनौत, इलेक्ट्रिक ट्रैक्षन प्रषिक्षण केंद्र/पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल तथा सिगनल एवं दूरसंचार प्रषिक्षण केंद्र/दानापुर में प्रषिक्षण प्राप्त कुल 33 प्रषिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी । इस योजना के तहत पूर्व मध्य रेल के इन प्रषिक्षण केंद्रों द्वारा अब तक कुल 1883 युवाओं को प्रषिक्षण के उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है । पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र तथा यॉत्रिक कारखाना समस्तीपुर में फिटर ट्रेड में प्रषिक्षण के उपरांत 17 युवकों को



प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान उन्हें विभिन्न प्रकार के माप, कटिंग, फाइलिंग, ड्रिलिंग, चुड़ी कटिंग इत्यादि कार्य का प्रषिक्षण दिया गया। इसी क्रम में सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में 06 युवकों को मषीनिष्ट ट्रेड में प्रषिक्षण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के विद्युत कर्षण प्रषिक्षण केंद्र में 04 युवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । प्रषिक्षण के दौरान इन्हें विद्युत आयरन, विद्युत हीटर,स्टेयर केस वायरिंग, सीलिंग फैन, विद्युत बोर्ड बनाना एवं कनेक्षन करना, विभिन्न उपकरणों के बारे में प्रषिक्षण दिया गया। सिगनल एवं दूरसंचार प्रषिक्षण केंद्र, दानापुर में 06 युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया । इस दौरान उन्हें डायोड, ट्रांजिस्टर, आईसी, पावर सप्लाई, सोल्डिंग, मल्टीमीटर ट्रांसफार्मर के उपयोग एवं मरम्मत इत्यादि कार्य का प्रषिक्षण दिया गया । प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण पूरा होने पर काफी संतोष व्यक्त किया ।

## महुदा : वाहन चालकों ने सड़क में धरने पर बैठ कर बंद का किया समर्थन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा में वाहन चालकों द्वारा सड़क जाम कर।

धरना पर बैठ गए और बंद का समर्थन किया है ।और कहां की इस तरह से हम लोग ऑटो चलाने वाले ड्राइवर हैं यदि किसी तरह किसी को ठोकर लग जाए या कोई आकर हमारे गाड़ी में सट कर तो हमारे पास लाखो रुपए इस कानून के तहत जुर्माना देना पड़ेगा।

हम गरीब आदमी है लाखो रुपया रहता तो ऑटो नही चलाते। इसलिए भारत सरकार से हम सभी ड्राइवर मांग करते हैं की जो ड्राइवर के लिए कानून को लाया है इस काले कानून को जल्द से जल्द वापस ले अन्यथा हम और बृहद रूप से हड़ताल पर जाने का जाने के लिए बाध्य होंगे।

## नए साल की शुरुआत इंसानियत की सेवा के साथ
## नौजवान कमिटी ने 50 बच्चों को दिए गर्म कपड़े

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नौजवान कमिटी पुराना बाजार के संस्थापक सदस्य सह चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के संचालन समिति के सदस्य सोहराब खान ने अपने दोस्तों के साथ सोमवार को आरा मोड़ वासेपुर स्थित जमायत-उल-मदीना, बुरहान-ए-मिल्लत (दवात-ए-इस्लामी) में जरूरतमंद 50 बच्चों के बीच गर्म कपड़े (स्वेटर), मॉफलर, जैकेट का वितरण किया गया। मौके पर सोहराब खान ने कहा कि कड़ाके की ठंड और मासूम बच्चों की जरूरत नेकियों की गर्माहट जिस्म से होकर रूह तक पहुंचती है। सोहराब खान और उनकी टीम कोयलांचल में अपनी



सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। मौके पर सोहराब खान, इमरान अली, फैयाज अख्तर, मोइन अंसारी, अफरोज खान, अबरार आलम, रफीक आलम, तनवीर अंसारी, इमरान अली जुग्गनू, गुलाम मुरसलीन, हुमायूं रज़ा, सलाउद्दीन महाजन आदि मौजूद थे।

## रंगकर्मी सफदर हाशमी की 35वीं शहादत दिवस पर विचार गोष्ठी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिंदरी :** ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से प्रसिद्ध कवि, नुक्कड़ नाटककार, फिल्म निर्देशक, गीतकार सफदर हाशमी की 35 वीं शहादत दिवस पर प्रियदर्शनी पार्क सिंदरी में विचार गोष्ठी रखी गई। विचार गोष्ठी का उद्घाटन करते हुए भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. काशीनाथ चटर्जी ने कहा कि सफ़दर हाशमी एक लोकप्रिय नाटककार, निर्देशक एवं गीतकार थे। सफ़दर हाशमी ने कई नुक्कड़ नाटक भी किए. भारत में नुक्कड़ नाटक को पहचान दिलवाने में सफ़दर हाशमी ने काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. सफ़दर हाशमी ने अपने नाटक गीत, संगीत, नुक्कड़ नाटक के जरिए समाज के शोषित वर्ग और वंचित लोगों के हक में आवाज बुलंद किए। सफ़दर हाशमी ने दिल्ली के सेंट स्टीफेंस कॉलेज




से अंग्रेजी साहित्य से एमए किया। इसी दौरान स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सांस्कृतिक यूनिट और इप्टा से उनका गहरा जुड़ाव हो गया।उन्होंने जन नाट्य मंच की स्थापना की।

गाजियाबाद में हल्ला बोल का नुक्कड़ नाटक 1 जनवरी 1989 को करते समय माफिया ने उन के ऊपर कातिलाना हमला किया जिसमें एक मजदूर राम बहादुर और उनकी मृत्यु 2 जनवरी को हो गई। उनकी शहादत के तीन दिन बाद उनकी पत्नी ने उस अधूरे नाटक को पूरा किया। साक्षरता आंदोलन में उनका लिखा और गाया गीत पढ़ना लिखना सीखो, ओ भूख से मरने वालों काफी प्रसिद्ध रही। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता विकास कुमार ठाकुर ने किया तथा हेमंत कुमार जयसवाल, राज नारायण तिवारी, शकीला बानो, रंजीत कुमार सिंह, सुरेश प्रसाद, गौतम प्रसाद, रानी मिश्रा, सविता देवी, सीता देवी, मिठू दास, सूर्य कुमार सिंह, सुबल चंद्र दास, आर के मिश्रा, प्रफुल्ल कुमार स्वैत्र, अनुश्री मिश्रा, राम लायक राम ने विचार रखा।

## नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक में ऑडिटर के पद पर चयन, परिजनों में उत्साह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के खोरीमहुआ अनुमंडल में संचालित सामाजिक संस्था प्रयास पहल के सक्रिय सदस्य सुमित कुमार का नियुक्ति भारत सरकार के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक विभाग में ऑडिटर के पद पर रायपुर, छत्तीसगढ़ में हुई है। उन्होंने एसएससी के द्वारा आयोजित एसएससी सीजीएल-2022 की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर यह नियुक्ति हासिल की। सुमित कुमार के भारत सरकार में नियुक्ति की खबर से पस्तवार गाँव में हर्ष का माहौल है, उन्होंने अपनी प्राथमिक शिक्षा संत जोसेफ पब्लिक स्कूल, समस्तीपुर से



किया और उच्च शिक्षा में कम्प्यूटर साइंस से इंजिनियरींग की है। सुमित के पिताजी सत्य नारायण पासवान ने कहा हमें सुमित के मेहनत व सफलता पर गर्व है। सुमित बताते हैं कि मेरे चयन के पीछे शिक्षकों, परिवार के सभी सदस्यों और दोस्तों का निरंतर सहयोग रहा है।

## आदिवासियों की जमीन हड़पने की साजिश के खिलाफ भाकपा माले तथा 'सिद्धो-कान्हू जन संघर्ष मंच' ने की मीटिंग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** आदिवासियों की जमीन हड़पने की साजिश के खिलाफ भाकपा माले तथा 'सिदो-कान्हू जन संघर्ष मंच' गोलबंध होकर करहरबारी पंचायत में बैठक किया। बताया गया कि आदिवासियों की जमीन का फर्जी कागजात बनाकर उसे हड़पने और उन्हें बेदखल करने की साजिश किया जा रहा है। बैठक के माध्यम से प्रशासन और सरकार से तुरंत इस मामले को संज्ञान में लेते हुए उच्च स्तरीय जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। साथ ही आदिवासियों की जमीन लूट के खिलाफ आंदोलनत महेंद्र सिंह की शहादत दिवस 16 जनवरी पर बगोदर में आयोजित सभा में भाग लेने का भी ऐलान किया गया। बैठक में कुसमाटांड़ वासियों ने उनकी जमीन लूट के बारे में बात रखी और कहा कि, झारखंड में भी यदि आदिवासी सुरक्षित नहीं तो कहां जाएंगे, भू माफिया पुलिस प्रशासन और पैसे के बल पर केस मुकदमा का भय दिखाते हैं, ताकि हमारी जमीन लूट सकें। बैठक की अध्यक्षता छोटका किस्कू तथा संचालन जेम्स किस्कू एवं मोलो हांसदा ने किया।

## जनजातीय युवा आदान प्रदान कार्यक्रम के लिए युवाओं का जत्था सूरत रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 154वीं वाहिनी, धनबाद एवं नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के संयुक्त तत्वाधान में 15वें जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत सूरत में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु गिरिडीह जिले से 10 पुरुष एवं 10 महिला युवाओं का दल सूरत हेतु रवाना हुआ। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों हेतु केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 154वीं वाहिनी के के प्रांगण में ब्रिफिंग सेशन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कमान्डेंट अच्युतानंद ने की। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 154वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी दलजीत सिंह भाटी, द्वितीय कमान अधिकारी राजेश कुमार ,उप



कमांडेंट बिनीता कुमारी, नेहरू युवा केंद्र गिरिडीह के जिला युवा अधिकारी रवि कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहे। कमांडेंट अच्युतानंद ने युवाओं को बताया कि जनजातीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के माध्यम से उन्हें देश में हो रहे सामाजिक एवं आर्थिक प्रगति से अवगत होने का अवसर मिलेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रांसफार्मर खराब होने से गांव के आधा ग्रामीण परेशान

**सेन्हा–लोहरदगा :** बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने पर सेन्हा ग्राम के आधा ग्रामीण बिजली आपूर्ति को लेकर परेशान हैं। सेन्हा प्रखंड ग्राम के अमन चौक के सामने बिजली का ट्रांसफार्मर खराब होने से आधा सेन्हा ग्राम अंधेरा का सामना करने को मजबूर है। विदित हो कि सेन्हा अमन चौक से सेन्हा डीपू तक पथ किनारे बसा बस्ती दो दीन से अंधेरा में है। जिसे लोगों को सब से ज्यादा पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। साथ ही देश विदेश का समाचार से वंचित हो गए है। ठंड में बच्चो को पठन पाठन में भी काफी दिक्कत हो रहा है। मोबाइल चार्ज के लिए सेन्हा चौक पहुंच कर मोबाइल का चार्ज कर रहें है। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा की ट्रांसफार्मर खराब की सूचना प्राप्त हुआ है। बताते हुए उन्होंने कहा जनता की मांग पर पहल करते हुए दो दिनों में व्यवस्था किया जाएगा।

# सिमडेगा के ताईक्वाडों खिलाड़ियों ने दुर्गापुर बंगाल में दिखाया जलवा, जीते स्वर्ण पदक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा के ताईक्वाडों खिलाडियों ने दुर्गापुर बंगाल में आयोजित स्टेट ताईक्वाडों चैम्पियनशिप में शामिल होकर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण पदक, 10 रजक पदक और 7 कांस्य पदक लेते हुए तृतीय स्थान पर रहें। विजयी टीम को बधाई देने पहुँची समाजसेवी अगुस्टीना सोरेंग। राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 29 और 30 दिसम्बर 2023 दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता दुर्गापुर बंगाल के ओ डी सी क्लब चाँदीदास पूजा ग्राउंण्ड कैम्पस में स्टीयर फाउंडेशन पश्चिम बंगाल की ओर से आयोजित किया गया था। इस खेल प्रतियोगिता में सिमडेगा जिले के 21 खिलाड़ी भाग लिए थे। ये खिलाडी झारखंड सरकार के द्वारा महत्वाकांक्षी योजना नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आत्मरक्षा एवं रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा जैसे योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें।छात्र-छात्राएं जो बेहतर कर रहे हैं को चुनकर प्रतियोगिता हेतु चयन किया गया था और खिलाड़ियों के द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण पदक, 10 रजत पदक एवं 7 कांस्य पदक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर लौटे। खिलाडियों के सिमडेगा लौटने पर सिमडेगा ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष कृष्णा बड़ाईक के द्वारा रात्रि विश्राम के लिए जिला परिषद डाक बंगला में व्यवस्था करायी गई थी। वहीं सामाजिक कार्यकर्त्ता अगुस्टीना सोरेंग ने विजयी टीम के कोच एवं कोर्डिनेटर दयाराम मेहर, पप्पू कुमार, संघ के कोषाध्यक्ष गोबिंद प्रधान, टीम मैनेजर रीतु रानी लकडा को बधाई देते हुए संविधान की परीचय पुस्तिका पूरे टीम को भेंट किया। अगुस्टीना ने सभी खिलाडियों को बधाई देते हुए कहा कि निश्चित तौर पर ताइक्वांडो जैसे खेल से लडकी बच्चियाँ अपनी रक्षा करने के साथ ही अनुशासन एवं मजबूत हो रही हैं तथा भविष्य में और अधिक बच्चों को तैयार कर सकेंगी, यह जिला के लिए गर्व का विषय है कि इस खेल के कोच एवं जिला ताइक्वांडो संघ बच्चों को इस तरह की प्रतियोगिताओं को तैयार कर अच्छी दिशा दे रहें हैं इसके लिए बच्चों के माता पिता तथा संघ को बहुत बधाई कोर्डिनेटर दयाराम ने बताया कि स्वर्ण पदक खिलाडी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित हो सकेंगे। जिसका आयोजन 5 जनवरी को दिल्ली में किया गया है।

## सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बड़ाईक के द्वारा ठंड को देखते हुए बुजुर्गों के बीच बांटा गया टोपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सांसद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी नरेंद्र बड़ाईक जी के सौजन्य से बढती ठंड का प्रकोप को देखते हुए हमेशा से यह जनता के हित मे गरीब, असहाय, मजदूरों के लिए काम करते रहते हैं ठंड का प्रकोप को देखते हुए इन्होंने पहले भी अलाव का व्यवस्था किए एवं बुजुर्गों, असहाय मजदूरों के बीच कंबल बांटने का काम किया और शाम 5:00 बजे ठेठईटांगर मुख्यालय चौक के पास ठंड से बचने के लिए वृद्धों, बुजुर्गों, गरीब असहाय, मजदूर के बीच टोपी का वितरण किया गया। ये हमेशा ही जनता को ध्यान में रखते हुए आम जनमानस से जनसंपर्क कर जनता की समस्याओं को समाधान करते रहते हैं इनके पास जो भी समस्या लेकर आते हैं उन समस्याओं का यह निष्ठा पूर्वक परिश्रम कर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते हैं इसीलिए इनसे जनता का जुड़ाव और भरोसा बना रहता है।

# अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत को घर-घर निमंत्रण देने के लिए लोगों का उत्साह चरम पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा–लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड में अयोध्या से पहुंचे पूजित अक्षत को घर-घर निमंत्रण स्वरुप देने के लिए लोगों में उत्साह चरम पर है। भंडरा प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विहिप के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ महिलाएं भी बढ़-चढ़कर पूजित अक्षत को वितरण करने में जुटी हुई है। भंडरा प्रखंड के कुछ गांव ऐसे है जहां मंदिर नहीं है। वैसे गांव में ग्रामीण बांस व पूस का छप्पर बना कर एक दिन भी मंदिर बनाकर पूजित अक्षत को रखा है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्रामीणों के बीच भगवान राम के प्रति आस्था चरम पर है। गांव-गांव में लोग सुबह-शाम पुरुष व महिलाएं टोली बनाकर घर-घर पूजित अक्षत व अयोध्या में बन रहे रामलला प्राण-प्रतिष्ठा मंदिर का चित्र देकर निमंत्रण दें रहे है। इस दौरान जयश्री राम व बजरंग बली की जय के उद्घोष के साथ ही भक्त निमंत्रण स्वीकार कर रहे है। इस दौरान विहिप के सदस्यों द्वारा आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलाल की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर दूरदर्शन में सीधा प्रसारण देखने तथा हर घर में पांच-पांच दीपक जलाने के अलावे अपने नजदीक के मंदिर में पूजा-अर्चना को लेकर प्रोत्साहित किया जा रहा है। विहिप के स्वामी कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भक्तों में गजब का उत्साह है। भक्त पूरी निष्ठा के साथ पूजित अक्षत को निमंत्रण स्वरुप वितरण कर रहे है। भंडरा के कुम्हरिया, आकाशी, गडरपो, तिलसिरी, चट्टी, सेमरा, मसमानो, कचमची, भीठा, पलमी, बड़ागाई सहित प्रखंड के सभी गांव में लोग घंट व शंखनाद के साथ लोगों को निमंत्रण दें रहे है।

## पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों से मिले भाजपा नेता

### अधिकारियों से बात कर समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पुर्व भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र बुथ न. 132 का भ्रमण वीरू मंडल अध्यक्ष धनश्याम सिंह के साथ में किया। भ्रमण के दौरान सिमडेगा प्रखंड पंचायत जोकबहार के ग्राम डोंगा पानी, पुरनाडीह , बाजार टोली, के ग्रामीणों से मुलाकात किए एवं उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। भ्रमण के दौरान डोंगा पानी, पुरनाडीह , बाजार टोली, के ग्रामीणों ने श्री बेसरा को बताया कि काफी दिनों से हमारे गांव का चापाकल और जल मीनार खराब होने से पानी की समस्या हो रही है। ड़ाड़ी, चुंआ से पानी लाकर गृहस्थ जीवन बसर कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम डोंगा पानी में तीन चापाकल एक जलमिनार, पुरनाडीह में तीन चापाकल और एक जलमिनार, बाजार टोली में एक जलमिनार खराब पड़ा है। ग्रामीणों की समस्या सुनने के पश्चात श्री बेसरा ने पीएचडी विभाग सिमडेगा जेई महोदय से फोन द्वारा बातचीत किया एवं समस्या से रूबरू कराया तथा समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने को कहा। श्री बेसरा ने जल मीनार लगाने वाला कम्पनी के मैनेजर से भी बातचीत कर खराब जल मीनारों को जल्द से जल्द दुरूस्त करने को कहा। मौके पर वीरू मंडल अध्यक्ष घनश्याम सिंह, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता भोला साहु, पूर्व मुखिया चंदेश्वर मुंडा, जवाहर प्रधान, फूलसिंह प्रधान, कृष्णा प्रधान, चरकू प्रधान, कलिंदर भोक्ता, मुड़िया से सुरेंद्र मेहर, रंजीत प्रधान, प्यारा साहू इत्यादि भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## अयोध्या से आए पूजित अक्षत व निमंत्रण वितरण प्रारम्भ किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा–लोहरदगा :** अयोध्या से आया हुआ पूजित अक्षत चावल निमंत्रण का वितरण सोमवार से घर घर अक्षत चावल निमंत्रण बांटने की शुरुवात प्रखंड क्षेत्र के सेन्हा पंचायत ग्राम से प्रारम्भ किया गया। अक्षत चावल वितरण से पूर्व मेन रोड स्थित दुर्गा मंदिर में विहिप के प्रखंड अध्यक्ष रणजीत साहु की अधयकता में बैठक आयोजित कर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के गाँवों में दुर्गावाहनी और मातृशक्ति से अक्षत चावल निमंत्रण को वितरण कराने के बारे चर्चा करते हुए पंचायत वार वितरण के लिये विचार विमर्श किया गया। वही अक्षत चावल का कार्यक्रम सर्वप्रथम मां दुर्गा के चरणों में समर्पित करते हुए विहिप प्रखंड अध्यक्ष रणजीत साहु एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सन्ह पंचायत ग्राम में घर घर भ्रमण कर अक्षत चावल निमंत्रण वितरण किया गया। अक्षत चावल निमंत्रण वितरण के साथ 22 जनवरी को भगवान श्री राम लाला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गाँव के मंदिर और देवालय में जा कर पूजन व आरती सम्मलित होने के लिये भी ग्रामीणों से आग्रह किया गया। मौके पर जिला मंत्री रंजीत साहु, विहिप प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार साहु, कोषाध्यक्ष संतोष महतो, केदारनाथ साहु, बृजमोहन साहू, रविन्द्र साहू सहित अन्य विहिप के कार्यकर्ता व समाजसेवी कार्यक्रम में शामिल थे।

## उपायुक्त ने रेमता डैम का किया भ्रमण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा एवं उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह द्वारा खूंटी के रेमता डैम का भ्रमण किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने निर्देशित किया कि पर्यटन स्थल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। पर्यटकों की सुविधा हेतु अन्य आवश्यक व्यवस्था हेतु उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों को लाभान्वित करने की दिशा में पर्यटन स्थल के विकास से स्थानीय स्तर पर रोजगार की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिले। जिला प्रशासन द्वारा उक्त पर्यटन स्थलों के विकास की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। साथ ही पर्यटकों के मनोरंजन के लिए आवश्यक साधनों की भी व्यवस्था की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त यहां ईको टूरिज्म विकसित करने की योजना बनाई जाएगी। वनभोज के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठातें हैं सैलानी प्राकृतिक सौंदर्य के प्रेमियों के लिए प्रकृति ने खूंटी जिला को पर्यटन स्थल के रुप में अनेक अनुपम उपहार दिये हैं। इन उपहारों में पंचघाघ जलप्रपात, पेरवां घाघ, उलुंग, रानी फॉल, बिरसा मृग विहार, तजना डैम, पेलौल डैम, लटरजंग डैम व आम्रेश्वर धाम प्रमुख हैं। यूं तो उक्त पर्यटन स्थलों पर विभिन्न क्षेत्र से सैलानियां का सालों भर आगमन होता है।

## अंचल अधिकारी ने बीएलओ के साथ की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा–लोहरदगा :** अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय बीएलओ की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुआ। प्रखंड सभागार में प्रखंड के सभी बीएलओ की बैठक अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। बैठक में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को विस्तारित किया गया जो 22 जनवरी तक चलेगा। सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए बताया गया कि सभी योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में अगले 10 दिनों में जोड़ने का कार्य को गति प्रदान करें। इसके साथ ही जितने व्यक्तियों का प्रपत्र 7 भरकर मतदाता सूची से नाम हटाया जा रहा है उसकी सूची का सत्यापन कार्य बीएलओ के द्वारा कराया जाय ताकि गलती से किसी योग्य मतदाता का नाम विलोपित ना हो पाए। बैठक में सभी को बताया गया कि यह निर्वाचन का वर्ष है तथा काफी सावधानी से कार्य करें ताकि त्रुटिहीन एवं समावेशी मतदाता सूची का निर्माण किया जा सके। बैठक में पंचायती राज्य पदाधिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव सहित सभी बीएलओ उपस्थित थे।

## अयोध्या से पूजित अक्षत व आमंत्रण का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो–लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के कैरो व हनहट मे आज 02 जनवरी को दुसरे दिन भी श्री रामजन्म भूमि अयोध्या से आये पूजित अच्छ्त का वितरण कर दिया गया सभी को आमंत्रण। इस अवसर पर कैरो विहिप इकाई के अध्यक्ष जीतवाहन महतो, राष्ट्रिय स्वयं सेवक संघ के डा0 भोला प्रसाद ने बताया कि प्रांत के निर्देशानुसार 01 जनवरी से 15 जनवरी तक हर घर अच्छ्त व आमंत्रण पत्रक देकर 22 जनवरी को रामज्योति जलाने का निर्देश प्राप्त है उसो के निमित आज दुसरे दिन भी ब्लाक, थाना, स्कूल व आम घरो के 02 पंचायतों मे सैकड़ों घरो मे आमंत्रण व अच्छ्त का किया गया वितरण। इस अवसर पर विहिप अध्यक्ष जितवाहन महतो, आरएसएस के डा0 भोला प्रसाद, भाजपा के विशेश्वर प्रसाद दिन बजरंग दल के राधेश्याम साहू, राजेन्द्र सोनी, गंगा प्रसाद, बालेश्वर साहू इत्यादि गणमान्य लोग आमंत्रण पत्रक व अच्छ्त वितरण मे उपस्थित थे।

## झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में आज मनाएंगे मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती : अमर किन्डो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा के तत्वावधान में आगामी 03 जनवरी दिन बुधवार को 11:00 बजे से लोहरदगा प्रखंड परिसर स्थित टाउन हॉल में मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती को झारखंड आंदोलनकारी दिवस के रूप में मनायी जायेगी। इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उक्त आशय की जानकारी झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो,सचिव विशेषण भगत, प्रवक्ता अनिल कुमार भगत, चैतू मुंडा, दशरथ उरांव, मनोज उरांव, सोमनाथ उरांव, जगदीश उरांव, रूस्तम खान, दिनेश साहू, भोला भगत, आनंद उरांव, सुखदेव उरांव, जहांआरा बेगम, सीता उरांव, बालोमनी बाखला, अजीत खाखा, तारा खलखो, रामधनी भगत, राजू गुप्ता, सुखराम भगत, बिमलावती कुमारी, लक्ष्मी देवी, जगदीश उरांव, भोला भगत, सूरजमोहन लकड़ा ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती के साथ-साथ क्रांति ज्योति सावित्री फुले बाई की भी जयंती पर नमन कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष राजू महतो वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, प्रधान महासचिव कयूम खान, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत सहित कई गण्यमान्य भाग लेंगे। नेताओं ने जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के (चिन्हित अथवा अचिन्हित) सभी आंदोलनकारियों से अपील किया है कि निर्धारित स्थान पर ससमय पहुंच कर जयंती समारोह को सफल करें।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा संबंधित प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया गया सुपर चेकिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, खूंटी लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार रनिया, कर्रा एवं खूंटी सहित अन्य प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदाताओं के घर जाकर प्रपत्र 7 का सुपर चेकिंग किया गया। इस दौरान मतदाताओं से अपील करते हुए कहा गया कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ना हो, नाम में सुधार करना हो एवं किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाना हो तो 12 जनवरी तक अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क करें। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर नाम जोड़ने, विलोपन एवं सुधार सम्बन्धी प्रविष्टियो की जाँच हेतु सम्बंधित स्थल पर जाकर क्षेत्र सत्यापन का कार्य भी किया। इसके साथ ही उन्होंने बीएलओ के पास उपलब्ध बीएलओ रजिस्टर की जाँच की एवं पुनरीक्षण सम्बन्धी कार्यो के सम्बन्ध में संबंधित पदाधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

### अज्ञात अपराधियों ने खड़ी सेलेरियो कार में लगाई आग

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के बन्हे गांव में रात्रि के खड़ी सेलेरियो कार को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया जिससे कार जल कर राख हो गया। जानकारी के अनुशार यह सेलेरियो कार नम्बर जेएच 01 सी बी - 8859 के मालिक मो.सहजाद बन्हे मुस्तकीम मियां के यहां ससुराल में नित्य प्रतिदिन के तरह खड़ा किया था। चुकी मो सहजाद बन्हे ससुराल में रह कर अपना कार भाड़े पर चला जीवन का भरण पोषण किया करता था। नित्य प्रतिदिन के तरह कार चला कर कार को खड़ा किया था। अचानक मध्य रात्रि को आग का शोला निकलने लगा तो लोग आनन फानन में आग से बचाने के लिए भाग दौड़ करने लगे। किन्तु तब तक काफी देर हो चुकी थी। कार पूरी तरह जल कर खाक हो गया है।

## प्रत्याशियों के बीच किया गया चुनाव चिन्ह का वितरण

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया से संपन्न होगी अंजुमन ओहदेदारो का चुनाव : अलिरजा अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो–लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया कैरो प्रखंड के चुनाव हेतु आज उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिन्ह का वितरण किया गया। चुनाव कमिटी के संयोजक अलीरजा अंसारी ने बताया कि नायब सदर पद के उम्मीदवार मजुल अंसारी एवं खजांची पद के उम्मीदवार सरफराज अंसारी ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इस तरह चुनाव मैदान में बचे 9 प्रत्याशियों के बीच चुनाव चिन्ह का वितरण किया गया।सदर पद के उम्मीदवार जमील अख्तर को पतंग, मकसूद आलम-फूटबॉल, सेक्रेटरी पद के समीद अंसारी को कोट, मुर्शीद आलम-कप प्लेट, खजांची पद के रसीद अंसारी को सेब, सनाउल्लाह अंसारी-बधना लोटा, नायब सेक्रेटरी पद के लिए अख्तर अंसारी को टेबल, अनवर अंसारी-छतरी और महबूब आलम अंसारी को आम का फल चुनाव चिन्ह दिया गया है। मौके पर उम्मीदवारों को चुनाव की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। मौके पर चुनाव कमिटी के महताब आलम, नाजीर आलम खान, फरीद खान, स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के कोषाध्यक्ष नईम अंसारी, रिजवान अंसारी मुस्लिम अंसारी, जोरावर खान, मो.सजाद, मुश्ताक अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हिट एंड रन के मामलों में केंद्र सरकार पुनः विचार करें : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने देश के गृह मंत्री अमित शाह को ट्वीट कर हिट एंड रन के मामलों में दोषीवार ड्राइवर की सजा 10 वर्ष एवं जुर्माना बढ़ाने के निर्णय जो केंद्र सरकार ने लिया है ड्राइवर एवं परिवहन व्यवसाईयों के हित को देखते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग किये। श्री साहू ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषीवार ड्राइवर को 10 साल तथा जुर्माना बढ़ाने के निर्णय से देश के करोड़ों ड्राइवर आक्रोशित एवं चिंतित है। पहले 2 वर्ष तक की ही जेल जाने का प्रावधान था। कानून में बदलाव से ट्रक चालकों में भय का माहौल बना हुआ है। इस कानून से ड्राइवर को होने वाले दुष्प्रभाव की चिंता वास्तविक है। वाहन चालक जानबूझकर दुर्घटना नहीं करते हैं। अनजाने में दुर्घटनाएं हो जाती है दुर्घटना के बाद चालक इसलिए वहां से भागने की कोशिश करता है क्योंकि भीड़ उनकी पिटाई कर सकती है जिसके कारण चालक की जान भी जा सकती है इसलिए ड्राइवर एवं परिवहन व्यवसाईयों के हित को देखते हुए इस निर्णय पर केंद्र सरकार को पुन विचार करना चाहिए।

# चालक संघ ने काला कानून पर जताया आपत्ति, चालकों का हड़ताल जारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा–लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र में भारी वाहनों का परिचालन ठप सा हुआ है। चालक संघ ने किया आवाहन काला कानून में नही होगा संशोधन तो वाहनों का परिचालन अनिश्चित काल के लिए ठप रहेगा। विदित हो कि केंद्र सरकार ने बढ़ते दुर्घटना पर अंकुश लगाने को लेकर परिवहन नियम में संशोधन करते हुए बड़ी एलान किया है। जिसके तहत किसी चालक से सड़क दुर्घटना होता है और किसी प्रकार की आर्थिक क्षति सहित जानमाल की नुकसान हो तो ऐसे स्थिति में उस चालक से आर्थिक नुकसान एवं मृत परिजनों को सहयोग के रूप में चालक से जुर्माना वसूली जाएगी। जिसको लेकर भारी वाहन चालक संघ द्वारा पारित कानून का निंदा करते हुए संशोधन करने के लिए केंद्र सरकार को समय देते हुए तीन जनवरी तक हड़ताल पर सभी चालक चले गए हैं। यह आलम यह कि किसी राज्य या जिला का नही बल्कि पूरे देश में वाहन परिचालन को चालक संघ द्वारा ठप कर दिया है। जिससे देश के अर्थ व्यवस्था कमजोर हो और केंद्र सरकार को बाध्य हो चालकों लिये बना काला कानून पर संशोधन के लिये विचार कर सके लेकिन कहीं न कहीं सरकार द्वारा लागू कानून से दुर्घटना नियंत्रण होने पर सहमति जताया जा रहा है?। जबकि हड़ताल सफल बनाने को लेकर सेन्हा जंगल के समीप चालक संघ भारी वाहन परिचालन ठप करने के लिए उतरा सड़क पर थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने लिया जायजा यूनियन ने कहा हमलोग लागू कानून के विरोध में शान्ति पूर्ण रूप से पालन करवा रहें है। किसी प्रकार से पथ जाम या किसी को नुकसान पहुंचाने का कार्य नही किया जाएगा।

## चलते चलते एक नजर

### नावाडीह में किया गया मेंस पार्लर का उद्घाटन



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर प्रखंड के अन्नराज नावाडीह मुख्य मार्ग स्थित सत्यम मेंस पार्लर का उद्घाटन एआईएमआईएम पार्टी के पूर्व प्रत्याशी गढ़वा जिला प्रभारी डॉ. एमएन खान के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर डा. खान ने कहा कि इस क्षेत्र में मेंस पार्लर की अत्यंत आवश्यकता थी। इस पार्लर को खुल जाने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी लाभ होगा। उन्हें अब पार्लर के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में इस क्षेत्र के लोगों को पार्लर के अभाव में इधर-उधर भटकना पड़ता था। अब यह समस्या लोगों के लिए दूर हो गई है। इस अवसर पर उदित ठाकुर, कमलेश कुमार, पप्पू ठाकुर, सुरेंद्र यादव, एनुअल अंसारी, शमीम अंसारी, चंदन कुमार, तनवीर, महबूब, अयूब अली, इस्लाम, रफीक, तबारक, शेर मोहम्मद, बबन ठाकुर, अनुज कुमार, आफताब आलम आदि उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव में अपना दल (एस) कायम रखेगा जीत का रिकार्ड : अनुप्रिया पटेल

**लखनऊ :** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की एक बैठक में कहा कि लोकसभा के आगामी चुनाव में पार्टी अपनी जीत का रिकार्ड सौ फीसदी कायम रखेगी। नव वर्ष में इस दिशा में कदम बढ़ा दिए गए हैं। अपना दल (एस) सत्तारूढ़ भाजपा-नीत राजग का घटक दल है। अनुप्रिया पटेल ने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में नव वर्ष मिलन समारोह एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक में कहा कि किसी भी पार्टी के लिए विधानसभा व लोकसभा में सदस्यों की संख्या काफी मायने रखती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से आप सभी के प्रयास से 2017, 2019, 2022 में निरंतर सफलता का प्रतिशत बड़ा है, उसी तरह 2023 के उपचुनाव में भी आपके प्रयास से पार्टी ने सौ फीसद जीत का रिकार्ड कायम रखा। उपचुनाव में दोनों सीटों पर पार्टी ने दमदारी से चुनाव लड़ा और शानदार जीत दर्ज करायी। इसमें रामपुर के स्वार विधानसभा का उपचुनाव इतिहास के पन्ने में दर्ज हो गया। उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) एक वैचारिक पार्टी है। विचारधारा की लड़ाई को वही आगे बड़ा सकता है, जो स्वयं विचारधारा में विश्वास रखता हो। राजनीति में धैर्य की बहुत जरूरत होती है। हमारी पार्टी में तमाम ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अपने खून-पसीने से सींच कर संगठन को इस मुकाम तक पहुंचाया है। जो लाभ के लिए व्याकुल होते हैं वह लंबा सफर तय नहीं कर पाते।

# रंजीत, फिरोज व निलेश ने छोड़ा पलामू चैंबर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** रंजीत कुमार मिश्रा,फिराजुद्दीन अंसारी व निलेश चंद्रा ने पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज को अलविदा कह दिया। संयुक्त रूप से तीनों ने कहा की पलामू चैंबर में योगदान करने के पश्चात समय देते रहे। इस बीच जन कल्याण एवं व्यापारियों के हित में दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान के सामने असंवैधानिक तरीके से गाड़ियों का अवैध पार्किंग,बाजार क्षेत्र में जल सुलभ करने के लिए संबद्ध विभागों पर नियम संगत दबाव, सड़कों को जाम से मुक्ति,निर्विवाध बिजली आपूर्ति आदि को लेकर हम सब सतत प्रयत्नशील रहे। लेकिन चैंबर द्वारा उचित माहौल महसूस नहीं होने के कारण विगत तीन माह पूर्व ही हम लोग पलामू चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज को छोड़ चुके हैं। वर्तमान में अब इस संस्था से कोई लेना देना नहीं है। हम सब वर्तमान में एक राज्य स्तरीय व्यावसायिक संस्था फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के साथ जुड़ चुके हैं। जो भी युवा व्यापारी सामाजिक हित में रुचि रखते हैं, वे हमारे टीम के साथ जुड़ते जा रहे हैं। अभी तक लगभग 100 की संख्या में सदस्य बन चुके हैं। जिसका आने वाले 21 जनवरी को चुनाव कराकर कार्यकारिणी की घोषणा कर दी जाएगी। हमारा टीम आज भी सक्रिय रूप से कम कर रहा है। 23 दिसंबर को उपायुक्त से जाकर रोड से सटे हुए पेड़ एवं खंभे जैसे अतिक्रमण से मुक्ति के लिए आग्रह किया था। उस पर उपायुक्त द्वारा कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन द्वारा मायकिंग कर रोड अतिक्रमण मुक्त रखने का आवाहन भी किया गया है। पलामू के सभी व्यापारी को कहना चाहता हूं कि चाहे वह हमारा सदस्य हो अन्यथा नहीं हो उनको प्रशासनिक या संबंधित किसी भी विभाग द्वारा नाजायज तरीके से अगर परेशान किया जा रहा है, चाहे वह बिजली विभाग हो, निगम हो पुलिस हो, कानूनी, किसी भी तरह का भी समस्या से परेशान हो तो हम लोग की जानकारी में आने के बाद निश्चित रूप से हमारा टीम उनके हित में सफल प्रयास करेगा। हमारे टीम में व्यापारी के साथ जीएसटी, क्रिमिनल, सिविल सभी क्षेत्र के अधिवक्ता भी हैं। जिससे संबंधित विभाग से उचित मार्गदर्शन मांग एवं लड़ाई के लिए पीछे नहीं रहेंगे। आने वाले समय में शहर के सभी वार्ड में फिर आसपास के ग्रामीण बाजार क्षेत्र में पहुंचने का प्रयास करेंगे।



### सबों को बधाई : आनंद शंकर



पलामू चैम्बर के अध्यक्ष आनंद शंकर ने कहा कि व्यवसाईयों के हित में कार्य करने वाले सभी संस्थाओं को मेरी शुभकामनाएं है। अभी तक पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से इनकी सदस्यता समाप्त करने हेतु इन लोगों द्वारा इस्तीफा आया नहीं है। आएगा तो स्वीकार कर लिया जाएगा।

### भारत न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक बुधवार को

**नई दिल्ली :** भारत न्याय यात्रा की तैयारी के लिए कांग्रेस पार्टी ने बुधवार की सुबह 11 बजे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय में महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे। भारत न्याय यात्रा के दौरान लगभग 6,200 किलोमीटर की दूरी तय की जायेगी। यात्रा ज्यादातर बस से होगी, लेकिन कहीं-कहीं पदयात्रा भी होगी। भारत न्याय यात्रा का मुख्य विषय संविधान को बचाना है। 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले बस द्वारा दो महीने तक प्रतिदिन औसतन 120 किमी की दूरी तय की जाएगी।

# जायंट्स ग्रुप ने ग्रामीण क्षेत्र डोल में किया कंबल का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा द्वारा सुदूर ग्रामीण क्षेत्र डोल में आदिवासी, पिछड़ों एवं दलितों के बीच कंबल तथा गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जायंट्स गढ़वा के अध्यक्ष कमलेश गुप्ता उर्फ पिंटू बाबू ने की।मौके पर रेड क्रॉस गढ़वा के चेयरमैन डॉ. एमपी गुप्ता, सचिव डॉ. जेपी सिंह भी उपस्थित थे। पदाधिकारीयों ने कहा कि जायंट्स द्वारा ठंड के मौसम में कंबल एवं गर्म कपड़ों का वितरण हर वर्ष किया जाता है। इस बार दिल्ली निवासी श्री बचित्तर सिंह बग्गा, जायंट्स अध्यक्ष कमलेश गुप्ता, फेडरेशन पदाधिकारी मनोज केसरी, फेडरेशन पुर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं जायंट्स के निवर्तमान अध्यक्ष ध्रुव केसरी के द्वारा विशेष सहयोग किया गया है। डोल जैसे सूदूर ग्रामीण क्षेत्र में कार्यक्रम की व्यवस्था विनोद कुमार गुप्ता के द्वारा किया गया । मौके पर वन भोज भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर अलखनाथ पांडेय, नंदकुमार गुप्ता, मनोज केसरी, राकेश बाबू सर्राफ, रविंद्र जायसवाल, दीपक तिवारी, संतोष मेहता, रविंद्र केसरी, मंदीप प्रसाद, मोजीबुद्दीन खान, अशोक केसरी, सुनील अग्रवाल, अशोक विश्वकर्मा, लखन बाबु सर्राफ, अरुण सोनी, विजय केशरी आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# कसौधन वैश्य महिला मंच द्वारा किया गया छह यूनिट रक्तदान


प्रभात मंत्र संवाददाता




**गढ़वा :** कसौधन वैश्य समाज महिला मंच द्वारा अध्यक्ष शोभा कश्यप के जन्मदिन पर स्थानीय ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर छह यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर अध्यक्ष शोभा कश्यप ने कहा कि जन्मदिन पर रक्तदान करने पर मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। उन्होने कहा कि अपना दूसरा रक्तदान कर समाज की महिलाओ को जागरूक करते हुए और तीन महिलाओं से प्रथम बार रक्तदान करवाया। साथ ही दो युवाओ के द्वारा भी मौके पर रक्तदान किया गया। उन्होने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि समाज की महिलाएं मेरे हौसला को बढ़ाने के लिए अच्छी संख्या में उपस्थित हुई हैं। जिन युवा बच्चियों ने मेरे प्रेरणा से रक्तदान किया है उन्हें मैं बधाई देती हूं। इस मौके पर अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि हमने महिला समाज का गठन किया वह आज महिलाओं की जागरूकता से आज सफल होते दिखाई दे रहा है। समाज की महिलाओं ने जिस जागरूकता से आज ब्लड डोनेशन किया है यह मिशाल है। उन्होने कहा कि आप रक्तदान कर किसी का जीवन भी बचा सकते हैं। रक्तदान करने से किसी तरह की कोई हानि नहीं है। रक्तदान करने वालों में शोभा कश्यप, दीक्षा कुमारी, ट्विंकल कश्यप, रुचि कुमारी, छोटू कुमार, संजय कुमार के नाम शामिल हैं। मौके पर सचिव संतोष, अर्चना कश्यप, नमिता कश्यप, ममता कश्यप, कंचन कश्यप, प्रीति रानी, सीमा कश्यप, उषा कश्यप, प्रमिला कश्यप, नीलम कश्यप, सुधा कश्यप, रुचि, ट्विंकल, मुस्कान, रंजित कश्यप, उत्तम कश्यप् आदि उपस्थित थे।

# इस साल 2024 में भारत में न तो सूर्यग्रहण दिखेगा और न चंद्रग्रहण

एजेंसी



**भोपाल :** इस साल 2024 में वैसे तो विश्व में दो सूर्यग्रहण और दो चंद्रग्रहण की खगोलीय घटनाएं होंगी, लेकिन इस कैलेंडर वर्ष में भारत के भूभाग पर न तो सूर्यग्रहण दिखाई देगा और न ही चंद्रग्रहण दिखेगा। अब भारत में अगला चंद्रग्रहण 7 सितंबर, 2025 को और आंशिक सूर्यग्रहण 2 अगस्त, 2027 को देख पाएंगे। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने मंगलवार को बताया कि इस साल 2024 में दो सूर्यग्रहण और दो चंद्रग्रहण होंगे, लेकिन इनमें से तीन ग्रहण सम्पूर्ण भारत में नहीं दिखाई देंगे। केवल 18 सितंबर को सुबह पश्चिमी भारत के कुछ नगरों में कुछ मिनट के लिए उपछाया चंद्रग्रहण होगा। उपछाया ग्रहण को न ही देखा जा सकता है और न ही इसकी धार्मिक मान्यता बताई गई है। इसीलिए 2024 भारत के लिए ग्रहणविहीन साल होगा। सारिका घारू ने बताया कि सूर्य की परिक्रमा करते हुए पृथ्वी और पृथ्वी की परिक्रमा करते हुए चंद्रमा के एक कतार में आ जाने से दिखने वाली खगोलीय घटना का कोण इस प्रकार होगा कि इसे भारतीय भू भाग से नहीं देखा जा सकेगा। सूर्यग्रहण की घटना तब हो रही होगी, जब भारत में रात होगी तो वहीं चंद्रग्रहण की घटना के समय भारत में दिन निकल चुका होगा। उन्होंने बताया कि बताया कि एक साल में चार से लेकर सात तक ग्रहण हो सकते हैं, जिनमें एक साल में दो से लेकर पांच तक सूर्यग्रहण हो सकते हैं। चंद्रग्रहण भी एक साल में दो से लेकर पांच तक हो सकते हैं। आमतौर पर एक साल में दो सूर्यग्रहण और दो चंद्रग्रहण होते हैं, लेकिन पृथ्वी के किसी एक भूभाग या देश से कितने ग्रहण दिखेंगे, यह हर बार बदलता रहता है। अब भारत में अगला चंद्रग्रहण 7 सितंबर, 2025 को और आंशिक सूर्यग्रहण 2 अगस्त, 2027 को देख पाएंगे।

### ज्ञानवापी मामला : सुप्रीम कोर्ट में एक और अर्जी, सील वजूखाना साफ कराने की मांग

**नई दिल्ली :** ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट में एक और अर्जी दाखिल की गई है। हिंदू पक्ष ने इस याचिका में सर्वे के दौरान मिले कथित शिवलिंग वाले सील वजूखाने को साफ कराने की मांग की गई है। हिन्दू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन की ओर से दाखिल अर्जी में मांग की गई है कि वाराणसी के जिला मजिस्ट्रेट को आदेश जारी किया जाए कि वो टैंक की सफाई कराए। अर्जी में कहा गया है कि मई, 2022 से मुस्लिम पक्ष के वजूखाने की सफाई नहीं हुई है, जिसकी वजह से पिछले साल 20 से 25 दिसंबर के बीच मछलियों की मौत हो गई। इस वजह से वजूखाना में सर्वे में मिला कथित शिवलिंग अपवित्र हो गया है। यह हिन्दू धर्म की आस्था के विपरीत है, ऐसे में टैंक की सफाई का आदेश दिया जाए। याचिका के मुताबिक जब इस मामले में हिंदू पक्ष की तरफ से मछलियों को वजूखाने से ट्रांसफर करने के लिए वाराणसी की सिविल कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई थी।

# अंतर स्कूल बालिका वर्ग की प्रतियोगिता शुरु

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गढ़वा :** जिला स्तरीय अन्तर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को बालिका वर्ग के मैच का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मैच में आरके पब्लिक स्कूल ने बीएनटीसंत मैरी को नौ रनों से वहीं दूसरे मैच में ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम ने राम साहू उच्च विद्यालय की टीम को 94 रनों से हराकर अपने पूरे अंक अर्जित किया। मैच का उद्घाटन प्रतियोगिता के संरक्षक संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सुशील केशरी आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। आ र के पब्लिक ने टॉस जीतकर बीएनटी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बीएनटी ने खुशी के 27 और ऋषिका के 17 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवर में तीन विकेट खोकर 85 रन बनाया। आरके पब्लिक की ओर से अंश ने दो विकेट प्राप्त की विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी आरके पब्लिक स्कूल की टीम ने साक्षी के 31 ओर कशिश के 18 रनों के सहयोग से एक विकेट खोकर चार गेंद शेष रहते विजय लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। वहीं एक अन्य मैच में ज्ञान निकेतन बेलचंपा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिमरन के विस्फोटक अर्धशतक 85 रन और सुहानी के 28 रनों सहयोग से बिना विकेट खोए 154 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी रामा साहू की टीम 60 रन पर ही सिमट गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरके पब्लिक की साक्षी कुमारी और ज्ञान निकेतन की सिमरन को दिया गया। मौके पर पूर्व खिलाड़ी सह शिक्षक मनोज कुमार चौधरी, संदीप गुप्ता, सुशील कुमार, अशोक कुमार दुबे, आशुतोष रंजन मनोज तिवारी, प्रिंस खान आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छ भारत मिशन हमारी प्राथमिकता : धामी



एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से 'स्वच्छ भारत मिशन' के अन्तर्गत देहरादून शहर में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए 58 डोर-टू-डोर वाहनों का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर उन्होंने सेग्रिगेशन पर आधारित गीत का विमोचन भी किया।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि इन वाहनों की उपलब्धता से नगर निगम को अपशिष्ट प्रबंधन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में स्वच्छता की दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन में हम सबको अपना पूरा योगदान देना है। स्वच्छ और सुन्दर दून के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। लोगों में स्वच्छता के प्रति तेजी से जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान निरन्तर चलाये जाएं। मुख्यमंत्री ने जिन 58 डोर-टू-डोर वाहनों का फ्लैग ऑफ किया उनसे नगर निगम देहरादून के सात विधानसभा क्षेत्रों राजपुर, रायपुर, डोईवाला, धर्मपुर, सहसपुर, मसूरी एवं देहरादून कैंट क्षेत्र से अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य किया जायेगा। डोर-टू-डोर कूड़ा एकत्रीकरण की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 3.98 करोड़ रुपये की धनराशि से स्पेशल असिस्टेंश स्कीम में नगर निगम द्वारा ये 58 वाहन क्रय किये गये हैं।

इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक विनोद चमोली, उमेश शर्मा काऊ, खजान दास, सविता कपूर, निवर्तमान मेयर सुनील उनियाल गामा, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, नगर आयुक्त देहरादून गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त वीर सिंह बुदियाल एवं नगर निगम देहरादून के अधिकारी उपस्थित थे।

# अभूतपूर्व होगा रामलला का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह : योगी

एजेंसी

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को अलौकिक, अभूतपूर्व और अविस्मरणीय बनाने के लिए राज्य सरकार के स्तर से सभी आवश्यक प्रबन्ध करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आज पूरी दुनिया अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है। हर कोई अयोध्या आना चाहता है। पूरा देश राममय है। यह उत्तर प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग का सुअवसर भी है। मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में संचालित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान कहा कि अवधपुरी में भव्य-दिव्य श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर निर्माण में श्रीरामलला के विराजमान होने की बहुप्रतीक्षित साध पूरी होने में अब कुछ ही दिवस शेष हैं। यह श्रीराममंदिर राष्ट्रमन्दिर के रूप में भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक एकता का प्रतीक होगा।उन्होंने कहा है कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आने वाले अतिथियों तथा उसके बाद पर्यटकों, श्रद्धालुओं के आगमन को सुखद, संतोषप्रद अनुभव के लिए राज्य सरकार कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। जन सहयोग से अयोध्या नगरी सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता का मानक होगी। प्राण प्रतिष्ठा का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सभी करोड़ों सनातन आस्थावानों के लिए हर्ष-उल्लास, गौरव और आत्मसंतोष का अवसर है। पूरा देश राममय है। 22 जनवरी को सायंकाल हर मंदिर में दीपोत्सव मनाया जाएगा। हर सनातन आस्थावान अपने घरों, प्रतिष्ठानों में रामज्योति प्रज्वलित कर रामलला का स्वागत करेगा। यह सब अभूतपूर्व है। भावुक करने वाला है।

**मुख्यमंत्री का निर्देश अयोध्या की सुरक्षा और स्वच्छता से समझौता नहीं**



### यूपी के ग्लोबल ब्रांडिंग का अवसर है प्राण प्रतिष्ठा

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम उस प्रदेश में निवासरत हैं, जहां प्रभु श्रीराम ने अवतार लिया। पूरी दुनिया आज अयोध्या की ओर उत्सुकता से देख रही है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही उत्तर प्रदेश की ग्लोबल ब्रांडिंग के लिए सुअवसर मिला है। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत हर दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पर्यटक अवधपुरी आएंगे। उत्तर प्रदेश आगमन पर उन्हें अलौकिक अनुभूति हो, इसके लिए उत्कृष्ट आतिथ्य की सभी व्यवस्थाएं की जाएं।

### प्राण प्रतिष्ठा में आने वाले अतिथियों का होगा भव्य स्वागत

उन्होंने कहा कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में पूरे देश से गण्यमान्य जनों का आगमन हो रहा है। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर पूरी अवधपुरी की भव्य साज-सज्जा की जानी चाहिए। श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय बनाते हुए यातायात प्रबंधन, प्रोटोकॉल के अनुरूप अतिथियों के स्वागत-सत्कार हेतु सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएं। आतिथ्य-सत्कार में स्वच्छता एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। सभी को इस पर काम करना होगा। जनसहयोग लें। अतिरिक्त मैनपॉवर तैनात करें। मुख्य मार्ग हो या गलियां, धूल न उड़े, गंदगी न हो। जगह-जगह कूड़ेदान रखे हों। वेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था हो।